रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, बुधवार 21 अगस्त 2024 ● भाद्रपद कृष्ण पक्ष 02, संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 8 ● वर्ष : 2, अंक : 133

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

**कोलकाता ट्रेनी डॉक्टर हत्याकांड**




**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 32.5 | 36.1 |
| जमशेदपुर | 35.1 | 25.0 |
| डालटनगंज | 34.4 | 25.7 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* *

# देरी, लापरवाही और फिर लीपापोती...

**सुप्रीम कोर्ट ने ममता सरकार, पुलिस व अस्पताल प्रबंधन को लगाई फटकार**

## ट्रेनी डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या मामले पर सुप्रीम कोर्ट का संज्ञान, कहा- मेडिकल कॉलेज में जैसी बर्बरता हुई, उससे पूरा देश हिल गया

**सीबीआई से कल तक स्टेटस रिपोर्ट मांगी**

सुप्रीम कोर्ट ने कोलकाता दुष्कर्म और हत्या मामले में स्वत: संज्ञान लेते हुए मंगलवार को सुनवाई की. सीजेई डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ ने ममता बनर्जी सरकार से लेकर पुलिस और अस्पताल प्रशासन पर सवाल उठाते हुए फटकार लगाई. पीठ ने सुनवाई की लाइव स्ट्रीमिंग की और सीबीआई से गुरुवार तक स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने के लिए कहा. यानी सीबीआई को अपनी जांच और आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भीड़ के हमले की जांच की प्रगति पर 22 अगस्त तक स्टेटस रिपोर्ट अदालत को सौंपना होगा. पीठ ने कार्यस्थल पर डॉक्टरों की सुरक्षा पर विचार करने के लिए नेशनल टास्क फोर्स का गठन किया है, जो कि सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए देश भर में अपनाए जाने वाले तौर-तरीकों से अदालत को अवगत कराएगा.

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में ट्रेनी महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या की घटना को सुप्रीम कोर्ट ने भयावह बताया. मामले पर स्वतः संज्ञान लेते हुए शीर्ष अदालत ने मंगलवार को सुनवाई के दौरान कहा कि यह घटना देश भर में चिकित्सकों की सुरक्षा के संबंध में व्यवस्थागत मुद्दे को उठाती है. अदालत ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करने में देरी को लेकर पश्चिम बंगाल सरकार को फटकार भी लगायी.

सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन जजों को पीठ ने कहा कि अगर महिलाएं काम पर नहीं जा पा रही हैं और काम करने की स्थितियां सुरक्षित नहीं हैं, तो हम उन्हें समानता से वंचित कर रहे हैं. पीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे. सुप्रीम कोर्ट ने बलात्कार-हत्या मामले में प्राथमिकी दर्ज करने में देरी को लेकर पश्चिम बंगाल सरकार से पूछा कि अस्पताल के पदाधिकारी क्या कर रहे थे? पीठ ने कहा कि ऐसा लगता है कि अपराध का पता सुबह-सुबह ही चल गया था, लेकिन मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य ने इसे आत्महत्या बताने की कोशिश की.



कोलकाता कांड की सुनवाई करती सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की पीठ.

### सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी और सवाल

- मेडिकल कॉलेज में जैसी बर्बरता हुई, उससे पूरा देश हिल गया है.
- **पीड़िता का नाम और तस्वीरें जाहिर कर उसकी गरिमा के साथ खिलवाड़ हुआ.**
- एफआईआर दर्ज होने में देरी क्यों हुई?
- **शव सौंपने के तीन घंटे 45 मिनट बाद एफआईआर क्यों?**
- माता पिता नहीं थे, तो अस्पताल प्रबंधन की जिम्मेदारी थी कि एफआईआर दर्ज कराएं?
- **पुलिस ने क्राइम सीन को प्रोटेक्ट क्यों नहीं किया?**
- क्राइम सीन पर हजारों लोगों को क्यों आने दिया?
- **क्या पीड़िता के माता पिता को देर से सूचना दी गई?**
- पीड़िता के माता पिता को शव सौंपने में देरी क्यों की गई?
- **प्रिंसिपल को दूसरे कॉलेज में ज्वाइन क्यों कराया गया?**

**सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने चिंता जताई**

- हम डॉक्टरों, खास कर युवा और महिला डॉक्टरों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं.
- **हम पीड़िता की पहचान उजागर होने को लेकर चिंतित हैं.**
- पीड़िता की तस्वीर और पोस्टमार्टम के बाद उसकी बॉडी दिखाना चिंताजनक है.
- **पीड़िता की तस्वीर और नाम सोशल मीडिया पर प्रसारित होना चिंतनीय है.**

### हजारों लोगों की भीड़ अस्पताल में कैसे घुसी?

पीठ ने कोलकाता पुलिस को भी फटकार लगायी और पूछा कि हजारों लोगों की भीड़ आरजी कर मेडिकल कॉलेज में कैसे घुसी? अदालत ने सरकार से पूछा कि जब आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के प्राचार्य का आचरण जांच के घेरे में है, तो उन्हें तुरंत किसी दूसरे कॉलेज में कैसे नियुक्त कर दिया गया? कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार को प्रदर्शनकारियों पर बल का प्रयोग नहीं करना चाहिए, क्योंकि यह राष्ट्रीय संशुद्धि का वक्त है. अदालत ने कहा कि ज्यादातर युवा डॉक्टर 36 घंटे काम करते हैं और कार्य स्थल पर सुरक्षित स्थितियां सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय प्रोटोकॉल बनाने की जरूरत है. सुप्रीम कोर्ट ने प्रदर्शनरत चिकित्सकों से काम पर लौटने की अपील करते हुए कहा कि उनकी चिंता को बहुत गंभीरता से लिया जा रहा है.

### अदालत ने टास्क फोर्स गठित किया

सुप्रीम कोर्ट ने चिकित्सकों और स्वास्थ्य पेशेवरों की सुरक्षा तथा सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए मंगलवार को नौ सदस्यीय टास्क फोर्स का गठन किया है. यह टास्क फोर्स तीन सप्ताह के भीतर अपनी अंतरिम रिपोर्ट और दो महीने के भीतर अंतिम रिपोर्ट अदालत को सौंपेगा. सीजेआई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि महिला चिकित्सकों की रक्षा करना राष्ट्रीय हित का मामला है. जमीनी स्तर पर चीजें बदलने के लिए देश एक और दुष्कर्म की घटना का इंतजार नहीं कर सकता. अदालत ने कहा कि चिकित्सा पेशेवरों की सुरक्षा के लिए कानून हैं, लेकिन इसे बेहतर बनाने की जरूरत है.

### टास्क फोर्स में कौन-कौन होंगे?

सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित टास्क फोर्स में सर्जन वाइस एडमिरल आरके सरीन, एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ नेशनल गैस्ट्रोलॉजी के प्रबंध निदेशक डॉ डी नागेश्वर रेड्डी, एम्स दिल्ली के निदेशक डॉ एम श्रीनिवास, निमहंस, बेंगलुरु की डॉ प्रतिमा मूर्ति, एम्स जोधपुर के डॉ. गोवर्धन दत्त पुरी, गंगाराम हॉस्पिटल के डॉ सौमित्र रावत, एम्स, दिल्ली की प्रो अनीता सक्सेना, मुंबई मेडिकल कॉलेज की प्रो डॉ पल्लवी सैपले, जेजे ग्रुप अस्पताल और पारस हॉस्पिटल, गुरुग्राम की चेयरपर्सन न्यूरोलॉजी डॉ पद्मा श्रीवास्तव शामिल हैं. केंद्र सरकार के कैबिनेट सचिव और गृह सचिव पदेन सदस्य होंगे.

## दुष्कर्म के 32 साल पुराने मामले में छह को उम्रकैद

**एजेंसी। जयपुर**

अजमेर की एक विशेष अदालत ने 1992 के बहुचर्चित ब्लैकमेल व दुष्कर्म कांड में छह शेष आरोपियों को दोषी करार देते हुए मंगलवार को उम्र कैद की सजा सुनाई. इस बहुचर्चित कांड में अजमेर शहर की 100 से अधिक लड़कियों का यौन शोषण किया गया था. अभियोजन पक्ष के वकील वीरेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की सुनवाई पॉक्सो कोर्ट में हो रही थी. न्यायाधीश रंजन सिंह ने छह आरोपियों को अपराध में शामिल होने का दोषी ठहराया और फैसला सुनाया. अदालत ने नफीस चिश्ती, नसीम उर्फ टार्जन, सलीम चिश्ती, इकबाल भाटी, सोहेल गनी और सैयद जमीर हुसैन सहित प्रत्येक आरोपी पर पांच-पांच लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया. उल्लेखनीय है कि 1992 के इस बहुचर्चित प्रकरण में लड़कियों की अश्लील तस्वीरें खींच कर उन्हें ब्लैकमेल किया गया था. पुलिस के अनुसार इन तस्वीरों को सार्वजनिक करने की धमकी देकर 100 से अधिक लड़कियों का यौन शोषण किया गया. मामले में अजमेर के एक मशहूर निजी स्कूल में पढ़ने वाली छात्राओं को फार्म हाउस में बुलाया जाता था जहां उनके साथ दुष्कर्म किया जाता.

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 67,500 |
| चांदी (किलो) | 87,000 |

### ब्रीफ खबरें

#### कश्मीर में पहले चरण के चुनाव की अधिसूचना जारी

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर में तीन चरणों में होने वाले विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी. यहां पहले चरण में 24 सीटों पर 18 सितंबर को मतदान होगा. अधिसूचना जारी होने के साथ ही प्रत्याशियों के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है. पहले चरण के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 27 अगस्त है, जबकि नामांकन पत्रों की जांच 28 अगस्त को होगी.नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 30 अगस्त है.

#### केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 27 तक बढ़ी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने कथित आबकारी नीति घोटाले के सिलसिले में सीबीआई द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार के एक मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत की अवधि मंगलवार को 27 अगस्त तक बढ़ा दी. विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने आप के नेता केजरीवाल की न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने पर, उन्हें वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अदालत के समक्ष पेश किए जाने के बाद उनकी हिरासत अवधि 27 अगस्त तक बढ़ा दी.

#### एमपी में सड़क हादसा सात लोगों की मौत

**छतरपुर।** मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में मंगलवार सुबह एक ऑटो-रिक्शा सड़क के किनारे खड़े ट्रक से टकरा गया. इस हादसे से एक वर्षीय बच्चे समेत सात लोगों की मौत हो गई, जबकि छह अन्य लोग घायल हो गए. यह दुर्घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र में उस समय हुई, जब ऑटो-रिक्शा सुबह करीब पांच बजे खजुराहो-झांसी राजमार्ग पर बागेश्वर की ओर जा रहा था. एसपी अगम जैन ने बताया कि ऑटो-रिक्शा में 13 लोग सवार थे.

#### बदलापुर प्रदर्शन: 10 ट्रेनों का मार्ग बदला

**मुंबई।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक स्कूल में दो बच्चियों के साथ कथित यौन उत्पीड़न की घटना को लेकर बदलापुर स्टेशन पर रेल रोको प्रदर्शन की वजह से लंबी दूरी की 10 ट्रेन के मार्ग में बदलाव किया गया है. मध्य रेलवे ने यह जानकारी दी.

**बैकफुट पर चंपाई सोरेन! कहा- गुरुजी मेरे लिए भगवान से बढ़ कर**

# दिल्ली में किसी भाजपा नेता से मुलाकात नहीं हुई

**कौशल आनंद। रांची**

झारखंड की सियासी फिजा में तीन दिनों से जारी राजनीतिक उठापठक और उहापोह से अब पर्दा उठता नजर आ रहा है. पूर्व सीएम एवं मंत्री चंपाई सोरेन द्वारा मंगलवार को दिया गया बयान गौर करने लायक है. चंपाई ने दिल्ली में मीडिया द्वारा पूछे गये सवाल के जवाब में उन्होंने कहा है कि दिल्ली में किसी भी भाजपा नेता से उनकी मुलाकात नहीं हुई. हम अपने निजी काम से दिल्ली आये थे.

जब चंपाई सोरेन से उनके एक्स पर डाले गये पोस्ट के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मुझे पोस्ट करना नहीं आता, उसके लिए लड़का रखे हुए हैं. हां, अपमान हुआ था, लेकिन वो दर्द मेरा निजी है. लेकिन, कभी किसी विधायक को पार्टी छोड़ने या तोड़ने को नहीं कहा. ऐसा करने की मैं सोच भी नहीं सकता. इसके साथ ही चंपाई ने कहा कि शिबू सोरेन मेरे लिए भगवान से बढ़ कर हैं. उनके बारे में किसी के मुंह से कुछ भी गलत नहीं सुन सकता. वहीं, भाजपा ज्वाइन करने के सवाल पर कहा कि कौन ये सब अफवाह फैला रहा है, हमको नहीं पता है. चंपाई के इस बयान से तो यही प्रतीत हो रहा है कि वह बैकफुट पर आ गए हैं, लेकिन फिलहाल, आगे कोई खेल बाकी है या नहीं, यह देखने वाली बात होगी.

**डैमेज कंट्रोल पॉलिसी के तहत चंपाई के करीबी विधायक हेमंत से मिले**



दिल्ली में मीडिया से रू-ब-रू पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन.

### अभी देखिए आगे क्या-क्या होता है : लोबिन

इस पूरे प्रकरण को हवा देने वाले झामुमो के निष्कासित एवं विधानसभा की सदस्यता खो चुके पूर्व विधायक लोबिन हेंब्रम ने कहा कि हां हमने कहा था कि हमलोग जाएंगे, मगर अभी चंपाई दा से बातचीत नहीं हो पायी है. बातचीत होने के बाद ही कुछ कह पाएंगे. खुद के भाजपा में जाने के सवाल पर लोबिन ने कहा कि अभी देखिए आगे क्या-क्या होता है.

### हेमंत से मिले रामदास, मोहंती, कालिंदी व सरदार, लंबी वार्ता हुई

इधर मंगलवार को तेजी से बदलते राजनीतिक घटनाक्रम के बीच चंपाई सोरेन के करीबी घाटशिला विधायक रामदास सोरेन, बहरागोड़ा विधायक समीर मोहंती, जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी और पोटका विधायक संजीव सरदार रांची स्थित मुख्यमंत्री निवास में सीएम हेमंत सोरेन से मिले. इनके बीच करीब दो घंटे से अधिक समय तक वार्ता हुई. विधायकों ने दोपहर का भोजन भी मुख्यमंत्री आवास पर सीएम हेमंत के साथ ही किया.

#### विधायकों ने कहा- झामुमो से बाहर जाने का सवाल ही नहीं

मुख्यमंत्री निवास से वार्ता के बाद विधायकों ने एक स्वर में कहा कि झामुमो से बाहर जाने का सवाल ही नहीं उठाता है. विधायक समीर मोहंती ने कहा कि हम मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ है. उनके अलावा झामुमो के अन्य तीन विधायकों की भी सीएम के साथ बातचीत हुई. उन्होंने कहा कि मेरी कभी भी भाजपा के साथ जाने की बात नहीं हुई थी. चंपाई सोरेन कहां जा रहे हैं, क्या कर रहे हैं, यह उनका निजी फैसला है. मुझे इससे कुछ लेना देना नहीं है. वहीं, रामदास सोरेन ने कहा कि वह अपने क्षेत्र की समस्या को लेकर मुख्यमंत्री से मिलने आए थे. उन्होंने भी कहा कि झामुमो से बाहर जाने का सवाल ही नहीं उठाता है.

### मोदी व राहुल ने राजीव गांधी को श्रद्धांजलि दी



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की. मोदी ने ''एक्स'' पर एक पोस्ट में कहा, उनकी जयंती को सद्भावना दिवस के रूप में मनाया जाता है. वहीं, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती के अवसर पर कहा कि वह उन सपनों को पूरा करेंगे, जो उनके पिता ने भारत के लिए देखे थे. उन्होंने वीर भूमि जाकर राजीव गांधी की समाधि पर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए.

## भारत बंद आज, झामुमो कांग्रेस व राजद का समर्थन

**विशेष संवाददाता। रांची**

- एसटी-एससी आरक्षण में क्रीमी लेयर का हो रहा विरोध

आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति द्वारा एसटी-एससी आरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के खिलाफ बुधवार को भारत बंद का ऐलान किया गया है. बंदी सुबह छह बजे से रात्रि आठ बजे तक रहेगी.


मालूम हो विगत दिनों सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकारों को एसटी-एससी आरक्षण में क्रीमी लेयर बनाने को कहा था. इस फैसले के खिलाफ देशभर में कई राजनीतिक दल, सामाजिक संगठनों एवं बहुसंख्यक समाज लोगों के बीच आक्रोश है. भारत बंद का झारखंड में भी विभिन्न राजनीतिक दलों एवं संगठनों ने समर्थन किया है. झामुमो ने भारत बंद का सक्रिय रूप से समर्थन देने का निर्णय लिया है. पार्टी महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का निर्णय एसटी-एससी वर्ग के उत्थान एवं मजबूती के मार्ग में बाधक है. उन्होंने पार्टी के केंद्रीय समिति के पदाधिकारियों, जिला अध्यक्ष, जिला सचिवों एवं जिला संयोजकों को निर्देश दिया है कि बंद में शामिल होकर सक्रिय रूप से इसका समर्थन करें. राजद और कांग्रेस ने भी बंद का समर्थन किया है. प्रदेश राजद महासचिव कैलाश यादव ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर भारत बंद के समर्थन का फैसला लिया गया है.

## कंज्यूमर आईडी से मोबाइल नंबर टैग करा लें

**जरूरी खबर**

**विशेष संवाददाता। रांची**

- एक सितंबर से लगे स्मार्ट मीटर होने शुरू हो जाएंगे प्री-पेड
- जेबीवीएनएल ने व्हाट्स ऐप नंबर 9431135503 जारी किया



जेबीवीएनएल ने रांची शहरी उपभोक्ताओं के लिए एडवाइजरी जारी की है. कहा गया कि रांची शहर में लगे स्मार्ट मीटर एक सितंबर से प्री-पेड मोड पर काम करना शुरू करे देंगे. यानी कि इसके बाद आपको बिजली खपत करने के लिए रिचार्ज कराना होगा. इसलिए हर हाल में निजदीकी बिजली कार्यालय में जाकर अपने कंज्यूमर आईडी से अपना मोबाइल नंबर टैग करा लें, ताकि उपभोक्ताओं को जेबीवीएनएल की नई सेवाएं एसएमएम एवं व्हाट्स ऐप की सुविधा का लाभ मिल सके. इतना ही नहीं जेबीवीएनएल के निकटवर्ती बिजली कार्यालय में उपभोक्ता सिक्यूरिटी डिपॉजिट की रसीद को अपडेट भी करा सकते हैं.


**इनकी ले सकते हैं मदद :** जारी एडवाइजरी में कहा गया कि शहरी क्षेत्र के उपभोक्ता बिजली बिल समेत बिजली संबंधी अन्य जानकारी व्हाट्स ऐप नंबर 9431135503 पर ले सकते हैं. वहीं, जेबीवीएनएल के पास जिन उपभोक्ताओं का रजिस्टर्ड व्हाट्सएप नंबर है, उन्हें व्हाट्स ऐप मैसेज के जरिये इसकी जानकारी दे दी गयी है. किसी भी प्रकार की समस्या होने पर उपभोक्ता टॉल फ्री नंबर 1912 या 18003456570 या 0651-2710002 पर संपर्क कर सकते हैं.

**फैसला** — कार्मिक राज्यमंत्री ने यूपीएससी को लेटरल एंट्री से संबंधित विज्ञापन रद्द करने का निर्देश दिया

# लेटरल एंट्री मामले में सरकार का यू टर्न, विज्ञापन रद्द

- सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने के लिए समीक्षा और सुधार की आवश्यकता

**एजेंसी। नयी दिल्ली**




लेटरल एंट्री के जरिए 45 संयुक्त सचिवों, निदेशकों और उप सचिवों की भर्ती के निर्णय के भारी विरोध के बाद केंद्र सरकार ने यू टर्न ले लिया है. जारी विवाद के बीच सरकार ने मंगलवार को नौकरशाही में लेटरल एंट्री से संबंधित नवीनतम विज्ञापन वापस लेने का यूपीएससी को निर्देश दिया है. यूपीएससी लेटरल एंट्री के जरिए सीधे उन पदों पर उम्मीदवारों की नियुक्ति करता है, जिन पर आईएएस के अधिकारियों की तैनाती होती है. इस व्यवस्था के तहत निजी क्षेत्रों के अलग-अलग पेशे के विशेषज्ञों को विभिन्न मंत्रालयों व विभागों में सीधे संयुक्त सचिव और निदेशक व उप सचिव के पद पर नियुक्त किया जाता है.

केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने यूपीएससी की अध्यक्ष प्रीति सूदन को पत्र लिख कर विज्ञापन रद्द करने को कहा, ताकि कमजोर वर्गों को सरकारी सेवाओं में उनका उचित प्रतिनिधित्व मिल सके. उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए, इस कदम की समीक्षा और सुधार की आवश्यकता है. यह कदम सामाजिक न्याय और सशक्तीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रगति होगा. बता दें कि यूपीएससी ने 17 अगस्त को लेटरल एंट्री के माध्यम से 45 संयुक्त सचिवों, निदेशकों और उप सचिवों की भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की थी.

### भाजपा की साजिशों को नाकाम करेंगे : राहुल

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने लेटरल एंट्री से जुड़ा विज्ञापन निरस्त करने संबंधी केंद्र सरकार के फैसले के बाद मंगलवार को कहा कि वह संविधान और आरक्षण व्यवस्था की हर कीमत पर रक्षा करेंगे तथा भाजपा की लेटरल एंट्री जैसी साजिशों को हर हाल में नाकाम करके दिखाएंगे. राहुल ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, मैं एक बार फिर कह रहा हूं - 50 प्रतिशत आरक्षण सीमा को तोड़ कर हम जातिगत गिनती के आधार पर सामाजिक न्याय सुनिश्चित करेंगे.

### कांग्रेस ने रिजर्वेशन का ध्यान नहीं रखा था : वैष्णव

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कांग्रेस नेताओं से सवाल किया, 2014 से पहले यूपीए की सरकार में रिजर्वेशन के प्रिंसिपल्स का कोई ध्यान नहीं रखा जाता था. फाइनेंस सेक्रेटरी लेटरल एंट्री से लिए जाते थे. डॉ मनमोहन सिंह, डॉ मोंटेक सिंह अहलूवालिया और उससे पहले डॉ विजय केलकर भी लेटरल एंट्री से ही फाइनेंस सेक्रेटरी बने थे. क्या कांग्रेस ने उस वक्त रिजर्वेशन के प्रिंसिपल का ध्यान रखा था? यूपीएससी में लेटरल एंट्री से ट्रांसपेरेंसी लाई जा रही थी.

**ट्राई ने टेलीमार्केटर पर शिकंजा कसा**

## एक सितंबर से अनधिकृत संदेश सेवा प्रसारण पर रोक

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने मंगलवार को बार-बार कॉल कर परेशान करने वाले टेलीमार्केटर पर रुख सख्त अपनाया और दूरसंचार कंपनियों को मैसेजिंग सेवाओं का दुरुपयोग रोकने और उपभोक्ताओं को फर्जीवाड़े से बचाने के लिए विशेष उपाय करने का निर्देश दिया. दूरसंचार नियामक ने यह कहा कि एक सितंबर से सभी दूरसंचार कंपनियों को यूआरएल, ओटीटी लिंक या उन कॉल बैक नंबर वाले संदेशों के प्रसारण से रोक दिया जाएगा, जिन्हें प्रेषकों ने अधिकृत नहीं किया है.

ट्राई ने अनिवार्य किया है कि एक नवंबर से प्रेषक से लेकर प्राप्तकर्ता तक सभी संदेशों के स्रोत का पता लगाया जा सकेगा. इस क्रम में अपरिभाषित या बेमेल टेलीमार्केटर शृंखला वाला कोई भी संदेश अस्वीकार कर दिये जाएंगे. ट्राई का यह कदम इस लिहाज से महत्वपूर्ण है कि नियामक ने दूरसंचार ग्राहकों को प्रचार के लिए कॉल और संदेश भेजने वाले अनधिकृत टेलीमार्केटिंग कंपनियों पर नकेल कसने की दिशा में पहल की है. पिछले सप्ताह ट्राई ने दूरसंचार कंपनियों को स्पैम कॉल करने वाले गैर पंजीकृत टेलीमार्केटर के सभी दूरसंचार संसाधनों का कनेक्शन काटने और दो साल तक के लिए ब्लैक लिस्ट में डालने का निर्देश दिया था. अब ट्राई ने संदेश सेवाओं का दुरुपयोग रोकने और उपभोक्ताओं को धोखाधड़ी के व्यवहार से बचाने के लिए उपायों को लागू करने के निर्देश जारी किए हैं.

▼ ब्रीफ खबरें

## शिवराज और हिमंता 25 को आएंगे रांची

**रांची।** भाजपा के फायरब्रांड नेता सह झारखंड के चुनाव प्रभारी सह केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान 22 अगस्त को रांची आएंगे. वहीं असम के सीएम सह झारखंड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा 25 अगस्त को रांची आएंगे.

## लैंड स्कैम: अमित ने ईडी कोर्ट से मांगी बेल

**रांची।** सेना के कब्जे वाली जमीन के फर्जी दस्तावेज के सहारे खरीद-बिक्री से जुड़े लैंड स्कैम के आरोपी अमित अग्रवाल ने रांची पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) के स्पेशल कोर्ट में जमानत की गुहार लगाई है. ईडी ने इस संबंध में कांड संख्या 01/2023 दर्ज किया है. दरअसल लैंड स्कैम की अब तक की जांच में अमित अग्रवाल, दिलीप घोष, रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, बड़ागाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, कथित रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान व मोहम्मद सद्दाम की गिरफ्तारी हो चुकी है. सभी आरोपी फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं.

## मुन्ना और शाहजादा को उम्र कैद की सजा

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट ने तमजीद अंसारी हत्याकांड के दोषियों मुन्ना बंगाली और मोहम्मद शाहजादा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है. इसके साथ ही अदालत ने दोनों दोषियों पर 10-10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है. अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि जुर्माने की राशि नहीं देने पर दोषियों को छह महीने की अतिरिक्त कारावास भुगतनी होगी. इस केस का दोषी मुन्ना बंगाली 29 मई 2018 से लगातार जेल में ही है. दरअसल 19 मई 2018 को हिंदपीढ़ी निवासी तमजीद अंसारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी. मृतक के बेटे रहमान अंसारी ने हिंदपीढ़ी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी. मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से 10 गवाहों को प्रस्तुत किया गया था.

## उपाध्यक्ष सॉलोमन ने दिया आश्वासन

**रांची।** निर्मला कॉलेज डोरंडा में झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष प्राणेश सॉलोमन की अध्यक्षता में बैठक हुई. इसमें अल्पसंख्यक महाविद्यालयों में की विभिन्न समस्याओं को उपाध्यक्ष के समक्ष रखा गया. खास कर अल्पसंख्यक महाविद्यालयों में दाखिले में आ रही समस्या को रखा गया. उन्होंने आश्वासन दिया की समस्याओं का समाधान किया जाएगा. बैठक में संत जेवियर्स कॉलेज, निर्मला कॉलेज, गोस्सनर कॉलेज, अल्बर्ट कॉलेज के शिक्षक आदि शामिल थे.

### डीजीपी ने कानून व्यवस्था सहित अपराध नियंत्रण के महत्वपूर्ण बिंदुओं की समीक्षा की

# अपराधियों-उग्रवादियों के खिलाफ आरोप पत्र शीघ्र समर्पित किए जाएं

**सौरभ सिंह। रांची**

डीजीपी अनुराग गुप्ता ने राजधानी रांची समेत राज्यभर में कानून व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए मंगलवार को पुलिस अधिकारियों संग बैठक कर एक-एक मामले की समीक्षा की. डीजीपी ने खास कर अपराध, नक्सल गतिविधियां, वाहनों में आगजनी समेत नौमहत्वपूर्ण बिंदुओं पर समीक्षा की. समीक्षा बैठक में शामिल राज्य भर के जिलों के एसपी, रेंज डीआईजी और जोनल आईजी को डीजीपी ने अपराध और नक्सल गतिविधियों पर अंकुश लगाने का दिशानिर्देश दिया.

**लेवी- रंगदारी वसूली को लेकर कितनी संपत्ति का नुकसान पहुंचाया :** डीजीपी ने बैठक में जानकारी हासिल की कि एक जनवरी 2024 से अब तक राज्य के विभिन्न जिलों में रंगदारी व लेवी वसूलने के उद्देश्य से अपराधियों और उग्रवादियों द्वारा कितनी संपत्ति का नुकसान किया गया. जिस जिले में इस तरह की घटनाएं हुई हैं, वहां के एसपी ने जानना चाहा कि क्या घटना के पूर्व किसी तरह की लेवी वसूली की मांग फोन या अन्य माध्यम से की गई थी. इस तरह के दर्ज कांड में कितने लोगों को गिरफ्तार किया गया है. दर्ज कांड में कितने अपराधियों और उग्रवादियों के खिलाफ आरोप पत्र समर्पित किया गया है. इनमें से कितने आरोपी फरार हैं और क्या फरार अपराधियों -उग्रवादियों के विरूद्ध वारंट और कुर्की जब्ती की कार्रवाई हुई है या नहीं.

**112 पर प्रतिदिन कितनी शिकायतें दर्ज होती हैं :** डीजीपी ने डायल 112 की भी समीक्षा की. उन्होंने जानना चाहा कि 112 पर प्रतिदिन कितनी शिकायतें दर्ज होती हैं. रिपोर्ट की समीक्षा किसी अधिकारी द्वारा की जाती है या नहीं. डायल 112 पर आ रही शिकायतों को नियमित रूप से संबंधित पुलिस अधिकारियों तक भेजा जा रहा है या नहीं.


समीक्षा बैठक करते डीजीपी अनुराग गुप्ता.

### सभी जिला के एसपी तय करें- हर पुलिसकर्मी वर्दी पर नेम प्लेट लगाएं

डीजीपी ने राज्य के कुख्यात नक्सलियों और अपराधियों पर घोषित पुरस्कार राशि की समीक्षा की. उन्होंने जिले के एसपी से जानना चाहा कि कुख्यात नक्सलियों पर रिवॉर्ड घोषित करने का प्रस्ताव भेजा गया है या नहीं. और नहीं भेजा गया, तो आखिर क्यों. जिले के पुलिसकर्मियों द्वारा वर्दी पहनने व उस पर नेम प्लेट लगाने के बारे में भी जानकारी ली. डीजीपी ने कहा कि सभी एसपी सुनिश्चित करें कि जिले में तैनात सभी पुलिसकर्मी निश्चित रूप से वर्दी पर नेम प्लेट लगाएं. थाना प्रभारी, एसपी के कार्यालय में प्रतिनियुक्त जवान, मुंशी, टाइपिस्ट नियमित रूप से वर्दी के साथ नेम प्लेट लगाएं. आदेश उन क्षेत्रों में लागू नहीं होगी, जहां भीषण नक्सल समस्या है.

### महिला थानों की समीक्षा खुद करेंगे

डीजीपी ने कहा, महिला थानों की समीक्षा उनके स्तर से की जाएगी. महिला थाना में महिला थाना प्रभारी की प्रतिनियुक्ति होगी. महिला थाना चलाने के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध है या नहीं, यदि नहीं तो क्या कोई वैकल्पिक व्यवस्था की जा सकती है. महिला थाना के लिए हाजत की आवश्यकता नहीं है. महिला थाना में एक ऐसा स्थान उपलब्ध हो, जहां अपराध पीड़ित महिलाएं अपनी शिकायत आसानी से दर्ज करा सकें. महिला थाना में नियमित रूप से महिला अपराध से संबंधित प्राथमिकी दर्ज हो रही या नहीं, इसकी भी डीजीपी ने जानकारी ली.

### पूछा, क्या है एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग थाने की स्थिति

डीजीपी ने एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग थाना की समीक्षा की. जानना चाहा कि थाना कारगर रूप से कार्य कर रहा या नहीं. थाने में नियमित रूप से प्राथमिकी दर्ज हो रही या नहीं. डीजीपी ने जिले के एसपी से जानना चाहा कि जिले में साइबर थाना कारगर रूप से कार्य कर रहे हैं या नहीं. डायल 1930 के उपयोग की जानकारी साइबर थाना के अधिकारियों को है या नहीं.

### छह शहरों में ट्रैफिक व्यवस्था के संबंध में भी जानकारी ली

रांची, धनबाद, बोकारो, जमशेदपुर, देवघर और पलामू जिले की ट्रैफिक व्यवस्था की भी डीजीपी ने समीक्षा की. उन्होंने जिले के एसपी से जानकारी ली कि उनके शहर में ट्रैफिक सिग्नल हैं या नहीं. यदि हैं, तो ट्रैफिक सिग्नल रूप से काम कर रही हैं या नहीं. ट्रैफिक में पर्याप्त जवानों की प्रतिनियुक्ति, ट्रैफिक जवानों को पुलिस ट्रेनिंग देने, कर्मियों द्वारा चालान काटा जा रहा है, तो किस रूप में चालान की वसूली की जा रही है.

**ऑनलाइन दर्ज प्राथमिकी पर हुई कार्रवाई का जानकारी ली**

डीजीपी ने झारखंड ऑनलाइन प्राथमिकी की समीक्षा की. उन्होंने पूछा कि ऑनलाइन दर्ज प्राथमिकी पर कार्रवाई संबंधित थाना द्वारा नियमित रूप से की जा रही है या नहीं. थानेदार द्वारा इन दिनों में प्राप्त ऑनलाइन शिकायत पर बीएनएसएस के प्रावधान के अनुरूप कार्रवाई की जा रही है या नहीं.

# झारखंड के हर जिले के थानों में 83 केस पेंडिंग

**संवाददाता। रांची**

झारखंड के हर जिले के पुलिस थानों में औसतन 83 केस अनुसंधान के लिए लंबित हैं. झारखंड पुलिस की रिपोर्ट के मुताबिक, राज्य के 606 थानों में 50,184 केस पेंडिंग हैं. रांची में सबसे अधिक 11,943, धनबाद में 5,110, हजारीबाग में 4,416 और बोकारो में 4,000 केस अनुसंधान के लिए लंबित पड़े हैं. केस पेंडिंग होने के कारण ट्रायल नहीं हो पा रहा है.

### जानें किस जिले में अनुसंधान के लिए कितने केस लंबित

| | | | |
|---|---|---|---|
| रांची | 11943 | चतरा | 1759 |
| खूंटी | 437 | गिरिडीह | 2004 |
| गुमला | 700 | धनबाद | 5110 |
| सिमडेगा | 210 | बोकारो | 4000 |
| लोहरदगा | 533 | दुमका | 1100 |
| चाईबासा | 839 | गोड्डा | 808 |
| सरायकेला | 1184 | जामताड़ा | 544 |
| जमशेदपुर | 2700 | देवघर | 2613 |
| पलामू | 2642 | साहिबगंज | 1539 |
| लातेहार | 1030 | पाकुड | 456 |
| गढ़वा | 1770 | रेल जमशेदपुर | 128 |
| हजारीबाग | 4416 | रेल धनबाद | 361 |
| रामगढ़ | 809 | **कुल** | **50184** |
| कोडरमा | 549 | | |

# अवैध खनन मामला : पंकज मिश्रा ने फिर जमानत याचिका दाखिल की

**संवाददाता। रांची**

साहिबगंज में अवैध खनन के जरिये अकूत संपत्ति अर्जित करने के आरोपी पंकज मिश्रा ने रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) कोर्ट से जमानत की गुहार लगायी है. पंकज मिश्रा की याचिका पर 27 अगस्त को सुनवाई होगी. इससे पहले भी पंकज मिश्रा इसी केस में रांची ईडी कोर्ट से बेल मांग चुके हैं, लेकिन कोर्ट ने उनकी जमानत अर्जी खारिज कर दी थी. इसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट का भी दरवाजा खटखटाया था. लेकिन वहां से भी उन्हें कोई राहत नहीं मिली थी. बता दें कि सीएम के तत्कालीन विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा को ईडी ने जुलाई 2022 में गिरफ्तार किया था. जांच के दौरान ईडी पंकज मिश्रा, दाहू यादव और उनके सहयोगियों के 37 बैंक खातों में जमा 11.88 करोड़ भी जब्त कर चुकी है. इतना ही नहीं ईडी ने साहिबगंज, बरहेट, राजमहल, मिर्जा चौकी और बरहरवा में 19 स्थानों पर तलाशी ली थी. इस दौरान कई दस्तावेज और 5.34 करोड़ नकद जब्त की थी.

### विस चुनाव का लेकर राजद की विशेष समिति ने बैठक कर बनाई रणनीति

# राजद मजबूती से बूछ कमेटी बनाएगा

- द.छो में पांच-छह सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी में है राजद

**संवाददाता। रांची**

झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल की विशेष समिति की दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के सभी जिलों की बैठक मंगलवार को रांची जिला राजद अध्यक्ष धर्मेंद्र महतो की अध्यक्षता में हुई. मौके पर विशेष समिति ने रांची, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा तथा खूंटी जिला की ज्वलंत समस्याओं पर विचार विमर्श कर इसे दूर करने के लिए पहल करने की बात कही. कहा गया कि जनसमस्याओं को पार्टी के मैनिफेस्टो जोड़ा जाएगा. सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि झारखंड विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर राष्ट्रीय जनता दल मजबूती से बूथ कमेटी का गठन करेगा. दक्षिणी छोटानागपुर से राष्ट्रीय जनता दल कम से कम पांच-छह सीट पर चुनाव लड़ने की तैयारी में है.

राजद नेताओं ने बताया कि राज्य में बॉक्साइट आधारित उद्योग की स्थापना करने, एचईसी को पुनः चालू कराने और आरक्षण का पूर्ण समर्थन का निर्णय लिया गया. कई जिलों में ओबीसी का आरक्षण शून्य कर दिया गया है, जिसका राजद जोरदार विरोध करता है, इसे चुनावी घोषणा पत्र में शामिल किया जायेगा. राष्ट्रीय जनता दल ने एसटी - एससी, ओबीसी आरक्षण को लेकर कल की बंदी का समर्थन देने का निर्णय लिया है. विशेष समिति के संयोजक गिरधारी गोप, सदस्य आबिद अली का स्वागत किया गया.

बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष अनिता यादव, युवा प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव, महासचिव मनोज पांडे, प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार, महासचिव कैलाश यादव, ज्ञानेश्वर यादव, सचिव रामकुमार यादव, अनिल शर्मा, कैसर जहां, महानगर अध्यक्ष कमलेश यादव, शलील अंसारी, मो गफ्फार, अर्जुन यादव, मनोज अग्रवाल, रामभजन सिंह, प्रणव कुमार बब्लू, इम्तियाज हुसैन वारसी, यशवंत यादव, कमलेश कुमार, सूरज कुमार राय, राम प्यारे यादव, निरंजन महतो, दिनेश बारला (जिलाध्यक्ष सिमडेगा), सहजादा अनवर (जिलाध्यक्ष खुटी) समेत कई दल के पदधारियों ने अपने विचार रखे.


बैठक की अध्यक्षता करते रांची जिला राजद अध्यक्ष व अन्य.

### आजसू का चूल्हा प्रमुख सम्मेलन: नेतृत्वकर्ता तैयार करना पार्टी का उद्देश्य

# सरकार के भाषण और शासन में फर्क : सुदेश

- हमारी पार्टी की एक जवाबदेह राजनीति की तैयारी में जुटी है

**संवाददाता। रांची/जुगसलाई**

आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा है कि राज्य के युवाओं को हर साल पांच लाख नौकरी, स्थानीय, नियोजन और विस्थापन नीति बनाने का वादा करने वाली सरकार ने अपने वादों को भुला कर जनता को ठगा है. इनके भाषण और शासन में फर्क है. चुनाव के समय अपनी कथनी में कई लोकलुभावन वादें करने वाली सरकार की करनी में अंतर जनता देख रही है. राज्य का विकास नहीं अपने परिवार का विकास ही इनकी प्राथमिकता रही है. डेवेलपमेंट जेएमएम के करैक्टर में ही नहीं. वे काटिन में आयोजित जुगसलाई विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मेलन सह शपथ ग्रहण समारोह में बोल रहे थे. मौके पर उपस्थित हजारों चूल्हा प्रमुखों ने अपने पद और दायित्व की शपथ ली. इस दौरान जेएमएम समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पार्टी की सदस्यता भी ग्रहण की.


शपथ ग्रहण समारोह में आजसू प्रमुख सुदेश महतो व अन्य.

### नया नेतृत्व तैयार करना हमारा उद्देश्य

सुदेश ने कहा कि चूल्हा प्रमुख की अवधारणा वोट की राजनीति करने वाले लोगों के समझ से परे है. चूल्हा पर मुख्य रूप में नया नेतृत्व तैयारी करना हमारा उद्देश्य है. एक जवाबदेह राजनीति की तैयारी हमारी है. जुगसलाई के हर परिवार ने झारखंड आंदोलन में अहम भूमिका निभाई थी. पांच साल पहले जनता ने सोचा था कि क्षेत्रीय सरकार आएगी तो उनकी समस्याओं का समाधान करेगी लेकिन उन्होंने जनता की समस्याओं और तकलीफों को और बढ़ाने का काम किया है.

### सभी चूल्हा प्रमुखों की भूमिका अहम

पार्टी के प्रधान महासचिव रामचन्द्र सहिस ने कहा कि राज्य में नेतृत्व परिवर्तन के लिए सभी चूल्हा प्रमुखों की भूमिका अहम है. राज्य समेत जुगसलाई की जनता भी पिछले पांच साल में सरकार द्वारा किए गए कार्यों से त्रस्त है. पार्टी के सभी चूल्हा प्रमुख जुगसलाई को अराजकता के अंधेरे से बाहर निकाल कर विकास के उजियारे की ओर ले जाने का कार्य करेंगे. जुगसलाई की जनता फिर से क्षेत्र को विकास की पटरी पर ले जाने के लिए तैयार है. सरकार की हर वादाख़िलाफ़ियों का जवाब इन्हें जनता अपने मत से देगी.

# राज्यपाल ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से की मुलाकात


राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मंगलवार को नई दिल्ली में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की. इस दौरान राज्यपाल ने झारखंड में कृषि के क्षेत्र में विभिन्न संभावनाओं पर चर्चा की. राजभवन ने इसे शिष्टाचार भेंटवार्ता बताया है.

# प्रमोशन अधिकार नहीं, लेकिन यह तब मिलता है, जब जूनियर के प्रमोशन पर विचार किया हो : हाईकोर्ट

**विनीत आभा उपाध्याय। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट ने हाल ही में सुनाए अपने एक फैसले में कहा कि पदोन्नति (प्रमोशन) किसी कर्मचारी का जन्मजात अधिकार नहीं है, लेकिन इस पर विचार किये जाने का अधिकार तब जरूर पैदा होता है, जब जूनियर के प्रमोशन पर विचार किया गया हो. दरअसल दया राम (याचिकाकर्ता) ने रिट याचिका दायर कर उनकी सहायक अभियंता पद पर पदोन्नति के लिए समीक्षा करने का निर्देश देने की मांग की थी. याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि पदोन्नति के पात्र होने के बावजूद उनकी वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (एसीआर) नहीं होने के कारण उनके आवेदन पर विचार नहीं किया गया, जिससे विभागीय पदोन्नति समिति उनके मामले का मूल्यांकन करने से वंचित रह गयी.



सहायक अभियंता की ओर से बहस कर रहे अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि एसीआर को बनाये रखने की जिम्मेदारी राज्य सरकार और संबंधित विभाग की है, कर्मचारी की नहीं. इसलिए उन्हें तब से पदोन्नति दी जानी चाहिए, जिस दिन से उनके कनिष्ठों (जूनियर) को पदोन्नत किया गया था. इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस दीपक रौशन के कोर्ट में हुई. सभी पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि यदि कोई अन्य कानूनी बाधा नहीं है, तो याचिकाकर्ता को सहायक अभियंता के पद पर तब से पदोन्नति दी जाए, जिस तिथि को उसके जूनियर को सहायक अभियंता पद पर पदोन्नत किया गया है.

### डॉ मेघा राष्ट्रीय मानवाधिकार परिषद की स्टेट चेयरमैन बनीं

**रांची।** राष्ट्रीय मानवाधिकार परिषद ने रांची की लेखिका डॉ मेघा रानी को झारखंड प्रदेश का स्टेट चेयरमैन बनाया है.




उनके सामाजिक कार्यों और लेखन प्रतिभा को देखते हुए उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेवारी सौंपी गयी है. इस संबंध में राष्ट्रीय मानवाधिकार परिषद ने अधिकारिक रूप से चिट्ठी जारी कर दी है. डॉ मेघा की देखरेख में जल्द ही राज्यभर में एक टीम का गठन किया जाएगा, जो राज्य के लोगों के मानवाधिकार की लड़ाई लड़ेंगे और उनके अधिकार का हक दिलाएंगे. इस टीम में 70 से अधिक लोगों का चयन किया जाएगा, जो अलग- अलग क्षेत्र में कार्यरत होंगे. नियुक्ति के बाद डॉ मेघा रानी ने कहा कि झारखंड प्रदेश का स्टेट चेयरमैन बनने के बाद उनकी प्राथमिकता रहेगी कि राज्य के जनता के अधिकारों की सुरक्षा निश्चित करूंगी. इसमें शासन, प्रशासन और मानवाधिकार आयोग से सहयोग की अपेक्षा है. मानवाधिकार से संबंधित राज्य के किसी भी निवासी को जरूरत पड़ेगी, तो हमारी टीम बड़ी मजबूती के साथ काम करेगी. आम नागरिक अपनी समस्याएं और परेशानी बता सकते हैं, इसके लिए जल्द ही टॉल फ्री नंबर जारी किये जाएंगे.

क्लासिफाइड










**मिला निर्देश** विस चुनाव में हर नेता-कार्यकर्ता को बूथ स्तर पर तैयार करें

# नवनियुक्त प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मिले वेणुगोपाल से

**विशेष संवाददाता। रांची**

झाखंड प्रदेश के नवनियुक्त अध्यक्ष केशव महतो कमलेश मंगलवार को दिल्ली में संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल से मिले. उन्होंने संगठात्मक पहलुओं से उन्हें अवगत कराया. केसी वेणुगोपाल ने उन्हें बधाई दी और कहा कि सबको मिलकर संगठन मजबूत करना है. कांग्रेस पार्टी के नीति सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाना है. आगामी विधानसभा चुनाव में हर नेता, हर कार्यकर्ता को बूथ स्तर तक मजबूती से तैयारी करना है.


झाखंड प्रदेश के नवनियुक्त अध्यक्ष केशव महतो कमलेश व अन्य.

### राज्य सरकार की योजनाएं मील का पत्थर साबित होंगी

केशव महतो कमलेश ने भरोसा जताते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी झारखंड के जल जंगल जमीन व जनजाति समुदाय समेत सभी वर्गो के अधिकार के प्रति पूर्ण समर्पित है. सरकार द्वारा चलाये जा रहे मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना, अबुआ आवास योजना, सर्वजन पेंशन योजना, 200 यूनिट बिजली मुफ्त, कृषि लोन माफ जैसे योजना आने वाले विधानसभा चुनाव में मील का पत्थर साबित होगा और पार्टी के एक-एक कार्यकर्ताओं एवं नेता का सम्मान में कमी नहीं होगी.

- संगठन की मजबूती के लिए हर नेता और कार्यकर्ता से संवाद करें

संगठन की मजबूती के लिए हर कार्यकर्ता एवं नेताओं से संवाद स्थापित किया जायेगा. चूंकि विधानसभा चुनाव नजदीक है. इसलिए सबों का मिलकर युद्ध स्तर पर कार्य करना है। मुलाकात करने वालों में कृषि विपणन अध्यक्ष रविन्द्र सिंह, मदन मोहन शर्मा शामिल थे.

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | रांची, बुधवार 21 अगस्त 2024 ● भाद्रपद कृष्ण पक्ष 02, संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 133 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र





**प्रस्ताव तैयार :** उच्च एवं तकनीकी शिक्षा को पारदर्शी, जवाबदेह एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने की कवायद

# झारखंड में स्टेट फैकल्टी डेवलपमेंट अकादमी की होगी स्थापना

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

झारखंड में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा को पारदर्शी, जवाबदेह और गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए झारखंड में स्टेट फैकल्टी डेवलपमेंट अकादमी का गठन किया जाएगा. उच्च शिक्षा विभाग ने इसका प्रस्ताव तैयार कर लिया है. इसके लिए अगले पांच साल तक की योजना बनाई गई है. इस अकादमी के संचालन के लिए अगले पांच साल में अनुमानित खर्च 24 करोड़ 37 लाख 53 हजार 721 रुपये होगा. इस अकादमी के शेयर होल्डर शिक्षा और वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव या सचिव के साथ नौ विश्वविद्यालयों के कुलपति होंगे. इनमें रांची विश्वविद्यालय, कोल्हान विश्वविद्यालय, विनोबा भावे विश्वविद्यालय, सिदो-कान्हू विश्वविद्यालय, नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय, विनोद बिहारी महतो विश्वविद्यालय, डीएसपीएमयू रांची, जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय और झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के कुलपति शामिल हैं.

**अकादमी गठन का उद्देश्य :** झारखंड स्थित राजकीय विश्वविद्यालय, निजी विश्वविद्यालय, डीम्ड विश्वविद्यालय, अंगीभूत महाविद्यालय, संबद्ध महाविद्यालय, अभियंत्रण महाविद्यालय पॉलिटेकनिक संस्थान एवं अन्य उच्च शिक्षण संस्थानों में कार्यरत शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मी और पदाधिकारियों का प्राथमिकता के साथ क्षमतावर्द्धन किया जाएगा. संस्थान की मान्यता और स्वायत्तता के लिए यह आवश्यक है कि उच्च शिक्षण संस्थानों में सकारात्मक नेतृत्व हो. शिक्षण संस्थानों की उत्कृष्टता स्थानीय समुदाय के साथ जुड़ाव, संवैधानिक मूल्यों के मजबूत संरेखण, सामाजिक प्रतिबद्धता, टीमवर्क, विविधता और सकारात्मक दृष्टिकोण पर केंद्रित है. उच्च शिक्षण संस्थानों में मानवीय मूल्यों, नैतिकता, आचार-व्यवहार को बढ़ावा देने के लिए पाठ्यक्रम तैयार किया जायेगा, जिससे विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों एवं व्यवहारिक आयामों से अवगत कराया जा सके. शिक्षकों को ऐसी शिक्षा पद्धति अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा, जिसके माध्यम से अच्छे, विचारशील, चिंतनशील तथा रचनात्मक व्यक्तित्व का विकास हो.

## विवि के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों का क्षमतावर्द्धन किया जाएगा

- अगले पांच साल के लिए बनाई गई है योजना, 24.37 करोड़ खर्च होंगे
- वित्त व शिक्षा सचिव के साथ 10 विवि के कुलपति शेयर होल्डर होंगे



### अकादमी के ये होंगे प्रमुख काम

- उच्चतर शिक्षण संस्थान में स्टार्ट अप, इंक्यूवेशन सेंटर, इनोवेशन सेंटर, प्रौद्योगिकी विकास केंद्र विकसित करने के लिए प्रशिक्षित एवं प्रोत्साहित किया जायेगा.
- **शिक्षकों को प्रभावी शिक्षण के व्यापक दृष्टिकोण पर क्षमता विकसित किया जाएगा.**
- शिक्षकों को शिक्षा पद्धति में संचार चर्चा, बहस, अनुसंधान को शामिल करने हेतु प्रशिक्षण दिया जाएगा.
- **सामाजिक और आर्थिक रूप से वंचित समूह के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में अधिक अवसर प्रदान करने हेतु प्रोत्साहित एवं सहयोग प्रदान किया जाएगा.**
- उच्च शिक्षण संस्थानों के सभी शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मियों एवं पदाधिकारियों को दिव्यांग छात्रों के प्रति संवेदनशील बनाने हेतु प्रशिक्षण दिया जाएगा.
- **विद्यार्थियों को इंटर्नशिप, अप्रेंटिसशिप एवं प्लेसमेंट के अवसर प्रदान करने हेतु विभिन्न उद्योग, कंपनी, संस्थानों का सहयोग प्राप्त किया जाएगा.**

### ये होंगे अकादमी के नॉलेज पार्टनर

- आइएसएम धनबाद
- **इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन एंड टेक्नोलॉजी, रांची**
- आइआइएम, रांची
- **नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, जमशेदपुर**
- नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ एजुकेशनल प्लानिंग एंड एडमिनिस्ट्रेशन, नई दिल्ली
- **नेशनल लॉ एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी, रांची**
- नेशनल मेटारजिकल लैबोरेट्री, जमशेदपुर
- **नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड रिसर्च, भोपाल, कोलकता, चंढ़ीगढ़ और चेन्नई**
- एटीआई, रांची
- **सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टीट्यूट, रांची**
- डॉ रामदयाल मुंडा शोध संस्थान, रांची
- **बीएयू, रांची**
- बीआईटी, सिंदरी
- **महाराष्ट्र स्टेट फैक्लटी डेवलपमेंट अकादमी**
- बीआईटी मेसरा, रांची
- **एक्सआईएसएस रांची**
- एक्सएलआरआई, जमशेदपुर
- **अमेटी यूनिवर्सिटी**
- उषा मार्टिन यूनिवर्सिटी
- **सरला बिरला यूनिवर्सिटी**
- इक्फाई यूनिवर्सिटी
- **रामकृष्ण मिशन विवेकानंद एजुकेशनल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट, रांची**
- अध्ययन फाउंडेशन, बेंगलुरु
- **कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेस, भुवनेश्वर**
- प्रथम फाउंडेशन, नई दिल्ली
- **रिजनल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, रांची**
- टाटा स्टील इंडस्ट्रीज कंस्लटिंग डिविजन, जमशेदपुर
- **इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंट्स ऑफ इंडिया**

---

## ब्रीफ खबरें

### सीएम का आज का पलामू कार्यक्रम स्थगित

**पलामू।** भारत बंद के समर्थन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 21 अगस्त को पलामू में होने वाले कार्यक्रम को स्थगित कर दिया है. अब यह कार्यक्रम 22 अगस्त को होगा. इस दिन सीएम पलामू में झारखंड मुख्यमंत्री मईंयां सम्मान योजना की शुरूआत करेंगे. बताते चलें कि आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति ने 21 अगस्त को भारत बंद का आह्वान किया है. इस मामले में पेयजल मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा है कि झामुमो भारत बंद के समर्थन में है. किसी भी वर्ग के साथ अन्याय नहीं होने देना चाहती है. इधर, मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर पलामू डीसी शशि रंजन ने मंगलवार को कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया. मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर नया रूट चार्ट पर जारी किया गया है, जो 22 अगस्त को आयोजित कार्यक्रम के दिन लागू रहेगा.



### घंटों जाम में फंसी रही एंबुलेंस, मरीज की मौत

**हजारीबाग।** जिले के ईचाक में लगी जाम में घंटों एक एंबुलेंस फंसा रही और एक मरीज ने दम तोड़ दिया. मृत मरीज बिहार के नावादा जिला का रहने वाला था. उनकी हालत गंभीर थी और इलाज के लिए उसे रांची ले जाया जा रहा था. जानकारी के मुताबिक, नेशनल हाईवे 33 स्थित ईचाक में लगे मेला में भारी भीड़ की वजह से सड़क जाम थी. वाहनों की इतनी लंबी कतार लगी थी कि इमरजेंसी सेवा के वाहनों को भी आगे निकलने का मौका नहीं मिला. इस दौरान एक एंबुलेंस भी घंटों जाम में फंसी रही. जाम को हटानेवाला कोई नहीं था, जिसकी वजह से नवादा से रांची लेकर जा रहे मरीज की मौत हो गयी.

---

सनकी पति ने क्रूरता की हद पार की, पत्नी को मौत के घाट उतारा

# पति ने कुदाल से काट कर पत्नी की हत्या की

**सनसनी**

**संवाददाता। लोहरदगा**

जिले में एक सनकी पति ने क्रूरता की हद पार करते हुए अपनी पत्नी को कुदाल से काट कर मौत के घाट उतार दिया. घटना भंडरा थाना क्षेत्र के मल्हार टोली में सोमवार रात की है. जानकारी के मुताबिक, बेनामी मल्हार का किसी बीत को लेकर अपनी पत्नी राखी देवी से विवाद हुआ था. बात इतनी बढ़ गयी कि उसने पत्नी की कुदाल से कई बार वार कर निर्ममता से हत्या कर दी. घटना को अंजाम देने के बाद रात में ही आरोपी घर छोड़ कर फरार हो गया.

बताया जा रहा है कि आरोपी के तीन बच्चे हैं, जो अपने मोहल्ले में ही स्थित नानी घर पर रात में सोए हुए थे. सुबह जब बच्चे घर आए, तो मां को घर के अंदर खून से लथपथ पाया. बच्चों की चीख सुन कर आस-पास के लोग जुटे, तो देखा कि राखी देवी मृत पड़ी हुई है. पड़ोसियों ने भंडरा थाना की पुलिस को घटना की सूचना दी. थाना प्रभारी अरविंद सिंह दल-बल के साथ मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेज दिया. मृतका के मृतका के भाई ने भंडरा थाने में आवदेन देकर आरोपी बेनामी मल्हार के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कराया गया है.

थाने में मामला दर्ज करने के बाद पुलिस फरार आरोपी की तलाश में छापेमारी कर रही है. इधर घटना की सूचना क्षेत्र में आग की लपेटे की तरह फैल गई. लोगों ने पुलिस प्रशासन से हत्यारोपी पति को कठोर सजा दिलाने की मांग की है.



हत्यारोपी बेनामी मल्हार, मृतका राखी देवी (फाइल फोटो).



घटनास्थल पर जांच करती भंडरा थाना की पुलिस.

**खास बातें**

- वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी पति फरार
- मृतका के भाई की तहरीर पर भंडरा थाने में केस दर्ज

### मृतका के पिता बोले- दंपती में विवाद होता रहता था

मृतका के परिजनों से मिली जानकारी के मुताबिक, राखी देवी (35) की शादी 15 वर्ष पूर्व गुमला जिला अंतर्गत घाघरा थाना क्षेत्र के नौनी गांव के बेनामी मल्हार के साथ हुई थी, मृतका रेखा देवी और उसके पति बेनामी मल्हार भंडरा क्षेत्र के मल्हार टोली पहाड़ किनारे घर बनाकर अपनी और अपने तीन बच्चों के साथ जीवन-यापन करते थे.मृतका के पिता ने बताया कि दोनों के बीच अकसर विवाद होते रहता था. विगत दो माह पूर्व भी बेनामी ने राखी के साथ मारपीट की थी.

## रोजगार सेवक ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया, केस दर्ज

**मेदिनीनगर।** हैदरनगर थाना क्षेत्र के एक गांव में मणिशंकर मिश्रा नाम के रोजगार सेवक पर एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म का आरोप लगा है. आरोपी और किशोरी दोनों एक ही गांव के हैं. पीड़िता ने हैदरनगर थाना में आरोपी रोजगार सेवक के खिलाफ मामला दर्ज कराया है. थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने बताया है कि किशोरी के आवेदन पर आरोपी के खिलाफ बीएनएस एवं पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है. पीड़िता द्वारा थाने में दिए आवेदन में बताया गया है कि गांव के रोजगार सेवक मणिशंकर मिश्रा ने 15 अगस्त के दिन उसका मुंह गमछा से बांध कर अपनी सोन नदी के पास झाड़ी में ले जाकर दुष्कर्म किया. उसने बताया कि दो वर्ष पहले भी आरोपी ने अश्लील फिल्म दिखा कर उसके साथ दुष्कर्म किया था. पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है.



## मुक-बधिर लड़की के साथ दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**हजारीबाग।** इचाक थाना क्षेत्र में मुकबधिर लड़की के साथ बलात्कार करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. आरोपी की पहचान शिव कुमार महतो के रूप में हुई है. इस संबंध में पुलिस अधीक्षक ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि मुखबधिर लड़की के साथ बलात्कार के आलोक में पोक्सो एक्ट में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस उपाधीक्षक, मुख्यालय नीरज कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया, जिसने अल्प समय में ही कांड में शामिल अभियुक्त शिवशंकर कुमार उर्फ शंकर कुमार महतो, पिता सुखदेव महतो सा. दांगी, थाना इचाक को गिरफ्तार कर लिया.

---

# सोनारी एयरपोर्ट से उड़ान भरा ट्रेनी विमान लापता

- एटीसी से संपर्क कटने के पहले चांडिल की ओर दिखा लोकेशन
- हाईलेवल वीसी में अधिकारियों ने रेस्क्यू ऑपरेशन पर की चर्चा

**वरीय संवाददाता। जमशेदपुर**




लापता विमान की सांकेतिक तस्वीर.

सोनारी एयरपोर्ट से सोमवार की सुबह उड़ान भरा अल्केमिस्ट एविएशन का ट्रेनी विमान लापता हो गया है. उड़ान भरने के कुछ मिनटों के बाद ट्रेनी विमान का एटीसी (एयरपोर्ट कंट्रोल सेंटर) से संपर्क कट गया. इसके बाद से विमान का कोई लोकेशन नहीं मिल पाया है. लापता होने से पहले विमान का अंतिम लोकेशन चांडिल एवं पुरुलिया (प. बंगाल) के अयोध्या हिल की ओर देखा गया था. इसके बाद पूर्वी सिंहभूम जिला प्रशासन ने सरायकेला-खरसावां एवं पुरुलिया जिला प्रशासन से विमान की खोज में मदद मांगी.

ज्ञात हो कि सोनारी एयरपोर्ट से उक्त ट्रेनी विमान सुबह 11 बजे उड़ान भरा. 15 मिनट बाद ही उसका एटीसी से संपर्क कट गया. विमान के लापता होने की जानकारी होते ही कंट्रोल रूम से यह सूचना प्रशासनिक अधिकारियों के पास पहुंची. उसके बाद विमान की सरगर्मी से खोजबीन शुरू हो गई. विमान में दो पायलट सवार थे, जिसमें एक ट्रेनी पायलट है.

**हाईलेवल वीसी में अधिकारियों ने रेस्क्यू ऑपरेशन पर की चर्चा :** इसको लेकर तीनों जिलों के वरीय अधिकारियों ने आपस में वीडियो कांफ्रेंसिंग से बात की तथा रेस्क्यू ऑपरेशन पर चर्चा की. हालांकि, बोकारो जिले के उपायुक्त एवं एसएसपी को भी अलर्ट पर रखा गया. वीडियो कांफ्रेंसिंग से सोनारी एवं रांची से चीफ पायलट भी जुड़े थे. उन लोगों ने विमान की पूरी जानकारी प्रशासनिक अधिकारियों से साझा की.

इधर, विमान के चांडिल डैम में गिरने की भी आशंका जतायी जा रही है. हालांकि, पूर्वी सिंहभूम जिला प्रशासन ने आधिकारिक बयान जारी कर कहा कि सोनारी एयरपोर्ट से उड़ान भरने वाले ट्रेनी विमान की एटीसी से संपर्क टूटने की सूचना है. लेकिन विमान का अब तक कोई स्पष्ट लोकेशन प्राप्त नहीं हुआ है.

### मईंयां योजना को लेकर राशि हस्तांतरण से संबंधित कॉल फर्जी

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड मुख्यमंत्री मईंयां सम्मान योजना के लिए निबंधित महिलाओं को राशि हस्तांतरण से संबंधित आ रहे कॉल को गंभीरता से लिया है. इस संबंध में मुख्यमंत्री ने कहा, झारखंड मुख्यमंत्री मईंयां सम्मान योजना के संदर्भ में सूचना आ रही है कि कई लाभुकों के मोबाइल नंबर पर योजना को लेकर कॉल आ रहे हैं, जो पूरी तरह से फर्जी हैं. इसलिए योजना के तहत निबंधित बहन-बेटियों से आग्रह है कि योजना के संदर्भ में या राशि हस्तांतरण से संबंधित कॉल आने पर ओटीपी या अपने बैंक खाते से संबंधित जानकारी कॉल करने वाले के साथ साझा कदापि न करें. झारखंड सरकार इस योजना को लेकर किसी तरह का कॉल नहीं कर रही है. अतः आप सभी सतर्क रहें और ऐसे कॉल आने पर अपने बैंक खाता की जानकारी नहीं दें.

## घर पर गिरा पेड़, परिवार के तीन बच्चों की हुई मौत

**संवाददाता। लातेहार**

जिले के हेरहंज थाना क्षेत्र के बंदरलौरिया गांव में मंगलवार की शाम रूपरु भुइयां के घर पर एक पेड़ गिरने से तीन बच्चों की मौत हो गई. मृतकों में अंशु कुमारी (10), रश्मि कुमारी (5) और लक्की भुईयां (3) शामिल हैं. तीनों बच्चे एक ही परिवार के थे. बताया जाता है कि शाम करीब पांच बजे बच्चे घर के बाहर खेल रहे थे, इसी दौरान तेज आंधी चलने लगी. तेज आंधी को देख बच्चे घर के अंदर चले गए.

इसी बीच घर के बाहर स्थित सेमर का पेड़ अचानक उनके खपरैल मकान के ऊपर गिर गया, जिससे मकान धराशायी हो गई और तीनों बच्चे मलबे में दब गए. घटना की जानकारी मिलने के बाद ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और मलबे को हटा कर बच्चों को बाहर निकला. लेकिन, तब तक बच्चों ने दम तोड़ दिया था. बाद में ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी. घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस पर पहुंची और तीनों बच्चों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि पुलिस घटना की जानकारी ले रही है.

**खास बातें**

- ग्रामीणों के मदद से बच्चों को मलबे से बाहर निकाला गया
- मृतकों में अंशु कुमारी, रश्मि कुमारी और लक्की भुईयां
- पुलिस ने तीनों बच्चों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

---

**पहल** 2026 तक शहर के खाद्य कचरे को बायो गैस में बदलने की टाटा यूएसआईएल ने बनाई योजना

# केएसएमएस बायो गैस प्रणाली स्थापित करने वाला पहला स्कूल

- जमशेदपुर में प्रतिदिन लगभग 260 टन कचरा उत्पन्न होता है

**वरीय संवाददाता। जमशेदपुर**

स्थायी कचरा प्रबंधन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, टाटा स्टील यूआईएसएल ने जमशेदपुर में उत्पन्न होने वाले पूरे खाद्य कचरे को मार्च 2026 तक बायो गैस में बदलने की महत्वाकांक्षी योजना बनाई है. प्रबंध निदेशक रितुराज सिन्हा ने इस ऐतिहासिक पहल की घोषणा की, जिसमें शहर की कचरा प्रबंधन प्रणाली को बदलने और पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने की बायो-गैस उत्पादन की क्षमता पर जोर दिया गया. उन्होंने कहा कि अगर सब कुछ योजना के अनुसार होता है, तो जमशेदपुर अपने पूरे खाद्य कचरे को बायो-गैस में बदलने वाला पहला शहर बन जाएगा.



बायो गैस सिस्टम का उद्घाटन करते रितुराज सिन्हा व अन्य.

वर्तमान में जमशेदपुर प्रतिदिन लगभग 260 टन कचरा उत्पन्न करता है, जिसमें से 40% खाद्य कचरा होता है. सिन्हा ने इस कचरे को बायो-गैस में बदलने के महत्वपूर्ण लाभों को उजागर करते हुए कहा कि इससे समाज के लिए महत्वपूर्ण बचत हो सकती है. उन्होंने न केवल होटलों और रेस्तरां को, बल्कि व्यक्तिगत घरों को भी इस पहल में भाग लेने का आग्रह किया और इस दृष्टिकोण को प्राप्त करने के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता पर बल दिया.

**20 प्रतिष्ठानों में बायो गैस वेस्ट मैनेजमेंट स्थापित :** टाटा स्टील यूआईएसएल की इस पहल को पहले से ही व्यापक समर्थन मिल रहा है और 20 प्रतिष्ठानों ने बायो गैस वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम स्थापित किया है. इनमें से पांच प्रमुख होटलों और रेस्तरां ने इस तकनीक को अपनाया है. मंगलवार को अकीनो लक्जरी होटल, दक्षिण भारतीय रेस्तरां दशा प्रकाश और केरल समाजम मॉडल स्कूल (केएसएमएस) में बायो-गैस सिस्टम का उद्घाटन किया गया. विशेष रूप से, केएसएमएस शहर का पहला स्कूल बन गया है जिसने अपने परिसर में बायो-गैस वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम अपनाया है, और इसने क्षेत्र के शैक्षणिक संस्थानों के लिए एक उदाहरण स्थापित किया है.

**स्वच्छ पर्यावरण बनाने में मदद मिलेगी मदद :** टाटा स्टील यूआईएसएल के मुख्य डिविजनल मैनेजर एमएस शेखावत ने खाद्य कचरा प्रबंधन की चुनौतियों से निपटने में बायो गैस तकनीक की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया.

# कांटाटोली में घर से आठ सिम बॉक्स बरामद

- ओडिशा पुलिस ने रांची में की छापेमारी, बांग्लादेश का है हैंडलर

**संवाददाता। रांची**

ओडिशा पुलिस ने सिम बॉक्स मामले में नामकुम थाना क्षेत्र के कांटाटोली में मंगलवार की दोपहर छापेमारी की. यहां एक घर का ताला तोड़ कर वहां से आठ सिम बॉक्स बरामद किये गये हैं. अभियान में ओडिशा पुलिस के साथ रांची पुलिस की टीम भी शामिल रही. बताया जा रहा है कि सिम बॉक्स रैकेट को असदुर जमान नाम का एक बांग्लादेशी नागरिक हैंडल करता है.

**ओडिशा में सिम बॉक्स रैकेट का हुआ था भंडाफोड़ :** ओडिशा में 16 अगस्त को सिम बॉक्स रैकेट का भंडाफोड़ हुआ था. पुलिस ने भुवनेश्वर स्थित एक घर से पांच एक्टिव सिम बॉक्स, दो रिजर्व सिम बॉक्स और 750 से अधिक सिम कार्ड के साथ-साथ राउटर और अन्य उपकरण भी जब्त किये थे. साथ ही पश्चिम बंगाल निवासी और सिम बॉक्स रैकेट के मुख्य आरोपी राजू मंडल को गिरफ्तार किया था. फिलहाल वह पांच दिनों की रिमांड पर है. रैकेट के मुख्य आरोपी ने भुवनेश्वर पुलिस की पूछताछ में उसने कबूल किया है कि वह कटक और रांची सहित कई स्थानों से सिम बॉक्स संचालित कर रहा था. राजू मंडल के ही इनपुट पर रांची के कांटाटोली में छापेमारी की गयी.

**सिम बॉक्स मामले का बांग्लादेश कनेक्शन**



जांच करती रांची व ओडिशा पुलिस की टीम.

**क्या होता है सिम बॉक्स :** सिम बॉक्स एक तरह की इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस है, जिसे सिम बैंक भी कहा जाता है. यह इंटरनेट बेस्ड एक हार्डवेयर डिवाइस है, जिसका इस्तेमाल टेलीकॉम में डायरेक्ट जीएसएम कम्यूनिकेशन को टर्मिनेट करने के लिए किया जाता है. इस डिवाइस में बड़ी संख्या में सिम कार्ड लगे होते हैं, जिससे इंटरनेशनल कॉल को स्थानीय जीएसएम कॉल में कन्वर्ट किया जा सकता है.

### ब्रीफ खबरें

## जिप सदस्य उमेश सिंह ने किया गांवों का दौरा

**पाटन( पलामू ):** जनसंघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य उमेश सिंह ने पाटन प्रखंड के विभिन्न गांव का मंगलवार को दौरा किया. इस दौरान किशनपुर क्षेत्र की लचर बिजली व्यवस्था में सुधार के लिए प्रस्तावित विद्युत कार्यालय मेदिनीनगर (जीएम ऑफिस) में धरना प्रदर्शन के लिए ग्रामीणों से जनसमर्थन मांगा. ग्रामीणों ने उन्हें हर समय उनके साथ तैयार रहने एवं धरना प्रदर्शन में शामिल होने की बात कही .इस क्रम में श्री उमेश सिंह जी के द्वारा लोइंगा, काला पहाड़ अंगरा तथा कनौदी गांव में लोगों से मिलकर जनसंपर्क अभियान चलाया गया.

## बाबू भाई का जाना दुखदः अरुणा शंकर

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने आनंद कुमार बाबू उर्फ बाबू भाई चंद्रवंशी को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनका जाना हम सभी के लिए दुखद है. एक मिलनसार व्यक्ति हम सबों के बीच नहीं रहे. उनकी कमी हम सबों को खलेगी भगवान उनकी आत्मा को शांति दे. श्रद्धांजलि देने हरिश्चंद्र घाट पहुंची श्रीमती शंकर ने वहां की व्यवस्था को देखने के बाद कहा कि मुझे यहां आने का मौका नहीं मिलता. लेकिन आज यहां आने पर पता चला की नदी के किनारे होने के बावजूद राजा हरिश्चंद्र घाट में पानी की बहुत समस्या हो रही है.

## बिश्रामपुर के नवागत थाना प्रभारी ने की बैठक

**बिश्रामपुर (पलामू)।** रेहला थाना में क्षेत्र के प्रबुद्ध व गणमान्य लोगों के साथ नवपदस्थापित थानेदार ने एक परिचयात्मक बैठक की . बैठक में क्षेत्र में भय व अपराध मुक्त वातावरण बनाने के लिए विशेष चर्चा की गयी. बैठक में इंस्पेक्टर रामाशीष पासवान, जिला पार्षद विजय रविदास, सांसद प्रतिनिधि अनुज कुमार पांडेय सहित कई गणमान्य व वरिष्ठ लोग उपस्थित थे.थाना प्रभारी संतोष कुमार ने कहा कि थाना क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति अपनी समस्या को थाना आकर बेहिचक साझा कर सकता है. उस पर सकारात्मक कार्रवाई की जाएगी. मौके पर एस आई मोहम्मद एनामुल हक खान, वार्ड पार्षद दिनेश शुक्ला आदि मौजूद थे.

## खान निरीक्षक को कोर्ट में हाजिर होने का दिया आदेश

लातेहार। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह की अदालत ने अग्रीम जमानत की एक याचिका पर सुनवाई करते हुए सूचक खान निरीक्षक पदम लोचन ओहदार को अगली तिथि को अदालत में उपस्थित कराने का निर्देश प्रभारी लोक अभियोजक एके दास को दिया है. जानकारी के अनुसार मनिका थाना क्षेत्र के कोपे एवं जगतु ग्राम में एक सरकारी योजना का निर्माण हेतु भंडारण किए गए बालू के दर्ज मामले पर अग्रिम याचिका की सुनवाई श्री सिंह की अदालत द्वारा किया जा रहा था.

## शिक्षिका के घर चोरी

**लातेहार।** जिला मुख्यालय के कीनामाड़ निवासी शिक्षिका विक्टोरिया टोप्पो के घर अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली. जानकारी के अनुसार विक्टोरिया टोप्पो पिछले दो दिनों से रांची में थी. सोमवार की रात जब वह अपने घर लौटी तो देखा कि घर के दरवाजे का ताला टुटा हुआ है. घर के अंदर कमरों में आलमारी के ताले भी टुटे हुए थे. विक्टोरिया के अनुसार आलमारी में नगद के अलावा सोने व चांदी के जेवर थे, जिसे चोरों ने उड़ा लिया.

### मुखिया सुदर्शन राम पर लगे कई गंभीर आरोप, कार्रवाई में देरी से प्रशासन की भूमिका संदेह के घेरे में

# हैदरनगर में 'अबुआ आवास' योजना में गड़बड़ी

**पवन कुमार सिंह ।हुसैनाबाद/पलामू**



जिले के हैदरनगर प्रखंड के बरडंडा पंचायत में झारखंड सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना ''अबुआ आवास'' में भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप सामने आए हैं. पंचायत के मुखिया सुदर्शन राम पर लाभुक रीना देवी से 5,000 रुपये की रिश्वत लेने और 10,000 रुपये की अतिरिक्त राशि मांग करने का आरोप है. इस आरोप का ऑडियो वायरल होने के बाद, रीना देवी ने 13 मार्च 2024 को उप विकास आयुक्त, पलामू, उपायुक्त, पलामू, और प्रखंड विकास पदाधिकारी, हैदर नगर को शिकायत पत्र देकर कार्रवाई की मांग की.

शिकायत के आलोक में 15 जून 2024 को उप विकास आयुक्त, पलामू के कार्यालय में सुनवाई हुई, जहां मुखिया सुदर्शन राम, आवास कोऑर्डिनेटर चंद्रशेखर, ऑपरेटर धीरज, और शिकायतकर्ता रीना देवी उपस्थित थे. सुनवाई के दौरान, उप विकास आयुक्त ने वायरल ऑडियो सुना और मुखिया से पुष्टि की. मुखिया और अन्य अधिकारी इस बात को स्वीकार किया कि ऑडियो में आवाज मुखिया सुदर्शन राम की है. इसके बाद उप विकास आयुक्त ने मुखिया का वित्तीय अधिकार जब्त करने और संविदा पर नियुक्त कोऑर्डिनेटर और ऑपरेटर को बर्खास्त करने की बात कही थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई. गत 28 जून 2024 को डीआरडीए द्वारा जांच समिति गठित की गई, जिसमें सहायक परियोजना पदाधिकारी विमलेश विश्वकर्मा, जिला आवास कोऑर्डिनेटर मुफ्ती अनवर, और जिला आवास प्रशिक्षण प्रमुख अभय कुमार शामिल थे. जांच दल ने रीना देवी के घर पहुंचकर पूछताछ की, और प्रतिवेदन में आरोपों को प्रमाणित पाया गया. जांच रिपोर्ट के आधार पर 20 जुलाई 2024 को संबंधित मुखिया, पंचायत सचिव, आवास कोऑर्डिनेटर और प्रखंड विकास पदाधिकारी, हैदर नगर से स्पष्टीकरण मांगा गया था, जिसमें यह स्पष्ट किया गया कि मुखिया ने लाभुक से पैसे की मांग की थी. हालांकि, एक महीने से अधिक समय बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई.

मुख्यमंत्री, प्रधान सचिव ग्रामीण विकास विभाग, प्रधान सचिव पंचायती राज विभाग, और निदेशक पंचायती राज विभाग को इस मामले की शिकायत की गई, जिसके बाद सीएमओ कार्यालय से उपायुक्त, पलामू को 15 दिनों के अंदर कार्रवाई करने का निर्देश मिला. परंतु, अभी तक किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई, जिससे प्रशासन की भूमिका पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं. जांच में यह भी सामने आया है कि प्राथमिकता सूची के अनुसार लाभुक सुनीता देवी, जो सूची में पहले स्थान पर थीं, से भी 10,000 रुपये की मांग की गई थी. पैसे नहीं देने पर उन्हें आवास का लाभ नहीं दिया गया, जबकि मुखिया सुदर्शन राम के पारिवारिक रिश्तेदारों को नियमों को दरकिनार कर आवास का लाभ दिया गया. यह मामला न केवल भ्रष्टाचार को उजागर करता है, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही और भ्रष्टाचारियों को बचाने के प्रयासों की ओर भी इशारा करता है.

### कांग्रेसियों ने मनायी पूर्व पीएम राजीव गांधी की 80वीं जयंती

# राजीव गांधी का राजनीतिक जीवन छोटा था, लेकिन महत्वपूर्ण थाः हयात

**संवाददाता। बालूमाथ (लातेहार)**

बालूमाथ कांग्रेस कमेटी ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 80वीं जयंती मनायी. इस अवसर पर कांग्रेसियों ने राजीव गांधी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की गयी. मौके पर प्रखंड अध्यक्ष मो. आमिर हयात ने कहा कि स्व. राजीव गांधी का राजनीतिक जीवन भले ही छोटा था, लेकिन बेहद महत्वपूर्ण था. मार्च 1985 के बजट में उन्होंने बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी, जिसने आर्थिक नीति के प्रति एक नया दृष्टिकोण दिया. शहादत प्राप्त होने से कुछ सप्ताह पहले तक राजीव गांधी ने 1991 के लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी के घोषणापत्र को तैयार करने में कई घंटे बिताये थे. जिसने जून-जुलाई 1991 में नरसिम्हा राव और मनमोहन सिंह द्वारा लाये गये ऐतिहासिक सुधारों की नींव रखी.

**राजीव गांधी ने राष्ट्रीय हित को ऊपर रखा :** वहीं जिला उपाध्यक्ष हाजी मोतिउर्रहमान ने कहा कि असम, पंजाब, मिजोरम और त्रिपुरा जैसे देश के अशांत क्षेत्रों में शांति समझौते राजीव गांधी की उस शासन कला के बदौलत संभव हो पाया. स्व रखा. पूर्व प्रखंड अध्यक्ष मो जुबैर ने कहा कि उनके पास विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की सामाजिक उपयोगिता के लिए एक दृष्टिकोण था. जो पेयजल आपूर्ति, टीकाकरण, साक्षरता, तिलहन उत्पादन और दूरसंचार एवं डेयरी विकास में प्रभावशाली प्रौद्योगिकी मिशन में परिलक्षित हुआ. भारत को सॉफ्टवेयर निर्यात में महाशक्ति बनाने की दिशा में पहला प्रत्यक्ष कदम राजीव गांधी के कार्यकाल के दौरान उठाया गया था. राष्ट्रीय आवास बैंक और भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक जैसी वित्तीय संस्थाएं भी उसी दौर में अस्तित्व में आयी थीं. राजीव गांधी ने ही मतदान की आयु घटाकर 18 वर्ष किया था. मौके पर कांग्रेस कार्यकर्ता गोविंद, समीर, साबिर अंसारी, पवन, वाशिम समेत कई लोग उपस्थित रहे.



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते बिट्टू पाठक.

### खास बातें

- लातेहार के सभी प्रखंडों में राजीव गांधी को किया याद
- अस्पताल में मरीजों के बीच फल का किया गया वितरण

### आधुनिक भारत के निर्माता थे राजीव गांधी : बिट्टू

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कार्यालय में बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी की जयंती मनाई गई . कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी जिलाध्यक्ष जैशरंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने की . सर्वप्रथम कांग्रेसियों ने स्वर्ग दिखाई की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया . जिलाध्यक्ष श्री पाठक के नेतृत्व में सद्भावना मार्च भी निकाला गया . सद्भावना मार्च में सभी कांग्रेस जनों ने नारा दिया जब तक सूरज चांद रहेगा राजीव तेरा नाम रहेगा, राजीव गांधी अमर रहे . जिलाध्यक्ष श्री पाठक ने कहा कि आज देश सद्भावना दिवस मना रहा है . पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी भारत के महान सपूत थे . उन्होंने करोड़ों भारतीयों में आशा की किरण जगाई . कार्यक्रम में प्रदेश सचिव पूर्णिमा पांडे, शमीम अहमद राइन, ईश्वरी प्रसाद सिंह, गिरजा राम, मिथिलेश सिंह, सत्यनारायण तिवारी, सुधीर चंद्रवंशी, सुधीर चौबे, अशोक तिवारी, डॉ. कृष्ण मणि दुबे, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, सुरेश कुमार पाठक, अजय साहू, जितेंद्र कमलापुरी, अशोक पासवान, नफीस खान, विष्णुदेव यादव, खुर्शीद आलम, शेर खान, अनिल कुमार सिंह, तुलसी पासवान, सतीश चौबे, सच्चिदानंद मिश्रा, शहजाद अली आदि उपस्थित थे .

## पलामू जिला लोजपा का हुआ विस्तार

**मेदिनीनगर।** लोक जनशक्ति पार्टी के पलामू जिलाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में स्थानीय टेंपो स्टैंड में पार्टी सदस्यों की बैठक हुई, जिसमें सर्वसम्मति से जिला कमेटी का विस्तार किया गया. पलामू जिला कमेटी में योगेंद्र कुमार उर्फ पप्पू व रमाकांत दुबे को वरीय उपाध्यक्ष, शंभू प्रसाद, जितेंद्र सिंह, रवि सिंह को उपाध्यक्ष, विवेक कुमार सिंह उर्फ लड्डू को प्रधान महासचिव, कुमार सिंह, संतोष सिंह, सुरेंद्र सिंह चेरो, शिवकुमार सिंह, नागेंद्र प्रसाद गुप्ता, एमडी दानिश, मुन्नालाल पासवान, संजय सिंह, मनोरंजन शुक्ला, संजय पासवान को महासचिव, रंजीत पासवान, विकास तिवारी, सत्येंद्र पासवान, मदन सिंह, भीम चौहान, नवीन कुमार मुकेश, राणा सिंह चौहान, डब्लू पासवान, कैलाश चौहान, रजत पासवान, को सचिव, पंकज तिवारी प्रवक्ता, मीडिया प्रभारी आकाश कुमार चौबे, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश मेहता, अजीत कुमार कार्यालय सचिव बनाया गया है. कार्यकारणी सदस्यों में प्रेमचंद तिवारी, अशोक चौहान, जय कुमार, यशवंत पासवान, सूचित पासवान, धनंजय कुमार सिंह, विकास तिवारी उर्फ टिंकू, सुदर्शन पासवान, वकील पासवान, बिट्टू खान, मुन्ना खान, अजीत सिंह, रामनिवास तिवारी, अभिषेक जायसवाल, धीरज चंद्रवंशी, रिकी पासवान, संजीत नोनिया, उपेंद्र राम, मनोज महतो, छोटेलाल महतो को शामिल किया गया है.

# पीसीपीएनडीटी एक्ट के क्रियान्वयन के लिए बैठक



जिला सलाहकार समिति की बैठक में शामिल डीसी व अन्य.

**संवाददाता ।लातेहार**

उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में पीसीपीएनडीटी एक्ट के समुचित क्रियान्वयन हेतु जिला सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया.उपायुक्त ने कहा लिंग जांच एवं लिंग चयनात्मक गर्भपात को रोकने के लिए पीसीपीएनडीटी एक्ट बनाया गया है. पीसीपीएनडीटी एक्ट के समुचित क्रियान्वयन के लिए हमें संवेदनशीलता एवं गंभीरता के साथ कार्य करना है. उपायुक्त ने सिविल सर्जन से नवजात बच्चों में लिंगानुपात के बारे जानकारी लिया. सिविल सर्जन डॉ अवधेश सिंह ने बताया कि माह अप्रैल 2023 से माह जुलाई 2024 तक लातेहार जिले में जन्मे बच्चों का लिंग अनुपात 921 है. उपायुक्त ने सिविल सर्जन को जिले में संचालित अल्ट्रासाउंड जाँच केंद्रों में औचक जाँच कर पीसीपीएनडीटी एक्ट का उल्लंघन पाये जाने पर नियमानुसार कारवाई करने का निर्देश दिया. सिविल सर्जन ने बताया कि जिले में आठ निजी अस्पताल और नर्सिंग होम में अल्ट्रासाउंड जाँच किया जाता है. बालूमाथ प्रखंड में 1-1 अल्ट्रासाउंड जाँच केंद्र का जांच किया गया था. जिला निगरानी समिति के सदस्यों के साथ अन्य अल्ट्रासाउंड जाँच केंद्रों में भी औचक जांच किया जाएगा. बैठक में सिविल सर्जन ने बताया कि जिले के चार नवीनतम अल्ट्रासाउंड के पंजीकरण हेतु प्रस्ताव प्राप्त है. उपायुक्त ने जिला निगरानी समिति के सदस्यों के द्वारा उन अल्ट्रासाउंड जांच केंद्रों का जांच कर प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया.

# ऐतिहासिक होगी रांची की युवा आक्रोश रैली : राकेश

**संवाददाता ।लातेहार**

भाजपा जिला उपाध्यक्ष राकेश कुमार दुबे ने कहा कि आगामी 23 अगस्त को भाजयुमो के द्वारा रांची के मोहराबादी मैदान में आहुत युवा आक्रोश रैली ऐतिहासिक होगी. यह रैली आगामी विधानसभा चुनावों में झारखंड के हेमंत सोरेन सरकार का तख्ता पलट करेगी. आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ झारखंड में अपनी सरकार बनायेगी. श्री दुबे मंगलवार को शहर के होटल द ब्लिस में भाजपा की एक प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे. उन्होने कहा कि इस रैली को ले कर बूथ स्तर से तैयारियां की जा रही है. हर बूथ से भाजपा कार्यकर्ता इस रैली में भाग लेगें.

प्रेस वार्ता में जिला महामंत्री अमलेश कुमार सिंह ने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को युवाओं को छलने के कार्य किया है. युवा आगामी 23 अगस्त को अपना आक्रोश प्रकट करेंगें. भाजयुमो के जिला अध्यक्ष छोटू राजा ने कहा कि हेमंत सोरेन लोगों को लोकलुभावन वायदे कर गद्दी पर आसीन हुए हैं, लेकिन कभी अपने वायदो को पूरा नहीं किया. प्रत्येक वर्ष पांच लाख युवाओं को नौकरी देने का वायदा किया था. बेरोजगारी भत्ता पांच से बढ़ा कर सात हजार करने का वायदा किया था वो भी पूरा नहीं हुआ. युवाओ का विश्वास इस सरकार से उठ गया है. उन्होने बताया कि आगामी 23 अगस्त से लातेहार जिला से पांच हजार युवा भाग लेगें. जबकि 21 अगस्त को जिला मुख्यालय में थाना चौक से लेकर समाहरणालय गेट तक मशाल जुलूस निकाला जायेगा.



कार्यकर्ताओं संबोधित करते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष व अन्य

### आक्रोश रैली को लेकर भाजपा पाटन मंडल ने की बैठक

**पाटन (पलामू) :** पाटन स्थित राजू सिंह के आवास पर भाजपा पाटन मंडल की बैठक संजय सिंह की अध्यक्षता मं हुई . बैठक में 23 अगस्त को होने वाले युवा आक्रोश रैली को लेकर चर्चा हुई . बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता पूर्व सांसद मनोज कुमार शामिल हुए . इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित अनुसूचित जाति के प्रदेश महामंत्री प्रभात कुमार, अनुसूचित जाति पलामू जिला अध्यक्ष सतीश कुमार, विधायक प्रतिनिधि संजय कुमार सिंह ,विधायक प्रतिनिधि अशोक तिवारी, भाजयुमो में अध्यक्ष अभिषेक कुमार सिंह,वरिष्ठ भाजपा नेता वशिष्ठ पांडे, निरंजन पासवान, श्रवण मिश्रा,कामता सिंह, पिंकी विश्वकर्मा, पूनम देवी, ओमप्रकाश पांडे, जमुना प्रसाद, रिकी प्रसाद, जितेंद्र सोनी, विनोद पांडे, राजू पांडे, अंजय सिंह, आनंद सिंह, पशुपति शर्मा, कैप्टन बिहारी सिंह, सभी शक्ति केंद्र के संयोजक सहसंयोजक सभी बूथ अध्यक्ष सैकड़ो लोग उपस्थित थे .


### न्यूज अपडेट

## मंत्री ने विवाह मंडप भवन का किया उद्घाटन



**लातेहार।** स्थानीय विधायक और सूबे के शिक्षा सह उत्पाद व मद्य निषेध मंत्री बैद्यनाथ राम ने सदर प्रखंड के भूसूर ग्राम के शिव मंदिर के पास विधायक कोटे की राशि से नवनिर्मित सामूहिक विवाह मंडप भवन का उद्घाटन किया. बैद्यनाथ राम ने शिलापट्ट का अनावरण किया और नारियल फोड़ा. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि सामूहिक विवाह मंडप बन जाने से स्थानीय ग्रामीणों को काफी सहुलियत होगी. उन्होंने यहां अन्य संसाधन उपलब्ध कराने की बात भी कही. स्थानीय लोगों ने भी अपने संबोधन में मंत्री राम के इस कार्य की प्रशंसा की. मौके पर मंत्री राम ने शिव मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की.

## चोरों ने मवि विशुनपुर को बनाया अपना निशाना



**लातेहार ।** सदर प्रखंड स्थित मध्य विद्यालय विशुनपुर को चोरों ने निशाना बनाया है. चोरों ने स्कूल के गोदाम का ताला तोड़ा और सामान चोरी उड़ा ले गये. जानकारी के अनुसार, चोरों ने चावल, एक भरा सिलिंडर और रसोई से एक खाली सिलिंडर की चोरी कर ली. विद्यालय प्रबधन ने इसकी सूचना सदर थाना को दी है. जानकारी के अनुसार, गत 17 से 19 अगस्त तक विद्यालय बंद था. इसी दौरान चोरी की घटना को अंजाम दिया गया. बता दें कि यह पहली बार नहीं है, जब स्कूल में सामानों की चोरी हुई है. इससे पहले भी चोरों ने इस स्कूल में निशाना बनाया है.

## क्षेत्रीय उप निदेशक ने अस्पताल का निरीक्षण किया



**लातेहार।** पलामू प्रमंडल के क्षेत्रीय स्वास्थ्य उप निदेशक डा संतोष श्रीवास्तव ने मंगलवार को सदर अस्पताल का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होने सिविल सर्जन डा अवधेश कुमार से मुलाकात कर जिले में स्वास्थ्य सेवाओं एवं सरकार के द्वारा चलायी जा रही विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी ली. डा श्रीवास्तव ने सदर अस्पताल के कई वार्डो का निरीक्षण किया और वहां तैनात स्वास्थ्य कर्मी और मरीजों से स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली. उन्होंने वैक्सीन शीतल केंद्र का भी निरीक्षण किया. सिविल सर्जन से बैठक कर जिले में चलाये जा रहे पल्स पोलियो अभियान के अलावा फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की जानकारी ली.

## खेलों से बढ़ता है सामाजिक सोहार्द : पांडेय




**लातेहार।** आजसू जिला अध्यक्ष अमीत कुमार पांडेय ने कहा कि खेलों के आयोजनों से सामाजिक सोहार्द बढ़ता है. खेलों मे समाज के हर तबके के लोग भाग लेते हैं. यह सामाजिक समरसता को बढ़ाता है. श्री पांडेय मंगलवार को सदर प्रखंड के केंदवाही ग्राम में आयोजित फुटबॉल टुर्नामेंट के उदघाटन के मौके पर बोल रहे थे. उन्होंने आगे कहा कि खेल प्रतियोगिताओं से एक नयी उर्जा मिलती है. खेलों से न सिर्फ शारीरिक वरन मानसिक विकास होता है और प्रतिस्पर्द्धा की भावनाओं का संचार होता है. श्री पांडेय ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और फीता काट कर तथा फुटबॉल कीक कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया.

## पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक



**लातेहार।** पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय, लातेहार के प्रबंध समिति (वीएमसी) की एक बैठक नामित अध्यक्ष सह अनुमंडल दंडाधिकारी अजय कुमार रजक की अध्यक्षता में आयोजित की गई. बैठक में विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों पर चर्चा की गई. प्राचार्य शैलेंद्र प्रताप सिंह ने विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों से समिति को अवगत कराया. विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों पर समिति के सदस्यों ने संतोष प्रकट किया. बैठक में इसके अलावा विद्यालय के टॉयलेट और वॉशरूम की मरम्मति एवं रिनोवेशन पर चर्चा की गई. विद्यालय में समरसेबल पंप खरीदने को मंजूरी दी गई. विद्यालय में छात्रों के मेडिकल कैंप आयोजित कर छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण कराने का निर्णय लिया गया.

## दुर्घटना का कारण बन रहा है ओवरलोड वाहन



**हुसैनाबाद(पलामू).** दंगवार - मोहम्मदगज व जपला -छतरपुर मुख्य पथ में पत्थर छर्री डस्ट आदि का परिवहन करने वाले हाइवा वाहन ओवरलोड व बिना ढके परिवहन कर रहे हैं. जिससे सड़क पर डस्ट उड़ता है व छर्री के सड़क पर गिरने से दो पहिया व चार पहिया वाहनों को दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है. खास कर बाइक चालकों को खासी परेशानी होती है. हुसैनाबाद के अनुमंडल पदाधिकारी पियूष सिन्हा के द्वारा लगातार ओवरलोड व बिना ढके सामानों का परिवहन करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई की जा रही है. बावजूद इसके वाहन चालक बाज नहीं आ रहे है. बाइक चालकों ने बताया कि हुसैनाबाद के सोहया के अलावा पिपरा हरिहरगंज व छतरपुर से हुसैनाबाद, हैदरनगर व मोहम्नदगंज क्षेत्र में पत्थर के डस्ट व छर्री मंगाया जाता है. इसे परिवहन कर लाने वाले हाइवा व अन्य वाहन चालक बिना ढके व ओवरलोड कर लाते हैं. उन्होंने बताया कि डस्ट उड़ने से बाइक चालकों को भारी परेशानी होती है.

### उपलब्धि थाईलैंड में एशिया एचीवर्स अवार्ड से नवाजे गए पर्यावरणविद् डॉ कौशल

# एशिया एचीवर्स व भारत गौरव अवार्ड से नवाजा गया

**संवाददाता ।मेदिनीनगर**

पलामू के पर्यावरणविद् डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने कहा है कि छह दिवसीय विदेश यात्रा के दौरान थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक स्थित होटल हॉलिडे इन में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्हें वहां के पूर्व उप प्रधानमंत्री कॉर्न देमोरेंसी के हाथों एशिया एचीवर्स व भारत गौरव नामक अवार्ड से नवाजा गया है .

डॉ कौशल ने बताया कि उनके द्वारा चलाया गया निशुल्क पौधा वितरण व रोपण के 58 वां वर्ष और वनराखी मूवमेंट के 48 वां वर्ष पूरा होने पर थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक के होटल हॉलीडे ईन में मोटिवेशनल स्पीकर पॉल नरूला की ओर से आयोजित सम्मान समारोह का उद्घाटन थाईलैंड के पूर्व उप प्रधानमंत्री कॉर्न देमोरेंसी, पॉल नरूला , डॉ राजू खान, डॉ जफर और पर्यावरणविद् डॉ कौशल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया . पूर्व उप प्रधानमंत्री कॉर्न देमोरेंसी ने एशिया एचीवर्स व भारत के गौरव अवार्ड से डॉ कौशल को सम्मानित करते हुए कहा डॉ कौशल द्वारा पर्यावरण के क्षेत्र में लंबे अरसे से जो निःशुल्क कार्य किया जा रहा है वह दुनियां के लोगों के लिए मील का पत्थर साबित हुआ है. उन्होंने कहा कि भारत थाईलैंड दोनों देशों की मित्रता लंबे अरसे से चलते आ रहा है और आगे भी जारी रहेगा.छः दिवसीय विदेश यात्रा से अवार्ड लेकर लौटने पर उनके पड़ोसियों, परिजनों एवं शुभचिंतकों ने पर्यावरणविद् डॉ कौशल व पुत्र अरुण जायसवाल का डालटनगंज स्टेशन पर भव्य स्वागत किया. मौके पर डाली बाजार पंचायत के मुखिया पूनम जायसवाल, छतरपुर पूर्वी से जिला परिषद अमित कुमार जायसवाल, कोमल जायसवाल, शिल्पा जायसवाल, सूरज , विकास, आराध्या, आशिविका, आद्रिका, अनुषा, सत्य सिंह, संतोष, रामू, छोटू मौजूद थे .



थाईलैंड में सम्मानित होते पर्यावरणविद् डॉ कौशल.

### खास बातें

- बैंकॉक के होटल हॉलिडे इन में आयोजित हुआ कार्यक्रम
- डॉ कौशल 58 वर्ष से निशुल्क पौधा वितरण व रोपण कर रहे



## ब्रीफ खबरें

### सड़क दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल

**भंडरा/लोहरदगा।** जिले के भंडरा थाना छेत्र के राइस मिल के समीप मोटरसाइकिल की गति तेज होने के कारण अनियंत्रित होकर गिरने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. इधर घायल युवक की पहचान कुंदो निवासी अशोक उरांव के रूप में हुई है. यहां पर मौजूद लोगों ने बताया कि गाड़ी की स्पीड अधिक होने के कारण मोड़ में नियंत्रण नहीं बनने के कारण युवक गिर कर घायल हो गया. जिसे 108 पर फोन कर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भंडरा ले जाया गया. यहां पर चिकित्सकों ने अशोक की स्थिति नॉर्मल बताया है. मौके पर भंडरा पुलिस पहुंचकर जांच पड़ताल कर रही है.

### रुद्र शुक्ला ने किया पांकी से चुनाव लड़ने का दावा

**मेदिनीनगर ।** आगामी विधान सभा चुनाव को लेकर पांकी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए युवा कांग्रेसी नेता रुद्र शुक्ला ने अपनी उम्मीवारी पार्टी में पेश की है. उन्होंने कहा कि वे पांकी विधानसभा की आम जनता और पार्टी कार्यकर्ता के आदेश से चुनाव लड़ने को तैयार हैं. उन्होंने अपनी उम्मीदवारी का आवेदन अपने वायोडाटा के साथ पलामू जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक को दिया है. श्री शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के सिपाही के रूप उन्होंने कार्य किया है.

### भारत बंद को सफल बनायेंः मुमताज खान

**मेदिनीनगर :** 21 अगस्त के भारत बंद को भीम आर्मी एवं आज़ाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता पलामू में सफल बनायेंगे. भारत आजाद समाज पार्टी के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष मुमताज़ अहमद खान ने कहा कि भीम आर्मी के संस्थापक एवं नगीना सांसद चंद्रशेखर आज़ाद एवं भीम आर्मी के राष्ट्रीरय अध्यक्ष विनय रत्न सिंह के निर्देशानुसार भीम आर्मी एवं आज़ाद समाज पार्टी के सभी कार्यकर्ता भारत बंद में सक्रिय रहेंगे. उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं अनुशासन में रहकर भारत बंद को सफल बनायेंगे तथा राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपेंगे.

### पलामू पुलिस ने एमपी से किया 22 चोर गिरफ्तार

**मेदिनीनगर ।** पलामू पुलिस ने 11 महिला और 11 पुरुष चोर को गिरफ्तार किया है . सोना खरीदने वाले एक सोनार व्यापारी को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है . सभी गिरफ्तार चोर मध्य प्रदेश के गुना जिले के रहने वाले हैं . यह कार्रवाई पलामू एसपी रिष्मा रमेशन के निर्देश पर हुई है . आरोपी चोर खिलौने और बैलून बेचने के बहाने घरों की रेकी करते थे और फिर उन घरों से चोरी करते थे . पुलिस ने गिरफ्तार चोरों के पास से 48,500 रुपये नकद, दो बड़ा पेचकश, तीन टॉर्च, तीन गुलेल, तीन लोहे का रड, एक लोहे का डाई, 8 मोबाइल, चांदी का सामान आदि सामान मिला.

### पशुधन योजना को लेकर हुई बैठक

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड कार्यालय सभागार में मुख्यमंत्री पशुधन योजना को लेकर सोमवार को बैठक हुई. जिसमें जिला परिषद सदस्य अनिता देवी, बीडीओ राहुल देव, प्रमुख अनिता यादव मुख्य रूप से उपस्थित थे. बैठक में मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत ग्राम सभा के माध्यम से चयनित लाभुकों की सूची जमा किया गया. गिद्धौर पंचायत से सूची नही जमा होने पर पुनः 24 अगस्त को बैठक का समय निर्धारित किया गया. बैठक में उपप्रमुख प्रितम यादव, विधायक प्रतिनिधि महादेव दांगी, पंचायत सचिव उज्ज्वल सिंह, दिगम्बर पांडेय, प्रियंका प्रिया समेत अन्य मौजूद थे.

---

सूचना एवं प्रौद्योगिकी कंप्यूटर तकनीक क्रांति को देश में आगे बढ़ने का काम किया

# राजीव गांधी की 80वीं जयंती पर खाद्य सामग्री वितरित

**संवाददाता ।लोहरदगा**


सदर अस्पताल में मरीजों के बीच खाद्य सामग्री वितरित करते कांग्रेसी.

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के सौजन्य से लोहरदगा सदर अस्पताल में मरीजों के बीच कंबल एवं मिठाइयों का वितरण किया गया. इस मौके पर कार्यकारी जिलाध्यक्ष हाजी शकील अहमद ने कहा कि राजीव गांधी गरीबों के सेवक थे. वे सामान्य रूप से आमजनों से मिलते थे. भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री ने देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का काम किया. महिला बहनों को उन्होंने 33 प्रतिशत आरक्षण दिलाने का काम किया, के साथ-साथ युवाओं को मताधिकार की उम्र 21 साल से 18 साल किया, ताकि युवाओं की सहभागिता लोकतंत्र में हो सके, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल ने कहा पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी दूरदर्शी नेता थे. उन्होंने सूचना एवं प्रौद्योगिकी कंप्यूटर तकनीक क्रांति को देश में आगे बढ़ने का काम किया, गरीब बच्चों के लिए नवोदय विद्यालय का निर्माण किया ताकि वह शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़े. मौके पर कार्यकारी जिलाध्यक्ष हाजी शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष विनय उरांव, जिप अध्यक्ष रीना कुमारी, हाजी सदरूल अंसारी, हाजी सिकंदर अंसारी, विशाल डुंगडुंग, रसीद अंसारी, फारुख हुसैन, मुशर्रफ रजा, असरफ अंसारी, मिखाईल आदि उपस्थित थे.

### युवा कांग्रेस ने राजीव गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की

**किस्को/लोहरदगा।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी के 80वी जयंती पर जिला युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष असलम अंसारी के नेतृत्व में किस्को में उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे श्रद्धांजलि दी .इस अवसर पर गोष्ठी का भी आयोजन किया गया . इस मौके पर युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष असलम अंसारी ने कहा कि आज उनके किए गए कार्यों देश के प्रति उनके विचारों को हम युवा कांग्रेस को अपनाने की जरूरत है . सूचना प्रौद्योगिकी के जनक स्व राजीव गांधी विकास पुरष थे . उनके द्वारा देश के विकास में बहुत बड़ा योगदान रहा . जिसके लिए हमारे देश का सर्वश्रेष्ठ नागरिक का पुरस्कार भी उन्हें दिया गया . आज उनके विचारधारा को हम युवाओं को अपनाते हुए उनको अपने मार्गदर्शक मानते हुए आगे बढ़ाने की जरूरत है . उनकी जयंती पर युवा कांग्रेस विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करती हैं . मौके पर मुख्य रूप से युवा कांग्रेस के नेता, पवन महली, चांद उरांव,धीरज कुमार, अफसर अंसारी,ज्योति कुजूर,परमिला उरांव,असलम अंसारी,आदि काफी संख्या में युवा कांग्रेस के साथी मौजूद थे .

---

गढ़वा में 23 करोड़ रुपए की लागत से होगा पांच सड़कों का निर्माण

# हेमंत सरकार में पूरे राज्य में हो रहा है विकास : मंत्री

- झारखंड सरकार ने दी स्वीकृति

**संवाददाता ।गढ़वा**



**खास बातें**

- गढ़वा दो,मेराल में दो व रमकंडा में एक सड़क का होगा निर्माण
- ग्रामीणों की वर्षो पुरानी मांग अब जाकर पूरी हो गई है

गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों में लगभग 23 करोड़ रुपए की लागत से पांच सड़कों का निर्माण किया जाएगा. ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड सरकार ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है. इनमें गढ़वा में दो, मेराल में दो तथा रमकंडा प्रखंड में एक सड़क का निर्माण शामिल है. ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना के तहत इन सड़कों का निर्माण किया जाएगा.

जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि गढ़वा प्रखंड में पीडब्ल्यूडी पथ प्रतापपुर ईदगाह से आरईओ रोड जाला तक पांच करोड़ 42 लाख 55 हजार 600 रुपए की लागत से 5.75 किमी, एनएच 343 से सोह तक एक करोड़ 80 लाख 85 हजार 700 रुपए की लागत से 1.53 किमी, मेराल प्रखंड में गढ़वा चिनियां मुख्य पथ (पेशका ऑफिस) से बगेशर स्कूल तक सात करोड़ 13 लाख छह हजार 900 रूपये की लागत से 7.7 किमी, लोवादाग पीएमजीएसवाई रोड से मदरसा टोला होते हुए अधौरा स्कूल तक तीन करोड़ 31 लाख 45 हजार 200 रूपये की लागत से 2.6 किमी तथा रमकंडा प्रखंड में चेटे मुख्य पथ द्वारिका साव के घर से चतरीटांड़ होते हुए गम्हरिया स्कूल तक चार करोड़ 94 लाख छह हजार 700 रूपये की लागत से 4.05 किमी लंबी सड़क का निर्माण किया जाएगा. मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि शीघ्र ही निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर इन सड़कों का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा.

मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि जनहित में इन सड़कों का निर्माण अतिआवश्यक है. इनकी स्थिति काफी जर्जर हो चुकी है. लोगों को आवागमन में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है. इन सड़कों के निर्माण से दो दर्जन से अधिक गावों के ग्रामीण लाभान्वित होंगे. मंत्री ने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान लोग इन सड़कों के निर्माण की हमेशा मांग करते थे. ग्रामीणों की मांग अब पूरी हो गई है. मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि झारखंड में जनसरोकार की सरकार है. जनता की हर समस्या दूर करना सरकार का कर्तव्य है.

लोगों को आवागमन में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है. गढ़वा सहित पूरे राज्य में हर क्षेत्र में चौतरफा विकास हो रहा है. सभी तबके के लोगों, महिलाओं आदि सभी को पूरा मान, सम्मान एवं उनका अधिकार दिया जा रहा है. आज सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से राज्य की आधी आबादी लाभान्वित हो रही है. सभी बेटी, बहनों के खाते में पैसा आना शुरू हो गया है. उन्होंने कहा कि गढ़वा में आज हर ओर विकास का डंका बज रहा है.

### सीएम राहत कोष में स्कूल ने दी सहायता राशि

**सिमरिया(चतरा)।** सिमरिया प्रखंड में संचालित उदयन पब्लिक स्कूल ने केरल के वायनाड के कुछ हिस्सों में हुए विभस्त प्राकृतिक आपदा में मारे गए लोगों व प्रभावितों के लिए प्रबंधक समिति के सचिव, कोषाध्यक्ष, सदस्य, प्राचार्या, शिक्षक संघ एंव छात्रों ने शोक प्रकट किया है. साथ ही राहत व बचाव कार्यों के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति, प्रचार्या टेंसी थॉमस, शिक्षक, विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों के सहयोग से केरल के मुख्यमंत्री राहत कोष में 16,001 (सोलह हजार एक रुपये) की सहयोग राशि भारतीय स्टेट बैंक, सिमरिया शाखा के शाखा प्रबंधक दीपक कुमार जी को सुपर्द किया. ताकि जरुरतमंद लोगों को तत्काल सहायता मिल सके. बैंक में राशि जमा करने में प्रबंधन समिति की ओर से प्रेमलता चंद्रा, प्राचार्य टेंसी थॉमस, मो. आमान अंसारी और अलग-अलग वर्ग के विद्यार्थी शामिल थे.

### ढाई साल बाद मिली जीवन ज्योति योजना की राशि

**सिमरिया( चतरा)।** सिमरिया अनुमंडल अधिकारी सनी राज और राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं सामाजिक सुरक्षा संगठन की प्रदेश अध्यक्षा प्रेमलता चंद्रा के अथक प्रयास से संतोष कुमार गुप्ता को 2 लाख की मुआवजा राशि सोमवार को मिली. इस मौके पर अनुमंडल अधिकारी, एलडीएम रविन्द्र कुमार सिंह और शाखा प्रबंधक लाभुक के घर पहुंच कर उन्हें उक्त राशि की सांकेतिक चेक संयुक्त रूप से प्रदान की. बताते चलें कि पिछले ढाई सालों से संतोष कुमार गुप्ता पिता लालो साहू की पत्नी रेणु देवी प्रधानमंत्री जीवन जीवन ज्योति योजना की सहायता राशि प्राप्त करने हेतु दर-दर भटक रही थी. 30 जनवरी 2022 को रेणु देवी के पति संतोष कुमार गुप्ता की 11000 वोल्ट के विद्युत प्रवाहित तार टूट के चपेट में आने से उनके शरीर का दाहिना हाथ और दाहिना पैर काटना पड़ा था.

### अम्रपाली परियोजना में आंदोलित हुए हाइवा मालिक

**टंडवा (चतरा)** आम्रपाली कोल परियोजना क्षेत्र में मंगलवार को विस्थापित हाइवा ऑनर संयोजक मंडली के बैनर तले आठ सूत्री मांगों को लेकर बेमियादी हड़ताल पर चले गये. वाहन मालिकों ने बताया गया कि कम भाड़ा दर में नकास कंपनी द्वारा गहरे खदान से कोयले की लोडिंग का विरोध होने पर पूर्व में कंपनी द्वारा की गई लिखित घोषणा पूरी तरह विफल हो गया है. जिससे नाराज़ होकर संघ के निर्देश पर 5 नंबर बेरियर के समीप वाहन मालिक अपने-अपने वाहनों को खड़ा कर दिनभर डटे रहे. बता दें, वाहन मालिकों के आंदोलन से टंडवा एनटीपीसी प्लांट में आम्रपाली से कोयले की ढुलाई पूरी तरह से बाधित रहा. दूसरी ओर आंदोलन स्थल में वार्ता के लिए ट्रांसपोर्टिंग कंपनी प्रबंधन का कोई प्रतिनिधि नहीं पहुंचने से लोगों में घोर नाराज़गी देखी गई. संघ के अध्यक्ष बिजय साहु ने कहा कि वाहन मालिक अपनी मांगों को लेकर पूरी तरह अडिग हैं. ट्रांसपोर्टिंग कंपनियों ने झूठे घोषणाओं से लोगों को अबतक गुमराह करते रहे हैं. बताया कि ठोस पहल होने तक आंदोलन जारी रहेगा. दूसरी ओर, पीएनएम कंपनी के मोहन कुमार ने मनवाटोंगरी सड़क से कोयले की ढुलाई हेतु लिखित तौर पर दो दिनों का मोहलत लिया है .इस मौके पर ईश्वरी साहु, गणेश साहु, रंजीत कुमार , सुरेश साहु,बसंत साहु, मनोज राम,पवन कुमार , दीपक महतो, होरिल कुमार समेत दर्जनों मौजूद थे.

## वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की सफाई कार्य शुरू,पांच दिन बाद चालू

**संवाददाता ।मेदिनीनगर**



मेदिनीनगर शहर में पिछले चार दिनों से पेयजलापूर्ति ठप है. बेलवाटिका पंपूकल स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट (क्लैरीफायर) की साफ-सफाई के कारण पेयजलापूर्ति बंद किया गया है. बीते चार दिनों से क्लैरीफायर की साफ-सफाई घर में लगे मजदूरों को मंगलवार की शाम 7:30 बजे सफलता मिली. इस कार्य के लिए लाए गए कंप्रेशर मशीन की मदद से क्लैरीफायर साफ करने के लिए लगे पाईप की सफाई पूरी हो पाई. बता दें कि यह पाइप कई माह से जाम था जिस कारण क्लैरीफायर से गंदा पानी बाहर नहीं निकल पा रहा था. इस संबंध में पेयजल स्वच्छता विभाग के कनीय अभियंता ददन राम ने बताया कि क्लैरीफायर का पाइप जाम रहने के कारण पेयजलापूर्ति में काफी परेशानी हो रही थी. गर्मी का दिन होने के कारण साफ सफाई का कार्य ससमय नहीं कराया जा सका. अब जबकि बरसात का समय आ गया है तब विभाग ने इसके विधिवत सफाई का निर्णय लिया है. पाइपलाइन इंस्पेक्टर संजय गुप्ता ने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट (क्लैरीफायर) में जमा मिट्टी दिखाते हुए बताया कि विगत दो वर्षो से क्लैरीफायर की साफ सफाई नहीं होने के कारण इसमें लगभग 8 से 10 फीट ऊंचाई तक मिट्टी जमा हो गया है जिसकी सफाई में अभी भी 5-6 दिन लगने की संभावना है. उन्होंने बताया कि साफ सफाई के बाद शहर में पेयजलापूर्ति नियमित कर दी जाएगी.

### सामूहिक प्रयास से ही मलेरिया, डायरिया पर काबू पाया जा सकता हैः सीएस

**मेदिनीनगर।** हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस के सीएसआर टीम द्वारा बटसारा मीडिल स्कूल परिसर में मलेरिया-डायरियासे बचाव को लेकर जागरुकता एवं मच्छरदानी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएसआर हेड शोभा रानी मोहंती ने की. कार्यक्रम में पलामू सिविल सर्जन डॉ अनील कुमार सिंह ने कहा कि सामूहिक प्रयास से ही मलेरिया, डायरिया एवं फाइलेरिया जैसी अन्य बीमारियों पर काबू पाया जा सकता है. मच्छरदानी वितरण कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम एवं मच्छरदानी से लोगों को राहत मिलेगी. मौके पर स्वास्थ्य विभाग के डीपीएम, डीआरसीएचओ डॉ. एसके रवि, माइक्रो बायोलाजिस्ट मासूम रजा, एफएलएम प्रिंस कुमार सिंह, स्कूल के प्रधानाध्यापक अरुण तिवारी, सुहानी कुमारी, अनीता भगत, प्रिंस सिंह, रेणु देवी, रामप्रवेश राम सहित कई लोग मौजूद थे.

## नहीं रहे पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष अब्दुल गफ्फार खान

**संवाददाता ।गुमला**


अब्दुल गफ्फार खान. (फाइल फोटो).

- गुमला कब्रिस्तान में सैकड़ो लोगों ने सुपुर्द ए खाक किया

शहर के जाने-माने समाजसेवी पूर्व तीन बार के वार्ड सदस्य एवं एक बार नगर परिषद उपाध्यक्ष के पद पर रहकर सराहनीय कार्य अब्दुल गफ्फार खान ने किया। उनके निधन से मोहल्लेवासी तथा उनके साथ सामाजिक कार्य में रहे लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की . उनके सबसे नजदीकी रहे वार्ड पार्षद योगेंद्र साहू उर्फ जोगी ने चेन्नई से अपनी श्रद्धांजलि प्रकट करते हुए गहरा सुख व्यक्त किया .

राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, आशिक अंसारी ,निर्मल गोयल ,चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष दामोदर कसेरा, उज्जवल केसरी, आफताब आलम लाडले ,नुरुल हुदा ,अनिल कुमार, न्यू वर्तमान उपाध्यक्ष कलीम अख्तर उर्फ कल्लन, अंजुमन इस्लामिया के सदर मुशाहिद आजमी, सचिव अधिवक्ता मकसूद आलम, झामुमो के वरिष्ठ नेता मोहम्मद लड्डन 20 सूत्री सदस्य खुर्शीद आलम उर्फ पप्पू, मौलाना रशेदुल कादरी हाफिज अनवरूल हक, अफसर आलम शहजाद अनवर फैयाज मास्टर अत्ताउल्लाह अंसारी मोहम्मद बन्नू ,आजाद खान, राजू मामा, जब्बार कुरैशी, हाजी सुल्तान अंसारी, नसीम खान ,शाहिद वारसी, इरफान अली ,मोहम्मद शकील खान, सैयद जुन्नु रैन ने श्री खान के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक प्रकट किया. श्री खान अपने पीछे भरा पूरा परिवार को छोड़कर कल 19 अगस्त को रांची के रिम्स में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी .

कल देर रात्रि पैतृक आवास पंजाबी गाली गुमला लाया गया. आज सिसई रोड स्थित है गुमला कब्रिस्तान में सैकड़ो लोगों ने सुपुर्द ए खाक किया . जनाजे की नमाज गौसिया मोती मस्जिद के इमाम हाफिज जाहिद हुसैन रिजवी ने पढ़ाई.

---

## न्यूज अपडेट

### हेमंत सरकार के विरोध में भाजपाइयों ने की बैठक



**मझिआंव।** हेमंत सोरेन की सरकार के द्वारा युवाओं के हक एवं रोजगार की वादा खिलाफी की लड़ाई को लेकर नगर मंडल अध्यक्ष पवन कुमार की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई. इस बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित कार्यक्रम प्रभारी रविंद्र पासवान ने कहा कि भारतीय युवा मोर्चा के तत्वाधान में युवा आक्रोश रैली आगामी 23 अगस्त को रांची के मोहराबादी मैदान में कार्यक्रम आयोजित की गई है. मंडल अध्यक्ष पवन कुमार ने रांची के मोराबादी मैदान में युवा आक्रोश रैली में नगर मंडल के सभी बूथों से कार्यकर्ताओं को भारी संख्या में रांची चलने का आह्वान किया है. साथ ही सभी बूथ अध्यक्षों से प्रत्येक बुथ से 10 से 15 की संख्या में कार्यकर्ताओं को शामिल होने का आग्रह किया है.

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले भैया-बहन सम्मानित

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में विभाग स्तरीय प्रश्न मंच के विजेताओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया. अंग्रेजी प्रश्न मंच प्रतियोगिता में आर्यन चौधरी, अंकित अर्पण भगत व रितिका साहू की टीम ने द्वितीय स्थान, विज्ञान प्रश्न मंच में रोशन कुमार, शुभम कुमार राम व आयुष आर्या की टीम ने द्वितीय स्थान, वैदिक गणित प्रश्न मंच में माइकल जैक्सन कुजूर, अजय उरांव व अमर उरांव की टीम ने द्वितीय स्थान, संस्कृति ज्ञान प्रश्न मंच में जसपती कुमारी, आकांक्षा पांण्डेय व करीना उरांव की टीम ने प्रथम स्थान, त्वरित भाषण में ज्योति प्रिया कुजूर ने प्रथम स्थान और विज्ञान पत्र वाचन में कुमारी अंतरा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया. सभी विजेता प्रतिभागियों को महाविद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह और आचार्य, दीदी जी के द्वारा पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया.

### मुख्यमंत्री आवास घेराव को लेकर हुई बैठक

**हुसैनाबाद(पलामू)।** हुसैनाबाद भाजपा कार्यालय में मंगलवार को युवा आक्रोश रैली में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास घेराव सहित अन्य विरोध-प्रदर्शन को सफल बनाने के संकल्प के साथ भाजपा हुसैनाबाद मंडल की बैठक हुई. बैठक में रैली को सफल बनाने के मुद्दों पर रणनीति बनायी गयी. बैठक में प्रभारी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविन्द्र कुमार सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे. मंडल की टीम ने उनका स्वागत किया. मौके पर मंडल अध्यक्ष राजेश कर्ण ने पार्टी कार्यकर्ताओं को युवा आक्रोश रैली को सफल बनाने का आह्वान किया. और सभी शक्ति केंद्रो पर 20-25 जगहों पर दीवाल लेखन करने के साथ सभी शक्ति केंद्रो पर प्रभारी नियुक्त किए गए. इसी कड़ी में 25 को प्रधानमंत्री के मन की बात सभी बूथों पर सुनने की व्यवस्था व सरल एप्प के माध्यम से उसे अपलोड करने की बात कही गयी.

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से चुनाव प्रचार शुरू

**रमना(गढ़वा) ।** 2024 विधानसभा चुनावी घोषणा की तिथि अभी चुनाव आयुक्त द्वारा नहीं किया गया है, लेकिन इस चुनाव में बहुजन समाज पार्टी अभी से ही कमर कस लिया है. 81 भवनाथपुर विधानसभा की जनता को एक नये अंदाज में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से चुनाव प्रचार शुरू कर दिया. इस नुक्कड़ नाटक का आयोजन सभी ग्राम में किया जा रहा है. इस नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को इस क्षेत्र की मूल समस्याओं को कारण समाधान के बारे में जागरूक किया गया. जिसमें पलायन, नोट के बदले वोट, अशिक्षा और इस क्षेत्र के विधायक के द्वारा क्षेत्र की जनता से वादा कर वादा पूरा नहीं करना जैसे अनेक जन समस्या को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से राज्यकीय मध्य विद्यालय सिलीदाग 02 के पास ग्रामीणों और स्कूली बच्चों के बिच नोट के बदले वोट नहीं देने की अपील की और साथ ही बसपा नेता सह समाजसेवी पंकज कुमार चौबे के पक्ष में वोट करने की अपील की गई.

### हाजी मो अफसर कुरैशी को प्रतिनिधि मनोनीत



**लोहरदगा।** झारखंड कांग्रेस विधायक दल के नेता सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने लोहरदगा निवासी अल्पसंख्यक समुदाय के प्रतिष्ठित व्यक्तित्व हाजी मोहम्मद अफसर कुरैशी को अपना प्रतिनिधि मनोनित किया है. उन्होंने इस आशय की जानकारी पत्र जारी कर हाजी मोहम्मद अफसर कुरैशी के साथ-साथ लोहरदगा के उपायुक्त को भी दी है. हाजी मोहम्मद अफसर कुरैशी को मंत्री प्रतिनिधि बनाए जाने की जानकारी लोगों को जैसे ही लगी, हाजी मोहम्मद अफसर कुरैशी को बधाई देने के लिए उनके आवास में लोगों का तांता लग गया. इस बीच बधाई देने वालों में पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, जिन्होंने दूरभाष से बधाई देते हुए उनके सुनहले भविष्य की कामना की.

### सोशल वर्कर संस्था ने निकाला कैंडल मार्च



**गढ़वा।** कोलकाता के मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टर के साथ हुए दुष्कर्म और हत्या के खिलाफ सोशल वर्कर संस्था के बैनर तले कैंडल मार्च निकाला गया. कैंडल मार्च शहर के रंका मोड़ से शुरू हुआ, जो शहर के मझिआंव मोड़ तक गया. कैंडल मार्च के दौरान लोग पश्चिम बंगाल सरकार के खिलाफ नारा लगा रहे थे. मौके पर संस्था के संचालक आकाश केशरी ने कहा कि देश मे इस प्रकार की घटना काफी निंदनीय है. आज हमारे गढ़वा से अनेको बच्चियां बाहर जाकर उच्च शिक्षा हासिल कर रही हैं. यदि यदि इस तरह की घटना पर रोक नहीं लगाई गई तो बच्चियां कैसे शिक्षा प्राप्त करेंगी. उन्होंने कहा कि भारत देश के लोग बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा लगाते हैं. लेकिन इस पर किसी का ध्यान नहीं रहता है. देश के कई जगहों पर इस तरह की घटना घटती हैं. उन्होंने कहा कि कोलकाता की घटना दिल दहलाने वाली है. मौके पर डॉ पतंजलि, मनीष गुप्ता, सुप्रीत केशरी, सूरज सिंह, दौलत सोनी, लखन कश्यप, सूरज गुप्ता, शुभम केशरी, राजेश गुप्ता, वेद प्रकाश, शिवम केशरी, उत्तम केशरी, सोनू यादव, रोबिन कश्यप, लकी, चन्दन जायसवाल, मंटू गुप्ता, अंजना जायसवाल, अनिता दत्त, पिंकी केशरी, अंशु कांश्यकार आदि उपस्थित थे.

---

**आंदोलन** कर्मचारी पिछले 22 जुलाई से अपनी नौ सूत्री मांगों को ले कर हड़ताल में हैं

# कर्मचारियों की हड़ताल से कामकाज प्रभावित,बढ़ी परेशानी

**संवाददाता ।लातेहार**


अनुसचिवीय कर्मचारियों की सभा को संबोधित करते वक्ता.

अनुसचिवीय कर्मचारी (समाहरणालय संवर्ग) और शिक्षा विभाग के लिपिकों का हड़ताल जारी है. दोनो संघों के द्वारा समाहरणालय के समक्ष टेंट लगा कर धरना दिया जारहा है. समाहरणालय संवर्ग के अनुसचिवीय कर्मचारी पिछले 22 जुलाई से अपनी नौ सूत्री मांगों को ले कर हड़ताल में हैं. जिला अध्यक्ष सुरजा कुजूर ने कहा कि सरकार ने अभी तक कर्मचारियों की मांगों पर कोई विचार नहीं किया है. विगत दिनों हृदय परिवर्तन सप्ताह मना कर सरकार का हृदय परिवर्तन के लिए विभिन्न धार्मिक स्थलों में प्रार्थनायें की गयी थी, बावजदू इसके सरकार पर इसका कोई असर नहीं हुआ. सचिव मनोज पासवान ने कहा कि झारखंड प्रदेश संघ के आवाह्न कर्मचारी चट्टानी एकता का परिचय देते हुए हड़ताल में डटे हैं.

मौक पर मौके पर जिला उपाध्यक्ष सच्चिदानंद कुमार, कोषाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार सिंह, संरक्षक गोवर्धन राम, देवनाथ उरांव, आशीष कुमार, बृजकिशोर तिवारी, जय कुमार सिंह, विजय कुमार रजक, महेंद्र सिंह, पंकज शाहदेव, अशोक पासवान, अखिलेश टोप्पो, रामनरेश राम, अरुण कुमार, पुष्पेंद्र पांडेय व अनिमेष कुमार समेत संघ के कई कई कर्मचारी मौजूद थे.

### छठे दिन भी हड़ताल में जमे हैं लिपिक

**लातेहार।** झारखंड राज्य मुफस्सिल लिपिक मोर्चा झारखंड रांची के आवाहन पर मंगलवार को छठे दिन भी शिक्षा विभाग के क्षेत्रीय कार्यालय, मुफस्सिल कार्यालय एवं सरकारी माध्यमिक विद्यालय प्लस टू सहित लिपिक हड़ताल मे डटे हैं . लिपिक नियुक्ति तिथि से ग्रेड वेतन 2400 एवं एक समान प्रोन्नति व सेवा शर्त प्रदान करने की मांग कर रहे हैं . बता दें कि दो सूत्री मांगों को ले कर लिपिक पिछले 12 जुलाई से हड़ताल में हैं . जिला अध्यक्ष कुमार गौरव ने कहा कि मांगें जब तक पूरी नहीं होगी यह आंदोलन जारी रहेगा . उन्होने बताया कि झारखंड राज्य के सभी लिपिक का न्यूनतम ग्रेड वेतन 2400 करने और झारखंड राज्य के सभी विभागों में एक समान सेवा शर्त एवं प्रोन्नति नियमावली लागू करने की मांग को ले कर यह हड़ताल किया गया है . उन्होने बताया कि उनके इस आंदोलन को झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ, झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ एवं झारखंड प्लस टू शिक्षक संघ लातेहार का नैतिक रूप से लिखित समर्थन प्राप्त है . मौके पर जिला सचिव विजय कुमार, जिला उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर ठाकुर, जिला कोषाध्यक्ष रोहित कुमार आदि मौजूद थे .

# दो सूत्री मांग को लेकर बेमियादी हड़ताल पर है मुफ्फसिल लिपिक

**संवाददाता ।मेदिनीनगर**


बेमियादी हड़ताल के दौरान सभा करते मुफ्फसिल लिपिक.

झारखंड राज्य मुफस्सिल मोर्चा के आह्वान पर पलामू जिला के शिक्षा संवर्ग के लिपिक अपनी दो सूत्री मांगों को लेकर बुधवार को पांचवें दिन भी हड़ताल पर रहे. मुफस्सिल मोर्चा के प्रमंडलीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह ने बताया कि हमारी प्रमुख मांगों में नियुक्ति तिथि से ग्रेड पे 2400 करने व.सभी संवर्ग के लिपिक के लिए एक समान सेवा शर्तें एवं प्रोन्नति नियमावली लागू करना शामिल है. श्री सिंह ने बताया कि जब तक हमारी मांग पूरी नहीं होती है हमारा हड़ताल जारी रहेगा.

सरकार यदि हड़ताल के बाद भी मांग पूरी नहीं करती है तो पूरे राज्य में लिपिक मोर्चा उग्र आंदोलन करेगा. प्रमंडलीय संयोजक राजीव रंजन पांडे ने कहा कि पूर्व में लिपिक का वेतन प्राथमिक शिक्षकों के वेतन से कुछ ही अंतर था परंतु सरकार के द्वारा छठा वेतन लागू होने पर हमारे वेतन को काफी न्यूनतम स्तर पर ले जाया गया है.

धरना-प्रदर्शन में प्रमंडलीय सचिव रवि रंजन पाठक, शशि पांडे, बलराम कुमार, सीतलेश कुमार सिंह, अरुण कुमार गिरी, स्नेहशील मनीष, अविनाश भारती, रणजीत सिंह, हिमांशु शेखर पांडे, बिनोद कुमार झा, विवेक कुमार,अभिषेक विशाल, मंसूर आलम, तौकीर हुसैन, नसीम अहमद, रणजीत सिंह आदि उपस्थित थे.

**हजारीबाग :** युवा आक्रोश रैली को लेकर भाजयुमो ने की प्रेस वार्ता कर दी जानकारी

# 'युवाओं के सपने हेमंत सरकार ने बेच दिए'

संवाददाता। हजारीबाग

झारखंड में कथित रूप से व्याप्त अनियमितता, भ्रष्टाचार और हेमंत सरकार की युवा विरोधी नीतियों के खिलाफ आगामी 23 अगस्त को झारखंड की राजधानी रांची में भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के तत्वाधान में आयोजित युवा आक्रोश रैली को लेकर मंगलवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा, हजारीबाग के जिला अध्यक्ष राजकरण पांडेय की अध्यक्षता में सांसद सेवा कार्यालय परिसर में प्रेस- वार्ता का आयोजन किया गया. इसमें विशेषरूप से क्षेत्रीय सांसद मनीष जायसवाल, हजारीबाग भाजपा संगठन प्रभारी



प्रेस वार्ता करते सांसद मनीष जायसवाल व अन्य भाजपा नेता.

अशोक उपाध्याय, हजारीबाग भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह आदि शामिल हुए. भाजयुमो जिलाध्यक्ष राजकरण पांडेय ने बताया कि भाजयुमो के बैनर तले संपूर्ण झारखंड से लाखों युवा 23 अगस्त को रांची पहुंचेंगे. राज्य सरकार द्वारा जो भी प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित हुई है वह सभी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गईं. आंगनबाड़ी सेविका, सहायक शिक्षक, सहायक पुलिसकर्मी अभी भी आंदोलन कर रहे हैं. झारखंड के युवाओं के सपने व भविष्य को झामुमो- कांग्रेस-राजद सरकार ने बेच दिया है.

### युवाओं को सड़क पर उतरने को मजबूर किया

अशोक उपाध्याय ने कहा कि युवा आक्रोश रैली की तैयारी अंतिम चरण में है और रैली ऐतिहासिक होगी. विवेकानंद सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री का आवास घेरने के बाद मोरहाबादी में सभा होगी. हेमंत सोरेन सरकार ने युवाओं को सड़क पर उतरने को मजबूर कर दिया है. प्रत्येक मंडल एवं शक्ति केंद्र स्तर से युवा इस आक्रोश रैली में भाग लेंगे. 200 बस और सैकड़ों सवारी गाड़ी के माध्यम से करीब 20 हज़ार युवा रांची जाएंगे.

**रामगढ़ :** भाजयुमो ने किया दावा- 15000 से अधिक युवा रांची रवाना होंगे

# 'प्रतियोगिता परीक्षाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ीं'

संवाददाता। रामगढ़

भारतीय जनता युवा मोर्चा के तत्वाधान में आगामी 23 अगस्त को रांची में युवा आक्रोश रैली का आयोजन किया जाएगा. रैली को लेकर एक होटल में मंगलवार को भाजपा के जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता की अध्यक्षता में प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया. इसमें हटिया के भाजपा विधायक नवीन जायसवाल शामिल हुए. जायसवाल ने कहा कि राज्य की हेमंत सरकार ने युवाओं को ठगा है चाहे रोजगार देने का मामला हो या फिर उन्हें बेरोजगारी भत्ता देने का. राज्य सरकार द्वारा जो भी प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित की गई है वह सभी



प्रेस वार्ता करते हटिया के भाजपा विधायक नवीन जायसवाल शामिल

भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है. राज्य में आंगनबाड़ी सेविका हो या सहायक शिक्षक, सहायक पुलिसकर्मी ये सभी आंदोलन कर रहे हैं. चुनाव के पूर्व किए गए वादों को अभी तक हेमंत सरकार ने पूरा नहीं किया. सरकार बनने से पहले पांच लाख सरकारी नौकरी देने का वादा किया, लेकिन अब तक पांच हजार ही नौकरियां दे पाएं. सरकार युवाओं का भविष्य को बेच रही है. झारखंड को झामुमो, कांग्रेस और राजद की सरकार ने बेच दिया है. झारखंड के युवा सड़क पर परेशान हैं और राज्य सरकार के खिलाफ आक्रोश रैली निकालने के लिए विवश हैं. राज्य सरकार को नींद से जगाने और वादा याद दिलाने के लिए युवा 23 अगस्त को रांची में हुंकार भरेंगे. भाजयुमो जिला अध्यक्ष कुश श्रीवास्तव ने बताया की भाजयुमो के बैनर तले रामगढ़ जिले से 23 अगस्त को 15000 से अधिक युवा रांची के लिए रवाना होंगे और वहां सीएम आवास का घेराव करेंगे. जिला सहित राज्य के युवा विधानसभा चुनाव में हेमंत सरकार को सत्ता से हटाने के लिए तैयार हो चुके हैं. प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा के जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, भाजयुमो जिला अध्यक्ष कुश श्रीवास्तव, अनमोल सिंह, राजू चतुर्वेदी, विजय जयसवाल मौजूद थे.

## ब्रीफ खबरें

### कुंदा में टूटे रास्ते की श्रमदान से मरम्मत

कुंदा(चतरा)। अति उग्रवाद प्रभावित कुंदा थाना क्षेत्र अंतर्गत सग्रामपुर कला से हिंदिया गांव जाने वाला रास्ता बारिश के कारण टूट गया. जिससे आवागमन में बाधा उत्पन्न हो रही थी. जिसकी मरम्मती कर अस्थाई तौर पर आगमन के लायक बनाया गया है. बताया गया कि इस रास्ते में सात नदी पड़ता है जिसे पार कर ग्रामीण जान जोखिम में लेकर गांव तक पहुंचते हैं. सड़क टूटने से जमुआ, गोड़े, हिंदिया, हिंदिया खुर्द व बल्हि गांव के ग्रामीणों को परेशानी हो रही है. हालांकि उक्त सड़क को अरिओ विभाग द्वारा प्रभावित गांव होते हुए कुंदा तक बनाना था, लेकिन कोरोना काल के समय से पेंडिंग पड़ा हुआ है. पंचायत समिति प्रतिनिधि राजेश यादव ने बताया कि पुष्पांजलि कंस्ट्रक्शन के द्वारा इस सड़क को बनवाया जा रहा था, लेकिन कोरोना काल से ही काम बंद है.

### गिद्धौर में युवा संघ ने किया पौधरोपण

गिद्धौर(चतरा)। गिद्धौर प्रखंड के युवा नेता, युवा संघ के लोग समाजसेवी बैद्यनाथ कुमार दांगी व यदुनंदन पांडेय के संयुक्त नेतृत्व में जपुआ में प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी वृक्षारोपण मंगलवार को किया गया. लोगों ने भारी संख्या में फलदार पौधा लगाए. बैद्यनाथ कुमार दांगी ने कहा कि प्रकृति के बिना मनुष्य का जीवन असंभव है. पर्यावरण को बचाना अत्यंत जरूरी है. युद्ध स्तर पर वृक्षारोपण को बढ़ावा देने की ज़रूरत है. आइए विलुप्त हो रहे जीव जंतु और वनस्पतियों के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लें तथा अपने क्षेत्र को हरा-भरा एवं खुशहाल बनाने का प्रण लें. कार्यक्रम में बिनोद ठाकुर, देवनारायण दांगी, सुरेंद्र दांगी, भुवनेश्वर दांगी, कार्तिक राणा, नागिन विश्वकर्मा आदि शामिल थे.

सात माह में ही आठ किलोमीटर लंबी पबरा सड़क हो गई बदहाल

# गड्ढे में 4 करोड़ 85 लाख

संवाददाता। हजारीबाग



हाल ही में मरम्मत कराई गई पबरा सड़क हालत जर्जर हो गई है.

पेलावल मोड़ से सीमाने नदी तक आठ किलोमीटर लंबा पबरा रोड सात माह में ही बदहाल हो गई है. एक तरफ से बनती गयी और दूसरी तरफ से उखड़ती गई. इसी वर्ष 14 फरवरी को आरईओ ऑफिस द्वारा 4 करोड़ 85 लाख रुपये की लागत से इस सड़क की मरम्मत का कार्य शुरू हुआ था. निर्माण एजेंसी को ही इसके रखरखाव की भी जिम्मेदारी दी गई थी, लेकिन सात महीने के अंदर ही सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे नजर आ रहे हैं. कहीं-कहीं तो सड़क के किनारे की मिट्टी भी धंस चुकी है. आरोप है कि सड़क की रिपेयरिंग में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया है. मार्ग पर पर कई पुलिया भी बनाई जानी थी, लेकिन ठेकेदार ने न तो कोई पुलिया बनाई और न ही अच्छी सड़क बनाई गई. रोड का काम पूरा हो चुका है और ठेकेदार भी फरार हो चुका है. वहीं संबंधित विभागीय अधिकारी भी मौन धारण कर लिए हैं.

**क्या कहते हैं ग्रामीण :** इस संबंध में पबरा, भुसवा, खूकरा, तिलरा के ग्रामीण ईश्वर मेहता, रंजीत रजक, शिवकुमार, राजेश राम, किशोरी, प्रकाश राम, रहमान, नरेश मेहता, अजय, हीरामन मेहता, चेतन मेहता, छोटू, प्रयाग पासवान, सुधीर मेहता, नरेश राणा आदि सैकड़ों आक्रोशित ग्रामीणों ने बताया कि उक्त सड़क की मरम्मत के लिए वर्षों से लड़ाई लड़ रहे थे. विधायक से लेकर मंत्री तक आवेदन दिया गया था. जब उक्त सड़क का टेंडर हुआ तो ग्रामीणों में खुशी का माहौल था, लेकिन जिस ठेकेदार को दिया गया वह एक विधायक का रिश्तेदार है और वह सड़क को जैसे-तैसे बनवा कर फरार हो गया. कई बार सड़क बनने के समय घटिया सामग्री के इस्तेमाल का विरोध भी किया गया, लेकिन सुनवाई नहीं हुई. अब धीरे-धीरे सड़क उखड़ने लगी है. इस सड़क पर दर्जनों पुलिया भी बनायी जानी थीं, लेकिन एक भी पुलिया नहीं बनाई गई है. सड़क पर पानी जम रहा है, जिसके कारण हादसा भी होता रहता रहा है. यहां तक कि सड़क के किनारे मिट्टी को भरवा दिया गया है और मिट्टी को प्लेन भी नहीं किया गया और न ही मिट्टी को दबाया गया. ऐसे में बारिश में मिट्टी बहने लगी है. यहां तक कि सड़क पर मिट्टी बहकर आ रही है और आने जाने वाले लोग गिर भी रहे हैं. कई लोगों के हाथ- पांव भी टूट चुके हैं. इस संबंध में उपायुक्त को भी आवेदन दिया गया है, लेकिन ठेकेदार और संबंधित अधिकारी पर कार्रवाई नहीं की जा रही है. इस खेल में आरईओ ऑफिस के अधिकारी शामिल हैं.

**खास बातें**

- एक तरफ से बनती गयी, दूसरी तरफ से उखड़ती गई
- मरम्मत कार्य में घटिया सामग्री लगाने का आरोप

### ग्रामीणों ने दी आंदोलन करने की चेतावनी आरईओ ऑफिस पर लगाए गंभीर आरोप

पबरा के ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि आरईओ ऑफिस के अधिकारियों की मिलीभगत से सड़क की मरम्मत जैसे तैसे कर दी गई है. ग्रामीणों के विरोध के बावजूद ठेकेदार से विभाग के अधिकारी मोटी रकम लेकर मौन धारण कर रखे हैं. आज तक एक बार भी कोई अधिकारी सड़क को देखने नहीं गया है. आक्रोशित ग्रामीणों ने कहा कि अब वे सड़क जाम करेंगे. जिला से लेकर मुख्यमंत्री तक जाएंगे और आंदोलन करेंगे. ग्रामीणों ने यह भी कहा कि ठेकेदार दबंग है. उसकी बड़ी पहुंच के कारण उसके खिलाफ उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो रही है. उक्त सड़क सात महीने पहले बनी थी, जो बनने के साथ उखड़नी शुरू हो गई थी. यह सड़क वर्षों बाद बनी है. ऐसे में हम इसे खराब नहीं होने देंगे.

### अकाउंटेंट को उपायुक्त का नाम भी पता नहीं

इस संबंध में आरईओ ऑफिस के अकाउंटेंट उपाध्याय से मोबाइल फोन पर संपर्क कर कार्यपालक अभियंता और आरईओ ऑफिस के बड़ा बाबू का नंबर मांगा गया तो उन्होंने कहा कि दोनों में से किसी अधिकारी का नंबर उसके पास नहीं है. उन्होंने यह भी कहा कि हमें उपायुक्त का भी नाम पता नहीं है.

### क्या कहते हैं ठेकेदार

इस संबंध में ठेकेदार मुकेश कुमार ने पूछे जाने पर कहा कि यह रोड अभी अधूरा है. इस पर गढ़वाल, पुलिया के अलावा अन्य काम करना बाकी है और समय भी एक साल है. बरसात की वजह से काम बंद कर दिया गया है. बरसात खत्म होने के बाद फिर से काम किया जाएगा.

पर्यावरण संरक्षण से वायु, जल और भूमि प्रदूषण कम होता है: कुलसचिव

# बरही डिग्री कॉलेज में पौधरोपण

संवाददाता। बरही(हजारीबाग)

चंदवारा स्थित गवर्नमेंट डिग्री महाविद्यालय बरही विनोबा भावे विश्वविद्यालय में आईडीएफसी फर्स्ट भारत लिमिटेड के सौजन्य से पर्यावरण संरक्षण सह सामाजिक जागरूकता के तहत मेगा पौधरोपण कार्यक्रम किया गया, जिसकी अध्यक्षता कुलसचिव डॉ. मोख्तार आलम ने की. कुलसचिव डॉ मोख्तार आलम ने चंदवारा स्थित गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज में पर्यावरण संरक्षण सह मेगा पौधरोपण कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण से वायु, जल और भूमि प्रदूषण कम होता है. जैव विविधता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पर्यावरण संरक्षण का बहुत महत्व है. सभी के सतत विकास के लिए पर्यावरण संरक्षण महत्वपूर्ण है. हमारे ग्रह को ग्लोबल वार्मिंग जैसे हानिकारक प्रभावों से बचाने के लिए पर्यावरण संरक्षण भी महत्वपूर्ण है. पेड़ पौधे हमारे जीवन में अनमोल है पर्यावरण संरक्षण को लेकर पौधरोपण का जो कार्यक्रम गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज में आयोजित किया गया है. इसके लिए आईडीएफसी भारत बैंक के सभी लोग काबिले-तारीफ हैं. कुलानुशासक डॉ. मिथलेश कुमार सिंह ने आयोजित कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि पौधरोपण करना आवश्यक है,



पौधरोपण कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता.

### 500 पौधों का रोपण किया गया

आईडीएफसी फर्स्ट भारत लिमिटेड सीएसआर हेड प्रवीण कुमार ने कहा कि इस अवसर पर 500 पौधों का पौधारोपण किया गया तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं आम जनमानस के साथ साथ विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित की. कार्यक्रम का संचालन कॉलेज के प्राचार्य डॉ जयप्रकाश आनंद ने किया. इस मौके पर डॉ. मिथिलेश कुमार सिंह (छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष सह सह कुलानुशासक विभावि, डॉ. सुरेन्द्र कुशवाहा (वित्त पदाधिकारी, विभावि, डॉ. विकास कुमार (सहायक कुलसचिव, डॉ. बीरेन्द्र कुमार गुप्ता विभागाध्यक्ष जन्तु विज्ञान, निदेशक केंद्रीय पुस्तकालय विभावि डॉ राजेंद्र मिस्त्री डॉ. बलदेव राम प्राचार्य (डिग्री कॉलेज बरकट्ठा) डॉ मंसूर आलम फाखरी अध्यक्ष विभावि एलुमनाई एसोसिएशन, आईडीएफसी फर्स्ट भारत लिमिटेड के सीएसआर हेड प्रवीण कुमार आदि मौजूद थे.

# बांग्लादेश में हिंसा के विरोध में निकला जुलूस

संवाददाता। हजारीबाग

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमले को लेकर मंगलवार को हजारीबाग में मशाल जुलूस सह विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया गया. राष्ट्र चेतना मंच के बैनर तले आयोजित इस जुलूस में 500 से अधिक लोग शामिल हुए. जुलूस का नेतृत्व करते हुए शहर के गणमान्य लोगों ने कहा कि हिंदुओं के खिलाफ राजनीतिक हिंसा हो रही है. जुलूस में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थीं. वहीं विभिन्न सामाजिक कार्यकर्ता एक मंच पर आकर एक सख्त निर्णय लेने की वकालत कर रहे थे. जुलूस में



बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले के विरोध में मशाल जुलूस में शामिल लोग.

आशीष सोनी, भाजपा के आनंद देव, विक्रमादित्य, रिंकू वर्मा, बबन गुप्ता, रोहित विश्वकर्मा, दीपू यादव, आदर्श कुमार, रवि यादव, अविनाश यादव, अमन कपूर, मुन्ना यादव, गुरुदेव गुप्ता, राजीव कुमार, लक्ष्मण पांडे, बसंत यादव, अशोक यादव, लब्बू गुप्ता, निशिकांत सिंह, विनोद कुमार, अर्जुन कुमार, श्रेष्ठ कुमार, पीकू यादव, अरुण कुमार मेहता, अरविंद राणा, जीवन मेहता, मनीष ठाकुर, नारायण साहू, हीराराम, किशोरी राणा, रंजन चौधरी, मुनेश्वर ठाकुर, आशीष सिंह आदि शामिल थे.

राजीव गांधी की बदौलत महिलाओं को पंचायती राज संस्था में आरक्षण मिला

# महिलाओं का किया गया सम्मान

संवाददाता। रामगढ़

राजीव गांधी की जयंती पर रामगढ़ जिला महिला कांग्रेस ने जिला अध्यक्ष मंजू जोशी के नेतृत्व में सम्मान सम्मेलन का आयोजन सिरका में किया. सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव सह प्रवक्ता शांतनु मिश्रा उपस्थित हुए. सभा को संबोधित करते हुए शांतनु मिश्रा ने कहा की राजीव गांधी ने महिलाओं को अधिकार दिलाने और सत्ता के विकेंद्रीकरण के लिए इस देश में पंचायती राज संस्था को संवैधानिक दर्जा दिलाने की वकालत की थी और उनकी बदौलत ही आज इस देश में पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा मिला और पंचायती राज में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण मिला, जो बड़ा राजनीतिक कदम था. इससे इस देश में महिलाओं को राजनीतिक हिस्सेदारी और सत्ता और शासन में भागीदारी मिली. लेकिन यह लड़ाई अभी अधूरी है, जिसे मंजिल तक पहुंचना है. कार्यक्रम में मुख्य रूप से सिरका परियोजना पदाधिकारी डीके सिंह, आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष गगन करमाली, अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष जयकुमार राम, सविता देवी, सरस्वती देवी, नूतन देवी, बीना देवी, समी देवी, रजिया बेगम, प्रिया देवी, पिंकी राय, डॉली सिंह, शोभा देवी, दीपा देवी, रानी देवी आदि उपस्थित थीं.



राजीव गांधी की जयंती पर सम्मानित की गईं महिलाएं व अन्य.

### कभी भी खुल सकता है पतरातू डैम का गेट

रामगढ़। जिले में पिछले 24 घंटे में हुई बारिश की वजह से नलकारी नदियों का जलस्तर काफी बढ़ गया है, जिसकी वजह से पतरातू डैम में पानी खतरे के निशान तक पहुंच गया है. पतरातू डैम का गेट कभी भी खुल सकता है, जिसकी वजह से दामोदर नदी और अन्य नदियों का जलस्तर भी अचानक बढ़ने की संभावना है. रामगढ़ जिला प्रशासन ने पतरातू डैम के गेट को खोले जाने को लेकर हाई अलर्ट जारी कर दिया है. डीसी चंदन कुमार ने मंगलवार की शाम बताया कि लगातार हो रही बारिश से पतरातू डैम के नलकारी नदी में बढ़ रहे जलस्तर के मद्देनजर प्रशासक, शेष परिसंपत्ति पीटीपीएस पतरातू द्वारा सूचित किया गया है कि कभी भी डैम का गेट खोला जा सकता है. इस संबंध में पतरातू डैम व नलकारी नदी के आसपास रहने वाले सभी आम जनों से अनुरोध है कि नदी के आसपास ना जाए.

जोरदाग- नयाखाप पचडा मार्ग को रित्विक कंपनी ने रात के अंधेरे में काटी सड़क, ग्रामीण बिफरे

# सड़क काटने के विरोध में ठप की ट्रांसपोर्टिंग

संवाददाता। हजारीबाग

केरेडारी एनटीपीसी की चट्टीबरियातु कोयला खनन परियोजना स्थित जोरदाग- नयाखाप पचडा मार्ग को बगैर वैकल्पिक मार्ग बनाये एमडीओ, ऋत्विक कंपनी द्वारा बीती रात्रि अंधेरे में चुपके से सड़क को काट कर आवागमन अवरुद्ध कर दिया. जोरदाग दो नंबर बेरियर के पास दोनों तरफ सड़क को जेसीबी मशीन से काटा गया. बिना ग्रामीणों की सहमति के रात के अंधेरे में रोड को काटने के विरोध में ग्रामीणों ने ट्रांसपोर्टिंग कार्य को बाधित कर दिया. कंपनियों की मनमानी पर प्रमुख सुनीता देवी व पचड़ा पंचायत के मुखिया महेश प्रसाद साव के नेतृत्व में मंगलवार सुबह कोल ट्रांसपोर्टिंग को रोक दिया गया. दोपहर में बेरियर के पास ही सीओ रामरतन कुमार वर्णवाल, सीबी माइंस के अपर महाप्रबंधक सवाइन निल माधव, थाना प्रभारी केरेडारी अजित कुमार, ऋत्विक कंपनी के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर रिजवान शरीफ आदि के साथ ग्रामीणों की वार्ता हुई. इसमें खोदे गए रोड को भरकर आवागमन शुरू करने की बात पर सहमति बनी. इस निर्णय के उपरांत प्रमुख की उपस्थिति में सड़क में मिट्टी भरकर आवागमन शुरू कराया गया. ततपश्चात शाम लगभग 5:30 ट्रांसपोर्टिंग शुरू करायी गयी. बाद में पूर्व मंत्री योगेंद्र साव भी पहुंचे. इधर ऋत्विक कंपनी का कहना है दो नंबर बेरियर के करीब ही माइंस है. ब्लास्टिंग होने से राहगीरों पर कोयला अथवा पत्थर का टुकड़ा गिरने की संभावना बनी रहती है. ब्लास्टिंग के समय भी लोग सिक्युरिटी गार्ड की बात नही मानते हैं इसलिये सुरक्षा के ख्याल से रोड काटा गया. कंपनी द्वारा मुंडा टोली होकर वैकल्पिक मार्ग बनाने की बात कही गयी है. इस संबंध में केरेडारी प्रमुख कहती हैं कि कंपनी का विरोध हम लोग नहीं करते हैं. रात के अंधेरे में रोड काटना कहां तक उचित है. ऋतिक कंपनी अपना रोड बनाए. वहीं मुखिया महेश प्रसाद साव कहते हैं कि कंपनी अपनी मनमर्जी से कार्य कर रही है. सिर्फ प्रशासन के बल पर कार्य करना चाहती है. ज्ञात हो कि इसी मार्ग से टंडवा के खधैया, मिस्रोल, सिसई केरेडारी के गोपदा, नयाखाप, पचड़ा, सिझुआ, पड़रा, बिझूआ आदि गांव के लोग केरेडारी - हजारीबाग आना जाना करते हैं.



बाद में सड़क में मिट्टी भरकर आवागमन शुरू कराया गया.

**कार्यक्रम** वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने दिया सामाजिक सद्भाव का संदेश

# राजीव गांधी की जयंती पर निकाली गई सद्भावना यात्रा

संवाददाता। हजारीबाग

पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी जी की जयंती के उपलक्ष्य में मंगलवार को कांग्रेस कार्यालय से सद्भावना यात्रा निकाली गई. इसमें वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह, कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव, महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, संजय तिवारी, उपाध्यक्ष कृष्णा किशोर प्रसाद, रजी अहमद, बेबी देवी, मनीशा टोप्पो, कोमल राज व कांग्रेस के अन्य वरिष्ठ नेता गण एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया. यह यात्रा झंडा चौक से प्रारंभ होकर सदर अस्पताल रोड होते हुए इंद्रपुरी चौक स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा तक पहुंची, जहां मुन्ना सिंह और अन्य नेताओं ने माला अर्पण कर पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि दी.

इस अवसर पर मुन्ना सिंह ने कहा, "राजीव गांधी जी ने अपने जीवन में देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए जो योगदान दिया, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता. आज उनकी जयंती पर इस सद्भावना यात्रा के माध्यम से हम उनके विचारों और आदर्शों को स्मरण करते हुए, उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लेते हैं." मुन्ना सिंह ने सभी उपस्थित लोगों का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य केवल श्रद्धांजलि अर्पित करना नहीं, बल्कि समाज में सद्भाव और एकता का संदेश फैलाना भी है. कार्यक्रम के समापन पर, मुन्ना सिंह ने इस सफल आयोजन के लिए सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों का आभार व्यक्त किया और उन्हें समाज के उत्थान के लिए सदैव तत्पर रहने का आग्रह किया.



राजीव गांधी की जयंती पर सद्भावना रैली निकालते कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता.

**खास बातें**

- सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण
- पूर्व प्रधानमंत्री के मार्ग पर चलने का लिया संकल्प

राजीव गांधी की जयंती पर निशक्त बच्चों के बीच कॉपी, कलम का वितरण

# राजीव गांधी के आदर्शों को अपनाएं

संवाददाता। रामगढ़

भारत के संचार क्रांति के जनक पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के जन्मदिन पर कांग्रेस चितरपुर प्रखंड कमिटी द्वारा निःशक्त बच्चों के बीच कलम, कॉपी, बिस्किट व मिठाई का वितरण किया गया. इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर व विशिष्ट अतिथि दुलमी पार्षद प्रीति दीवान, जिला उपाध्यक्ष चितरंजन दास चौधरी ने कहा कि स्व. राजीव गांधी ने देश को कई तरह की उपलब्धियां प्राप्त कराईं. इसलिए सभी कांग्रेसियों को उनके आदर्शों को अपनाने की जरूरत है. इससे पूर्व चितरपुर कांग्रेस कार्यालय में स्व राजीव गांधी के चित्र के समक्ष केक काटा गया. मौके पर चितरपुर प्रखंड 20सूत्री अध्यक्ष जकाउल्लाह, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष एहसान उल्लाह, जिला सचिव मो साजिद, अरुण दीवान, मो हामिद, नईम अंसारी, श्याम किशोर प्रसाद, मो अनीस रजा, इंद्रदेव बेदिया, विद्यालय के संस्थापक देवधारी करमाली, प्राचार्य लीलमोहन पटेल, देवंती कुमारी, जीतू कुमारी आदि मौजूद थे.



कलम, कॉपी, बिस्किट और मिठाई के साथ निशक्त बच्चे.



## राशिफल
**आचार्य प्रणव मिश्रा**

**मेष** समय बहुत ही उत्तम है. आप दूसरों की मदद करने के लिए तैयार रहेंगे. पारिवारिक मेलजोल के लिया अच्छा दिन है. कार्यक्षेत्र में व्यर्थ की चिंताएं न करें. काम अपनी गति से चल रहा है और समय से समाप्त हो जाएगा. जीवनसाथी आपसे खुश होगा.

**वृष** धन मिलेगा पर पिता के स्वास्थ पर ध्यान दें. व्यावसायिक रूप से अच्छी प्रगति होगी. आपकी आमदनी बढ़ेगी और आर्थिक लाभ प्राप्त करने के नए रास्ते भी मिलेंगे. भाई-बहनों और बड़ों के साथ संबंध प्रेमपूर्ण रहेंगे.

**मिथुन** करियर लाइन बदलने के लिए उचित समय है. किसी नए रिश्ते की शुरुआत हो सकती है. यदि नया व्यापार आरम्भ करने का सोच रहे हैं तो लाभ होगा. दांपत्य जीवन में कुछ खुशी के पल आएंगे. शारीरिक परेशानी घेर सकती हैं.

**कर्क** काम में पूरा फोकस बनाए रखें. व्यवसाय के लिए दिन बहुत लाभकारी रहेगा. इसका पूरा फायदा उठाएं. खर्चों में बढ़ोतरी होने से आर्थिक स्थिति थोड़ी कमजोर रहेगी. प्रियजनों के साथ संयम भरा व्यवहार रखें. स्वास्थ्य सामान्य रहेगा.

**सिंह** सुबह थोड़ा आलस रहेगा, पर पूरा दिन अच्छा रहेगा. आपके जीवन में नई ऊर्जा का संचार होगा. नए बिजनेस की शुरुआत करने के लिए आज का दिन शुभ है. किसी पुराने दोस्त से मुलाकात भी हो सकती है. प् किसी बात पर झगड़ा हो सकता है.

**कन्या** बच्चे खुशी लाएंगे. अचानक धन-प्राप्ति हो सकती है. कार्यक्षेत्र में आपकी स्थिति बेहतर रहेगी. सहकर्मियों का सहयोग प्राप्त होगा.समय पर चीजों को पूरा करने के लिए अतिरिक्त प्रयास करना होगा. जल्दबाजी में निर्णय न लें.

**तुला** कारोबार में बड़ी सफलता हाथ लगेगी. सेहत से जुड़ी परेशानियां दूर होंगी. पुराने रुके हुए काम बनेंगे. सरकारी नौकरी से जुड़े लोगों की पदोन्नति हो सकती है. परिवार में अच्छा माहौल रहेगा. प्रियजनों के साथ अच्छा समय बिताने का मौका मिलेगा.

**वृश्चिक** कार्यक्षेत्र में नौकरी मिलने के आसार हैं. अपने वेतन और अपनी प्रतिष्ठा को लेकर कोई समझौता न करें. नौकरी में तरक्की के योग हैं. अविवाहितों के लिए दिन अच्छा है. स्वास्थ्य सामान्य रहेगा. पेट से संबंधित कुछ कठिनाई हो सकती है.

**धनु** किसी दूर के रिश्तेदार से मुलाकात हो सकती है. इंजीनियर्स के लिए दिन फायदेमंद रहेगा. दिन स्टूडेंट्स के लिए अच्छा रहेगा. आपके आर्थिक पक्ष में स्थिरता रहेगी. यदि करियर लाइन बदलना चाहते हैं तो यह उचित समय है.

**मकर** समय अनुकूल नहीं चल रहा हैं. नए और बड़े निवेश से बचें. वैवाहिक जीवन में कुछ परेशानियां उत्पन्न हो सकती है. प्रेम संबंधों के लिए यह समय उपयुक्त नहीं है. स्वविवेक से काम लें और क्रोध में आकर संबंधों को खराब न करें.

**कुंभ** सेहत शानदार रहेगी. लवमेट के लिए दिन अच्छा रहेगा. अविवाहितों को आज विवाह के प्रस्ताव आ सकते हैं. अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में सफल होंगे. कारोबार में आकर्षक डील मिल सकती है. प्रियजनों से मुलाकात होगी.

**मीन** नए कार्य पर खर्च होगा पर व्यवसाय में नए अवसर मिलेंगे. उन्नति और तरक्की के योग हैं. धन लाभ के अवसर मिलेंगे. कार्यक्षेत्र में नए अवसर मिलेंगे. जल्दबाजी में कोई कार्य न करें. बेरोजगार लोगों को अच्छी जॉब मिल सकती है.

## स्ट्रीट लाइटों से सजाया जा रहा है कौलेश्वरी मंदिर को



**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत कालेश्वरी मंदिर प्रांगण में रोड बनाने से लेकर मंदिर समिति द्वारा अब स्ट्रीट लाइट लगाया जा रहा है. उक्त नेक कार्य में समिति के लोग महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं. लोगों ने बताया कि लगभग 27 स्ट्रीट लाइट लगाया जा रहा है. इसकी लागत लगभग 130000 रुपया है. जिसका सिस्टम ऑटोमैटिक होगा. जो शाम 6ः:00 बजे से सुबह 6ः:00 तक लाइट ऑटोमैटिक जलेगी. जिससे रात के अंधेरे में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होगी, साथ ही विवाह, जग मेला में रात के अंधेरे का सामना नहीं करना पड़ेगा. इस कार्य में मुख्य रूप से मंदिर समिति के निरंजन दांगी, राजेश दांगी, विनोद दांगी, लखन दांगी, आशीष कुमार, कपिल कुमार आदि अहम भूमिका निभा रहे हैं.

## नव युवा गणपति क्लब की हुई बैठक, अध्यक्ष बने राहुल दांगी

**पत्थलगड़ा (चतरा) ।** पत्थलगड़ा प्रखंड के नावाडीह में नवयुवक गणपति क्लब नावाडीह-बाजोबार की मंगलवार को बैठक हुई. जिसकी अध्यक्षता फूलचंद दांगी व संचालन समाजसेवी रामचंद्र दांगी ने किया. बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा हुई. साथ ही गणपति पूजा को सफल बनाने को लेकर क्लब का गठन करते हुए सर्वसम्मति से अध्यक्ष राहुल कुमार दांगी, उपाध्यक्ष बैजनाथ दांगी, सचिव श्रवण कुमार, कोषाध्यक्ष कृष्णा दांगी को मनोनीत किया गया. साथ ही पूजा की रूपरेखा बनाई गई. मौके पर विश्वजीत कुमार, राजू दांगी, सुनील कुमार, नरेश दांगी, संजय दांगी, पवन कुमार, नवरत्न कुमार आदि उपस्थित थे.


### लोहरदगा जिला कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष ने राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे को पत्र लिख डॉ रामेश्वर उरांव की शिकायत की

## जिस नेता ने भगत को हराने की कोशिश की, उसे ही अपना प्रतिनिधि बना लिया

- मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव को कांग्रेस विधायक दल के नेता पद से अविलंब हटाने की मांग रखी

**संवाददाता। रांची/ लोहरदगा**

लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार साहू ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र भेज कर लोहरदगा विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव पर पार्टी संविधान के खिलाफ काम करने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस विधायक दल के नेता पद से हटाने की मांग की है. साहू ने पत्र में लिखा है कि कुछ दिन पहले आपने लोहरदगा विधायक डॉ रामेश्वर उरांव को झारखंड कांग्रेस विधायक दल का नेता मनोनीत किया था, लेकिन डॉ उरांव ने पार्टी की गरिमा के विपरीत जाकर कांग्रेस संविधान के खिलाफ काम किया है. लोकसभा चुनाव में अफसर कुरैशी ने कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत को हराने के लिए निर्दलीय प्रत्याशी चमरा लिंडा के लिए काम किया था और इसका प्रमाण भी मौजूद है. लेकिन मंत्री डॉ उरांव ने उसी अफसर कुरैशी को अपना प्रतिनिधि मनोनीत किया है. उनके इस कृत्य से लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ता काफी गुस्से में हैं.


लोहरदगा जिला कांग्रेस कमिटी

कांग्रेस अध्यक्ष को लिखा पत्र.

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं के मुंह पर तमाचा मारने का काम किया है

पत्र में आलोक साहू ने लिखा है कि जो नेता कांग्रेस प्रत्याशी को हराने की कोशिश कर हम सभी के नेता राहुल गांधी को प्रधानमंत्री नहीं बनने देना चाहते हैं, उस अफसर कुरैशी को डॉ रामेश्वर उरांव ने अपना मंत्री प्रतिनिधि बनाकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के मुंह पर तमाचा मारने का काम किया है. ऐसे भी पहले सार्वजनिक रूप में डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा था कि हम राहुल गांधी को अपना नेता नहीं मानते हैं. आलोक ने लिखा है कि दो-ढाई महीने बाद झारखंड विधानसभा का चुनाव होना है. ऐसे में कांग्रेस संविधान के खिलाफ काम कर पार्टी को कमजोर करने का काम करनेवाले नेता का समर्थन करनेवाले मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव को विधायक दल का नेता बने रहने देना कहीं से भी उचित नहीं है.

### पार्टी के स्थानीय नेताओं में है भारी आक्रोश

कांग्रेस नेता ने अपने पत्र में आगे लिखा है कि डॉ रामेश्वर उरांव को विधायक दल का नेता बनाये जाने से लोहरदगा जिला के कांग्रेस नेताओं- कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश है. यदि उन्हें शीघ्र विधायक दल के नेता पद से नहीं हटाया गया, तो इसका असर विधानसभा चुनाव में देखने को मिलेगा. कांग्रेस कार्यकर्ता ही मिलकर पार्टी प्रत्याशी की मुखालफत कर देंगे, जिसका खामियाजा पार्टी को भुगतना पड़ सकता हैउन्होंने अध्यक्ष से आग्रह करते हुए लिखा है कि संगठन हित को देखते हुए और कांग्रेस कार्यकर्ताओं का मनोबल ऊंचा करने के लिए डॉ रामेश्वर उरांव को विधायक दल के नेता के पद से अविलंब हटाया जाए.



### झारखंडी खतियानी संघर्ष समिति की सभा में बोले जयराम महतो

## राज्य में कोई नीति नहीं होने से स्थानीय लोग हुए विस्थापित

**संवाददाता। खूंटी**

जल, जंगल और जमीन की बात करने वाली हेमंत सरकार के कार्यकाल में नदियों से बालू निकालकर उसकी तस्करी की जा रही है. राज्य में कोई नीति नहीं होने के कारण स्थानीय लोग विस्थापित हो रहे हैं. वर्तमान सरकार में जितनी लूट हुई है, उतनी किसी सरकार में नहीं हुई है. ये बातें मंगलवार को हिल चौक स्थित भारत माता विवाह मंडप में झारखंडी खतियानी संघर्ष समिति की आयोजित सभा में बतौर मुख्य अतिथि जयराम महतो ने कही. जयराम महतो ने कहा कि यहां जिसकी भी सरकार बनी है, उसने सिर्फ स्थानीय मूलवासियों के हक और अधिकार बेचने का काम किया है. अपनी रक्षा और सम्मान के लिए एक हूल आंदोलन जरूरी है. उन्होंने कहा कि यहां के निवासी गंदी राजनीति के कारण अपना हक और अधिकार से वंचित हो रहे हैं. सिदो-कान्हू ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ हूल आंदोलन कर शोषण, महाजनी प्रथा समेत अन्य कुप्रथाओं के खिलाफ आंदोलन किया था, आज यहां भी ऐसे ही आंदोलन की जरूरत है. उन्होंने कहा कि आपको अपनी मानसिकता को बदलने की जरूरत है. बाहर से आकर कुछ लोग यहां की जमीन पर अधिकार जमाकर बैठे हैं. मौके पर सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण और समर्थक मौजूद थे.

### सांसद आवास पर मनाई गई राजीव गांधी की जयंती

**खूंटी ।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रवि मिश्रा की अध्यक्षता में और सांसद कालीचरण मुंडा की उपस्थिति में मंगलवार को खूंटी जिला कांग्रेस कमेटी ने भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की 80वीं जयंती सांसद के आवासीय कार्यालय में मनाई. सांसद कालीचरण मुंडा, जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा से सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये. सदर अस्पताल में मरीजों के बीच फलों का वितरण किया गया.मौके पर सांसद कालीचरण मुंडा ने कहा कि राजीव गांधी की सोच का ही नतीजा है कि आज संपूर्ण भारत देश अनेकता में एकता का दृश्य देख रहा है. सांसद ने कहा कि उनके त्याग से ही आज देश प्रगति की ओर लगातार अग्रसर है.

### डीसी रविशंकर शुक्ला ने लाभुकों को किया सावधान

## मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के संदर्भ में आ रहे हैं फर्जी कॉल

**संवाददाता। आदित्यपुर**

झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के संदर्भ में फर्जी कॉल आ रहे हैं. सूचना आ रही है कि कई लाभुकों के मोबाइल नंबर पर योजना को लेकर कॉल आ रहे हैं जो पूरी तरह से फर्जी हैं. यह बातें डीसी सरायकेला रविशंकर शुक्ला ने कही है. उन्होंने सावधान करते हुए योजना के तहत निबंधित बहन-बेटियों से आग्रह किया है कि योजना के संदर्भ में या राशि हस्तांतरण से संबंधित कॉल आने पर ओटीपी या अपने बैंक खाते से संबंधित जानकारी कॉल करने वाले के साथ साझा कदापि नहीं करें. उन्होंने बताया कि झारखंड सरकार इस योजना को लेकर किसी तरह का कॉल नहीं कर रही है. अतः आप सभी सतर्क रहें और ऐसे कॉल आने पर अपने बैंक खाता की जानकारी नहीं दें. उन्होंने कहा कि तेजी से बढ़ रहे ऑनलाइन फ्रॉड से बचना बहुत जरूरी है. कई लोग मैसेज या फर्जी कॉल करके फ्रॉड कर रहे हैं. एसएमएस, व्हाट्सएप, मेल या टेलीग्राम के जरिये भी मैसेज आ सकते हैं, इसलिए आप सभी से आग्रह है सावधान रहें. उन्होंने बताया कि झारखंड पुलिस ऐसे मामलों को लेकर सतर्क हैं. किसी प्रकार की सूचना मिलने पर तुरंत एक्शन लेते हुए फर्जी कॉलर को चिन्हित करने का कार्य करें.


रविशंकर शुक्ला,डीसी सरायकेला

## हेमंत सरकार में आदिवासी और महिलाएं सुरक्षित नहीं : विकास

**संवाददाता। पलामू**

भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सह पलामू प्रमंडल के नवनियुक्त प्रभारी विकास प्रीतम सिंह मेदिनीनगर पहुंचे. जिला कार्यालय में पलामू एवं गढ़वा के प्रमुख नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ परिचयात्मक बैठक की. 23 अगस्त को रांची के मोरहाबादी मैदान में होने वाले युवा आक्रोश रैली की तैयारी को लेकर चर्चा की. साथ ही पत्रकार को भी संबोधित किया. प्रमंडलीय प्रभारी ने कहा कि झारखंड में हेमंत सोरेन के राज में लूट एवं भ्रष्टाचार चरम पर है. 2019 चुनाव में जनता से जो वादे करके हेमंत सोरेन सत्ता पर काबिज हुए, उन वादों को अभी तक पूरा नहीं किया है. 5 लाख युवाओं को प्रतिवर्ष नौकरी देने के वादे से सरकार मुकर गई, जिससे राज्य में पलायन बढ़ गया है. आदिवासियों के नाम पर सरकार चलाने का ढोंग करने वाले हेमंत सोरेन के राज्य में न आदिवासी सुरक्षित हैं न महिलाएं. विकास की जगह राज्य में ट्रांसफर पोस्टिंग उद्योग चल रहा है. झारखंड की ठगबंधन सरकार की ना कोई नीति है ना विकास के लिए कोई नियत. युवा, महिला, किसान आक्रोशित हैं. इन्ही सब सवालों को लेकर 23 अगस्त को रांची चले. आने वाले समय में इस सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकने का संकल्प लेंगे.


बैठक करते विकास सिंह व अन्य

## गोली मारकर हत्या करने के मामले में तीन दोषियों को उम्र कैद की सजा

**कोडरमा ।** जमीन विवाद में गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय राकेश चंद्रा की अदालत ने मंगलवार की जमाल मियां, रोशन पांडे एवं शेखर विश्वकर्मा उर्फ चंद्रशेखर शर्मा को 302/34 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई. साथ ही 10 हजार जुर्माना भी लगाया. जुर्माना की राशि नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी. वही न्यायालय ने जमाल मियां, पिता महबूब मियां को आर्म्स एक्ट 25 (1) ए में दोषी पाते हुए पांच वर्ष की सजा सुनाई है. साथ ही पांच हजार जुर्माना लगाया है. सभी सजाएं साथ-साथ चलेगी. मामला वर्ष 2019 का है. इसे लेकर कोडरमा थाना कांड संख्या 83/19 दर्ज किया गया था. अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला ने किया.

### भाजयुमो की 23 को रांची में विशाल आक्रोश रैली

## मुख्यमंत्री आवास घेराव के लिए हजारों कार्यकर्ता रांची पहुंचेंगे : कोचे मुंडा


बैठक करते तोरपा विधायक कोचे मुंडा व अन्य.

**संवाददाता । खूंटी**

राज्य की निकम्मी और भ्रष्ट सरकार को सत्ता से हटाने के लिए भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा 23 अगस्त को रांची में विशाल आक्रोश रैली निकाली जायेगी और मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जाएगा. युवा आक्रोश रैली में तोरपा विधानसभा क्षेत्र से चार हजार से अधिक कार्यकर्ता भाग लेंगे. ये बातें तोरपा के विधायक कोचे मुंडा ने मंगलवार को तोरपा स्थित नगर भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही.

विधायक ने कहा कि रैली के माध्यम से हेमंत सोरेन सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया जाएगा. उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार ने जनता से किया एक भी वादा पूरा नहीं किया. कोचे मुंडा ने कहा कि इस सरकार के शासनकाल में बिना घुस दिये किसी सरकारी कार्यालय में कोई भी काम नहीं हुआ. उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान घोषणा की थी कि साल में पांच लाख लोगों को रोजगार दिया जाएगा, पर इसे सरकार पूरा नहीं कर सकी. उन्होंने कहा कि झूठे वादे कर वर्ष 2019 के चुनाव में सत्तासीन होते ही लूट-खसोट में लग गई और झारखंड को बर्बाद का दिया.

### डीपीएस बोकारो की विद्यार्थियों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से की मुलाकात

## बच्चों ने राष्ट्रपति संग रक्षाबंधन की खुशियां साझा कीं

- बच्चों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू के साथ राष्ट्रीय गीत भी गाया
- प्राचार्य डॉ. गंगवार के नेतृत्व में महामहिम को भेंट की उनकी पेंटिंग

**संवाददाता । बोकारो**

दिल्ली पब्लिक स्कूल बोकारो के विद्यार्थियों के लिए इस बार रक्षाबंधन का त्योहार अनूठा और हमेशा के लिए यादगार बन गया. शिक्षा, खेलकूद और कला के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले कुल चार विद्यार्थियों की टीम अपने प्राचार्य डॉ एएस गंगवार के नेतृत्व में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिली. बच्चों ने रक्षा बंधन का त्योहार राष्ट्रपति भवन में महामहिम द्रौपदी मुर्मू के साथ मनाया. इस अवसर पर स्कूल के बच्चों ने राष्ट्रपति से रक्षाबंधन की खुशियां साझा कीं. राष्ट्रपति को राखियां और विद्यालय की ओर से उनकी एक आकर्षक पेंटिंग भी भेंट की गई, जिसे उन्होंने खूब सराहा. राष्ट्रपति भवन से स्वीकृति एवं विशेष आमंत्रण के पश्चात गई विद्यालय की टीम में प्राचार्य डॉ एएस गंगवार, प्रधानाध्यापिका प्रीति सिन्हा तथा विद्यार्थियों में कक्षा 9 से अन्वेषा शर्मा, अनन्या सिंह व प्रीतम सागर तथा कक्षा 10 के छात्र आदि आयुष्मान शामिल रहे. गर्व के इस अविस्मरणीय अनुभव पर विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है. राष्ट्रपति भवन से लौटे बच्चों ने मंगलवार को प्राचार्य डॉ गंगवार को पुष्पगुच्छ भेंटकर यह सुखद अवसर प्रदान करने के लिए उनके प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की.


राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ डीपीएस, बोकारो के बच्चे.

**28वें स्थापना दिवस पर स्कूल आई थीं महामहिम :** उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू वर्ष 2015 में 02 जुलाई को डीपीएस बोकारो के 28वें स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंची थीं1 उस समय वह झारखंड की राज्यपाल थीं. सोमवार को राष्ट्रपति भवन में रक्षा बंधन कार्यक्रम के दौरान जैसे ही विद्यालय के बच्चों ने उन्हें उनकी पेंटिंग दी. उसके नीचे लिखे डीपीएस बोकारो पर उनकी नजर गई. इस पर वह मुस्कुरा उठीं और उनके साथ बातचीत में इस स्मृति पर भी चर्चा हुई. प्राचार्य डॉ गंगवार ने इसकी चर्चा की तथा महामहिम ने विशेष प्रसन्नता व्यक्त की. उन्होंने कहा इतनी दूर से आपलोग आए, अच्छा लगा. उन्होंने हिन्दी में ही बच्चों के साथ बातचीत की और उन्हें बेहतर करने के लिए प्रेरित किया. इसके बाद डीपीएस बोकारो सहित देशभर के विभिन्न राज्यों के अलग-अलग विद्यालयों से पहुंचे सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने महामहिम के साथ राष्ट्रगान गाने का भी गौरव प्राप्त किया. उन्होंने महामहिम के साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं. कार्यक्रम में केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और जयंत चौधरी सहित स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग के सचिव संजय कुमार एवं शिक्षा मंत्रालय के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे.

**लापरवाही** जयनगरा मिडिल स्कूल जाने के दौरान गायब होने के 22 दिन बाद भी कोई पता नहीं

## एफआईआर के 19 दिन बाद भी नहीं मिला लड़की का सुराग

**संवाददाता। कांडी(गढ़वा)**

थाना क्षेत्र के भुड़वा गांव निवासी एक छात्रा के जयनगरा मिडिल स्कूल जाने के दौरान गायब होने के 22 दिन बाद भी कोई अता पता नहीं है. कांडी थाना पुलिस को भी एफआईआर के 19 दिन बाद भी छात्रा का कोई सुराग नहीं मिला. हालांकि पुलिस ने उस नाबालिग के अपहरण व पोक्सो एक्ट के मामले में जयनगरा गांव निवासी एक युवक को गिरफ्तार कर 3 अगस्त 2024 शुक्रवार को ही जेल भेज दिया है. इस मामले में छात्रा के पिता ने 2 अगस्त को अपनी पुत्री सुमन कुमारी (बदला हुआ नाम) के अपहरण करने व प्यार के जाल में फंसाने का आरोप लगाते हुए थाना में आवेदन दिया था. उक्त लड़की मध्य विद्यालय जयनगरा के वर्ग आठ में पढ़ती है. वह मंगलवार को पौने नौ बजे स्कूल ड्रेस में घर से स्कूल जाने के लिए निकली थी. उसके हाथ में एक दो किताब कॉपी भी थी. जिसे उसने गांव के ही बांस की बंसवारी में फेंक कर पैदल ही दक्षिण की ओर चली गयी थी. काफी खोजबीन के बाद भी अभी तक उसका कोई अता पता नहीं चल सका है.




लड़की के पिता ने थाना में आवेदन देकर जयनगरा गांव निवासी सुभाष पासवान के पुत्र धीरज कुमार पासवान 19 वर्ष के खिलाफ अपनी लड़की का अपहरण करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया था. पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उक्त युवक को गिरफ्तार कर थाना ले गयी. पूछताछ करने व मोबाईल की जांच करने पर लड़की के साथ उस लड़के की जान पहचान व प्रेम संबंध होने का साक्ष्य मिला था. उसके बाद पुलिस ने उक्त लड़का को 3 अगस्त को जेल भेज दिया था. लेकिन अभी तक उक्त लड़की का कोई पता नहीं चल सका. लड़का व लड़की के बीच में प्रेम है इसका भंडाफोड़ सोमवार 29 जुलाई 2024 को स्कूल में ही हुआ था. जब उक्त लड़की वर्ग पांच में पढ़ने वाले एक लड़के को जो उक्त लड़का का पड़ोसी है को एक चिट्ठी दे रही थी. जिसे स्कूल के शिक्षक देख लिए और उस चिट्ठी को उस लड़का से छीनकर जब्त कर लिए. उसके बाद लड़की के पिता को स्कूल में बुलाकर मामले की जानकारी दी गयी थी. इस विषय में थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम ने बताया कि लड़की की बरामदगी के लिए पुलिस लगातार खोजबीन में जुटी है. लेकिन अभी तक पता नहीं चला है. मामले से जुड़े दो व्यक्तियों - लड़की व एक अन्य के मोबाइल का कॉल डीटेल रिपोर्ट (सीडीआर) निकालने के लिए भी टेक्निकल सेल में भेजा गया है. रिपोर्ट मिलने के बाद परिणाम सामने होगा.

## मेघातरी में आपदा प्रभावित परिवारों से मिला सीपीएम का प्रतिनिधिमंडल

**संवाददाता। कोडरमा**

कोडरमा सदर प्रखंड अंतर्गत मेघातरी पंचायत के कुसाहना में चेकडैम टूटने के कारण प्रभावित लोगों से मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को मिलकर व घर-घर दौरा कर स्थिति का जायजा लिया. उल्लेखनीय है कि रविवार की सुबह भारी बारिश के कारण कुसाहना में पचास साल पुराना चेकडैम टूट गया था. इसके कारण दर्जनों घरों में पानी घुस गया और उन घरों के अनाज, बर्तन, गाय, बकरी, बिछावन और खटिया तक पानी में बह गए. राहड़, मकई जैसे फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है. खेती की जमीनें रेत से भर गया और खेत खराब हो गया. प्राथमिक विद्यालय कुसाहना में भी पानी घुस जाने और क्लास रूम में कीचड़ होने के कारण बच्चों का पढ़ाई भी बाधित हो गया है. इस प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए सीपीएम की फैक्ट फाइडिंग टीम परिवार के मुखिया, महिलाएं आदि लोगों से मिलकर घटना की जानकारी ली.



प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे माकपा के जिला सचिव असीम सरकार ने कहा कि यह प्राकृतिक आपदा कोडरमा जिला जैसे जगह के लिए बड़ी आपदा है. कुसाहना में गरीब, दलित और पिछड़े लोग रहते हैं. जो डेली मजदूरी कर और ढिबरा चुनकर अपना रोजी रोटी चलाते हैं.

# पीएम के यूक्रेन दौरे का महत्व

रूस की यात्रा के बाद अब प्रधानमंत्री यूक्रेन की राजधानी कीव जा रहे हैं. कीव पहुंचने के पहले वे दो दिन पोलैंड में रहेंगे. 45 सालों बाद कोई भारतीय प्रधान मंत्री पोलैंड की यात्रा पर है. मोदी की रूस यात्रा को ले कर पश्चिमी देशों का संशय सामने आया था. यूक्रेन के नेता जेलेंस्की ने तो यहां पुतिन मोदी की मुलाकात पर सख्त एतराज जताते हुए कठोर टिप्पणी कर दी थी. जेलेंस्की की टिप्पणी को कूटनीतिक मर्यादाओं से परे माना गया था. दरअसल भारत और अमेरिका के संबंधों के बीच रूस के त्रिकोण को ले कर पश्चिमी मीडिया में कई तरह की टिप्पणियां की गयीं. इस समय रूस और चीन पश्चिमी देशों के निशाने पर हैं. कूटनीतिक गलियारों में इस बात की भी चर्चा है कि भारत और चीन के व्यापार संबंध पहले से कहीं ज्यादा परिपक्व होते जा रहे हैं. भारत के विदेश मंत्री ने भी संकेत दिया है कि भारत चीनी निवेश को ले कर कठोर नहीं है. यह स्वागतयोग्य माना जा रहा है कि भारत सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूक्रेन को लेकर उम्मीदों और अटकलों का बाजार ठंडा करने की कोशिश की है. 23 अगस्त को होने वाली मोदी की इस यात्रा की पुष्टि 19 अगस्त को की गई. उसी रोज भारतीय विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने मीडिया ब्रीफिंग में यह स्पष्ट किया कि इस यात्रा का मकसद यूक्रेन और रूस के बीच प्रत्यक्ष मध्यस्थता करना नहीं है. उधर पश्चिमी कूटनीतिज्ञों ने संभावना जताई है कि भारत दोनों देशों के बीच संदेशों के आदान-प्रदान का माध्यम बन सकता है.

> विदेश मंत्री एस जयशंकर पहले कुछ मौकों पर यह कह चुके हैं कि भारत ने संवेदशवाहक की भूमिका निभाई है. काला सागर अनाज समझौते और जापोरिझिया परमाणु संयंत्र के मुद्दे पर ऐसा रोल भारत ने निभाया था.

विदेश मंत्री एस जयशंकर पहले कुछ मौकों पर यह कह चुके हैं कि भारत ने संवेदशवाहक की भूमिका निभाई है. काला सागर अनाज समझौते और जापोरिझिया परमाणु संयंत्र के मुद्दे पर ऐसा रोल भारत ने निभाया था. जयशंकर ने कहा था- 'हम वो देश हैं, जिसने रूसी नेताओं के साथ यूक्रेन युद्ध मुद्दे पर खुल कर और दो टूक बात की है. अब यह बात बहुत से लोगों को नागवार गुजर सकती है कि भारत की भूमिका विभिन्न देश आज एक संदेशवाहक के रूप में देखते हैं. फिलस्तीन में गाजा नरसंहार और यूक्रेन युद्ध आज दुनिया में दो सबसे बड़े मसले हैं. यूक्रेन युद्ध को समाप्त कराने के लिए कई हलकों से फॉर्मूले पेश किए गए हैं, लेकिन बात आगे नहीं बढ़ी है. बीते जून में स्विट्जरलैंड ने इस मुद्दे पर शांति सम्मेलन का आयोजन किया, मगर बात आगे नहीं बढ़ी, क्योंकि उसमें रूस को आमंत्रित ही नहीं किया गया था. इसके पहले एक बहुचर्चित फॉर्मूला चीन की तरफ से आया, जिसे यूक्रेन और रूस दोनों ने गंभीरता से लिया था. मगर चीन भी अपनी पहल में अब तक कामयाब नहीं हुआ. दरअसल, किसी फॉर्मूले पर प्रगति की कोई संभावना नहीं है, जब तक अमेरिका और नाटो सबकी सुरक्षा को समान महत्त्व देने को तैयार नहीं होते हैं. अच्छी बात है कि इस जटिल स्थिति का अहसास भारत की विदेश नीति के निर्माताओं को हुआ है और उन्होंने मोदी की यात्रा को लेकर अपेक्षाएं न बढ़ाने की रणनीति अपनाई है.

## सुभाषित

**योजनानां सहस्त्रं तु शनैर्गच्छेत् पिपीलिका।**
**आगच्छन् वैनतेयोपि पदमेकं न गच्छति॥**

यदि चिट्टी चल पड़ी तो धीरे-धीरे वह एक हजार योजन भी चल सकती है, परन्तु यदि गरुड़ जगह से नहीं हिला तो वह एक पग भी आगे नही बढ़ सकता. मतलब यह कि यदि जीवन में आगे बढ़ना है तो प्रयत्नशील रहना होगा.


# अनमना लोकतंत्र और राजनीति

**जम्मू-कश्मीर और हरियाणा में विधानसभा चुनाव की घोषणा केंद्रीय चुनाव आयोग ने कर दी है. लेकिन इस या उस कारण से महाराष्ट्र, झारखंड विधानसभा और कई राज्यों के उप-चुनावों के बारे में कोई घोषणा नहीं की है. लोकसभा के लिए हुए आम चुनाव के परिणाम में भारतीय जनता पार्टी को लगे झटका के बाद यह पहला चुनाव होगा. बदलाव के लिए आम चुनाव में दिखे जनता के मूड में स्थायित्व के बारे में अनुमान करने की दृष्टि से जम्मू-कश्मीर और हरियाणा के चुनाव का बहुत महत्व है.**



ऐसा लगता है कि भारत में ही नहीं, दुनिया के बड़े हिस्सा में विपत्तियों और आपदाओं का अटूट सिलसिला चल पड़ा है. चारों तरफ कोलाहल और कलह का माहौल ऐसा है कि जन-सरोकार से जुड़े मुद्दों पर बात भी करना मुश्किल है. इतिहास का यह वह दौर है जब जरूरी सवाल अप्रासंगिक और गैरजरूरी सवाल सिर पर सवार रहते हैं. हमारे देश के प्रधानमंत्री सपनों का जाल, नहीं माया-जाल पसारने में लगे हैं. पल की खबर नहीं, कल की बात करते हैं. 2047 के विकसित भारत की बात करते हैं. पांच साल के खंडित जनादेश पर खड़े हो कर पचास साल की बात करते हैं. वे सपनों की बात करते हैं, क्योंकि सपनों का कोई सबूत नहीं होता है. सपनों को सवाल पसंद नहीं, सपनों को सपने के बाहर का शोर पसंद नहीं है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों के शहंशाह हैं. कुछ लोगों के मन में यह बात बैठ गई है कि वे सपनों के शहंशाह नहीं, सपनों के तानाशाह हैं. हालांकि हर बात को कानून से जोड़कर देखने-दिखानेवालों के मन में इस पर अलग-अलग राय है. लोकतंत्र के अनमने कर्णाधारों के लिए सपनों का शरणागत होना, आंख-कान मूंदकर आदेश-पालन में रात-दिन लगे रहना पवित्र कर्तव्य है. हालांकि प्रतिपक्षी दल कर्तव्य-निबाह की मर्म-कथाओं का सार संकेत ग्रहण नहीं करते हैं. ऐसे संकेत मिल रहे हैं कि राजनीतिक आबो-हवा बदल रही है. जम्मू-कश्मीर और हरियाणा में विधानसभा चुनाव की घोषणा केंद्रीय चुनाव आयोग ने कर दी है. लेकिन इस या उस कारण से महाराष्ट्र, झारखंड विधानसभा और कई राज्यों के उप-चुनावों के बारे में कोई घोषणा नहीं की है. लोकसभा के लिए हुए आम चुनाव के परिणाम में भारतीय जनता पार्टी को लगे झटका के बाद यह पहला चुनाव होगा. बदलाव के लिए आम चुनाव में दिखे जनता के मूड में स्थायित्व के बारे में अनुमान करने की दृष्टि से जम्मू-कश्मीर और हरियाणा के चुनाव का बहुत महत्व है. इसलिए विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक हलचल बढ़ गई है. राजनीतिक हलचल का मतलब? जन-समूह और मतदाताओं को भ्रमित करने के लिए तरह-तरह की चर्चाओं, अफवाहों का सिलसिला! भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में हवा बनाने के मकसद से मुख्य धारा की मीडिया में अटकल को अटकल बताते हुए उसे खबर की तरह पेश किया जाता है! इन राजनीतिक हलचलों के अलावा राजनीतिक आबोहवा में बदलाव के कुछ अन्य महत्वपूर्ण संकेत मिल रहे हैं. खबर है कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया पर मुकदमा चलाने की अनुमति कर्नाटक के राज्यपाल ने दे दी है. भारतीय जनता पार्टी के नेता डॉ सुब्रह्मण्यम स्वामी को राहुल गांधी के भारत के नागरिक होने या बचे रहने पर ही इस समय नये सिरे से संदेह हो गया है! यों तो, डॉ. सुब्रह्मण्यम स्वामी हैं भारतीय जनता पार्टी के ही नेता लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनकी बनती नहीं हैं. पूरे 'गांधी परिवार' और राहुल गांधी से उनकी शिकायत का कोई अंत ही नहीं है. वे राहुल गांधी को भारतीय नागरिकता से ही वंचित करना चाहते हैं. उन्होंने

• देश-काल




प्रफुल्ल कोलख्यान

नरेंद्र मोदी सरकार से राहुल गांधी की भारतीय नागरिकता छीनने की मांग करते हुए पत्र लिखा, पांच साल तक इंतजार किया. सरकार से कोई जवाब नहीं मिलने या संतोषजनक जवाब नहीं मिलने के कारण उन्होंने दिल्ली उच्च-न्यायालय में याचिका दायर की है. जिस आधार पर डॉ. सुब्रह्मण्यम स्वामी ने भारत सरकार से राहुल गांधी की भारतीय नागरिकता रद्द करने की मांग की थी, उनमें जरा भी दम होता तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह अवसर मिलते ही कैसी कार्रवाई करते, किसी के लिए भी उसे समझना बहुत मुश्किल नहीं होना चाहिए. खैर, अब मामला दिल्ली उच्च-न्यायालय में है.

जो येन-केन-प्रकारेण पूरे 'गांधी परिवार' को राजनीतिक रूप से पंगु करने के लिए भारतीय जनता पार्टी किसी भी हद तक जा सकती है, इसके लक्षण साफ-साफ दिख रहे हैं. हालांकि खुद राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में भारतीय जनता पार्टी अकेले दम पर बहुमत में नहीं है. इसलिए नरेंद्र मोदी सरकार का रुख 'बहुत कुछ' तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के नेता एन चंद्रबाबू नायडू और जनता दल यूनाइटेड के नेता नीतीश कुमार के मौन-मुखर रुख पर भी निर्भर करेगा. इस समय भारतीय जनता पार्टी अपनी राजनीतिक परियोजना और 'मित्र-धर्म निभाव' में कब क्या कर बैठेगी, कुछ भी कहना मुश्किल है. महत्वपूर्ण सवाल यह है कि यदि 'न्याय योद्धा राहुल गांधी को इन्हीं उलझावों में पड़े रहेंगे, तो 'सामग्रिक न्याय' संस्कृति संबंधित उन मुद्दों पर अपना ध्यान कैसे केंद्रित कर सकेंगे, जिन्हें पूरी ताकत से न्याय-पत्र में शामिल किया गया है. यह ठीक है कि 'न्याय-पत्र' कांग्रेस का घोषणा पत्र है, लेकिन व्यवहारतः वह इंडिया अलायंस का राजनीतिक दस्तावेज है. यह बात कभी नहीं भूलने में ही सयानापन है कि 'न्याय योद्धा' राहुल गांधी के लिए राजनीतिक परेशानी खड़ी करके किसी राजनीतिक समस्या के समाधान के संभव होने की बात सोचना भी सत्यानाशी कुमति के अलावा कुछ नहीं है. विभिन्न मुद्दों पर जन-आक्रोश बढ़ रहा है. जन-आक्रोशों में राजनीतिक दलों के अंतर्विरोध खुलकर सामने आ रहे हैं. जन-सरोकार के मुद्दों पर राजनीतिक दल नागरिकों को एक-दूसरे के विरुद्ध खड़ा कर देता है. पेपरलीक, हत्या, बलात्कार, कृषि-उपज के न्यूनतम-समर्थन (MSP), विकराल बेरोजगारी, बेसम्हार महंगाई जैसे किसी मुद्दे पर आक्रोश हो, राजनीतिक प्रवक्ताओं के लिए तो लगता है अपनी बयान-बहादुरी और वफादारी साबित करने का मौका ही मिल जाता है. इन राजनीतिक प्रवक्ताओं को ऐसे मुद्दों की संवेदनशीलता से वाकिफ कराते हुए समझदारी से पार्टी का पक्ष रखने की सलाह संबंधित राजनीतिक दलों के शीर्ष नेतृत्व दे सकते हैं, लेकिन नहीं देते हैं. उन से उम्मीद भी क्या की जा सकती है! उन से उम्मीद न करे तो फिर किन से उम्मीद रखे! कुछ भी कहना मुश्किल है.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



# पहले स्वयं को तौलें

इस समाज की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि हम यह तो चाहते हैं कि सभी लोग ईमानदार हो जायें, लेकिन स्वयं ईमानदारी से दूर-दराज तक का रिश्ता नहीं रखते. विचारणीय है कि जो स्वयं ही बेईमान है, वह समाज में ईमानदारो का आदर्श कैसे बन सकता है? लेकिन व्यावहारिक जीवन में यही होता है. सार बात तो यह है कि यदि हम चाहते हैं जगत में ईमानदारी का प्रचलन हो तो सर्वप्रथम हमें दृढता और निष्ठापूर्वक ईमानदार रहना होगा. गांव में एक पशुपालक रहता था जो दूध से दही और मक्खन बना, बेचकर रोजी चलाता था. हमेशा की तरह आज भी उसकी पत्नी ने मक्खन तैयार करके दिया और वह उसे बेचने के लिए अपने गांव से शहर की तरफ निकल पड़ा. मक्खन गोल पिंडी के आकार में होता था और प्रत्येक पिंडी का वज़न एक किलो था. शहर में किसान ने उस मक्खन को हमेशा की तरह अपने रोज के दुकानदार को बेच दिया. बदले में दुकानदार से चायपत्ती, चीनी, तेल, साबुन, मसाले व दालें वगैरह खरीदकर वापस अपने गांव चला गया. किसान के जाने के बाद, दुकानदार को मक्खन फ्रिज़र में रखते हुए सहसा खयाल आया कि क्यों नहीं आज एक पिंडी का वज़न कर ही लिया जाए. वज़न करने पर पिंडी सिर्फ 900 ग्राम उतरी. हैरत और संदेह से उसने सारी पिंडियाँ तोल डाली. प्रत्येक पिंडी 900-900 ग्राम ही थी. व्यापारी छले जाने के विषाद से भर उठा. अगले हफ्ते किसान हमेशा की तरह मक्खन लेकर जैसे ही दुकानदार की दहलीज़ पर चढ़ा. दुकानदार आक्रोश में चिल्लाते हुए, किसान से कहा कि वह दफा हो जाए, उसे किसी बेईमान और धोखेबाज़ व्यक्ति से व्यापार नहीं करना! एक किलो बताकर, 900 ग्राम मक्खन थमानेवाले धूर्त की वह शक्ल भी देखना नहीं चाहता. किसान ने अनुनय विनय की. बड़ी ही विनम्रता से दुकानदार से कहा ₹मेरे भाई मैं धूर्त नहीं हूं. मुझ पर संदेह न करो, हम गरीब अवश्य है, किन्तु ठग नहीं. हमारे पास एक पुरानी सी तुला है, तोलने के लिए बाट (वज़न) खरीदने की हमारी हैसियत नहीं, इसलिए जो एक किलो चीनी आपसे तुलवाकर ले जाता हूं, उसी पैकेट को तराजू के एक पलड़े मे रखकर, दूसरे पलड़े में भारोभार मक्खन तोल लेता हूं. अभिप्राय यही कि दुकानदार स्वयं ही बेईमानी कर रहा था. अक्सर स्वयं की बेईमानी तो हमें चतुरता लगती है, या बौद्धिक चालाकी लगती है, किन्तु जब दुनिया से वही पलटकर हमारे सामने आए तो हमारा क्रोध और आक्रोश नियंत्रण में ही नहीं रहता.

# कौशल विकास से ही कृत्रिम मेधा का नया क्षितिज

भारत के आकाश में भी शक्ति के नए क्षितिज उभर रहे हैं. ये क्षितिज कृत्रिम मेधा के हैं. ये क्षितिज सेमीकंडक्टर युग के हैं, इंटरनेट की ताकत के और प्रौद्योगिकी विकास के हैं. कृत्रिम मेधा, रोबोट युग और डिजिटल होती दुनिया ने भारत में एक नया धरातल पैदा किया है. यह सुखद ही है कि वर्तमान समय में, भारत की प्रगति और विकास की सभी संभावनाओं को निजी क्षेत्र की द्रुत गति से जोड़ दिया गया है.निजी क्षेत्र ने लागत घटाने और लाभ बढ़ाने के लिए कृत्रिम मेधा का इस्तेमाल शुरू कर दिया है और रोबोट्स को इंसानों की जगह तैनात कर रहा है. ये सब नये युग की इन इंटरनेट शक्तियों द्वारा हासिल करने का प्रयास है.

• ज्ञान-विज्ञान

सुरेश सेठ

जहां तक डिजिटल दुनिया से पैदा होने वाली नौकरियों का संबंध है, उनकी कमी भारत में नहीं है. समस्या यह है कि युवा शक्ति इस काम के लिए पूरी तरह से प्रशिक्षित नहीं है, जिसके कारण योग्यता वाले कम मिल रहे हैं. यदि हमें अपने श्रमबल को प्रशिक्षण से निपुण बनाना है तो अपनी शिक्षा के सभी पाठ्यक्रमों में बदलाव लाना चाहिए. शिक्षकों को भी इन नई संभावनाओं के क्षितिज से परिचित कराना चाहिए था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ. इसीलिए, देश में नौजवानों की बेरोजगारी की वही पुरानी समस्या बनी हुई है. पारंपरिक बीए, एमए की डिग्रियां लेकर वे दफ्तर या सेवा क्षेत्र के काउंटर पर काम की तलाश कर रहे हैं. दूसरी ओर, जहां कृत्रिम मेधा और डिजिटल दुनिया में प्रशिक्षित कारीगरों की आवश्यकता है, वहां उनकी भारी कमी है. इसके साथ ही हाल के दिनों में देश के विभिन्न भागों में अचानक प्राकृतिक आपदाओं का दौर शुरू हो गया है. हाल ही में, अचानक से लगातार बारिश आई, जो लोगों के लिए तबाही का सबब बनी. तीन या चार घंटे की बारिश के बाद महानगरों से लेकर उभरते हुए शहरों, जिन्हें स्मार्ट शहर कहा जाता है, तक तीन-चार फीट पानी जमा हो गया. सड़कें जलमग्न हो गईं. हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश के कारण अनेक राष्ट्रीय सड़क मार्ग और सैकड़ों सड़कें बंद हो गईं. जो स्थिति पहले केरल के वायनाड में देखी जा रही थी, वह अचानक उत्तर भारत में भी दिखने लगी. इन परिस्थितियों में, आसमान से आई मुसीबतों का सामना करने के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान कृत्रिम मेधा की सहायता की उम्मीद कर रहा है. राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान ने फैसला किया है कि आपदा जोखिम आकलन के लिए कृत्रिम मेधा का उपयोग करेंगे, जिससे आने वाली विपत्तियों को टालने या उनका सामना करने

> शिक्षकों को भी इन नई संभावनाओं के क्षितिज से परिचित कराना चाहिए था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ. इसीलिए, देश में नौजवानों की बेरोजगारी की वही पुरानी समस्या बनी हुई है. पारंपरिक बीए, एमए की डिग्रियां लेकर वे दफ्तर या सेवा क्षेत्र के काउंटर पर काम की तलाश कर रहे हैं. दूसरी ओर, जहां कृत्रिम मेधा और डिजिटल दुनिया में प्रशिक्षित कारीगरों की आवश्यकता है.

के लिए चाक-चौबंद रहा जा सके. असाधारण मौसम के कारण खेतों में फसलें खराब हो रही हैं, और बुवाई की समय-सारिणी गड़बड़ा जाती है. जब फसलें खेतों में पकने को तैयार हो जाती हैं, तो अचानक बारिश उनकी गुणवत्ता को प्रभावित करती है. राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान ने कहा है कि सबसे पहले कृत्रिम मेधा का इस्तेमाल भविष्य के आकलन और जोखिम का अनुमान लगाने में किया जाना चाहिए, ताकि इन क्षेत्रों में समस्याओं का सामना प्रभावी ढंग से किया जा सके. निस्संदेह, राष्ट्रीय आपदा एक निरंतर चुनौती है, लेकिन उच्च तकनीक से जनधन की हानि को टाला जा सकता है. हाल ही में, हमने राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया, जिसमें इस बात पर विचार-विमर्श हुआ कि आपदा प्रबंधन में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का कैसे उपयोग किया जा सकता है. इस परिदृश्य में, हम इसरो के योगदान की भी उम्मीद कर रहे हैं. प्राकृतिक या मानव निर्मित आपदाओं से निपटने के लिए साइबर क्राइम की सुरक्षा से लेकर अग्निशमन सेवा, नागरिक सुरक्षा, और आम जीवन की चौकसी के लिए भी इसका उपयोग किया जा सकता है. लेकिन यह तभी संभव है जब इन तकनीकी नवाचारों को एक नया क्षितिज देने के लिए निजी और सरकारी क्षेत्र दोनों की भूमिका महत्वपूर्ण हो.ऐसे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए, सरकारी और निजी क्षेत्र के सहयोग और सामंजस्य पर भरोसा करना होगा. इसके लिए एक नई रूपरेखा की आवश्यकता होगी. निश्चय ही, इस रूपरेखा का आधारभूत लेखाजोखा विश्वविद्यालयों से प्राप्त होगा, लेकिन अनुसंधान के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान को भी नया रूप देना पड़ेगा. इसरो को भी केवल अंतरिक्ष के क्षेत्र में नहीं, बल्कि धरती पर अचानक आई आपदाओं से प्रभावित आम लोगों के कष्टों का अंदाजा लगाकर उनके लिए नए समाधान की रचना करनी होगी. आपदा के बाद गहन मूल्यांकन की आदत को छोड़ना होगा. **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# बंगलादेश : न खत्म होने वाली उठापटक

5 अगस्त को बांग्लादेश में शेख हसीना को सत्ता से हटाये जाने, जिसके लिए छात्रों और अन्य विपक्षी दलों द्वारा उनके नेतृत्व वाली अवामीलीग सरकार के 15 साल के शासन के खिलाफ बड़े पैमाने पर विद्रोह किया, के बाद उनके पतन के कारणों और उनके सत्ता से हटने में योगदान देने वाले संभावित कारकों के बारे में बहुत कुछ लिखा जा चुका है. अब हम उन विभिन्न घटनाओं पर नज़र डाल सकते हैं, जो अंतरिम सरकार द्वारा आम चुनाव आयोजित किये जाने तक उभर सकती हैं. आइए, नोबेल पुरस्कार विजेता डॉ. मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली 17 सदस्यीय अंतरिम सरकार के ताजा बयानों और कार्रवाइयों तथा 5 अगस्त के बाद से अब तक हुई कुछ महत्वपूर्ण घटनाओं से कुछ संकेतों का आकलन करें. सबसे पहले, बीएनपी सुप्रीमो खालिदा जिया को रिहा कर दिया गया है तथा उन्होंने अपनी पार्टी के सहयोगियों के साथ बीएनपी के पुनर्गठन के बारे में चर्चा शुरू कर दी है, ताकि अंतरिम सरकार को प्रभावित करने में वह अग्रणी भूमिका निभा सके. उन्होंने अपने समर्थकों से सत्ता हासिल करने के लिए आगामी चुनावों के लिए तैयार रहने को कहा है. हालांकि बीएनपी आधिकारिक तौर पर अंतरिम सरकार में शामिल नहीं है, लेकिन बीएनपी नेतृत्व ने अंतरिम सरकार के कुछ सदस्यों के साथ मौजूदा स्थिति में आगे बढ़ने के बारे में चर्चा की है. दूसरा, जिलों में कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने के बारे में अंतरिम सरकार द्वारा दिये गये सभी आश्वासनों के बावजूद, स्थिति खराब है. पुलिस प्रशासन हतोत्साहित हो गया है. जिलों में, बीएनपी और जमात मौजूदा अवामीलीग विरोधी भावनाओं का फायदा उठा रहे हैं तथा कानून-व्यवस्था एजेंसियों द्वारा किसी भी बाधा के बिना अवामीलीग कार्यकर्ताओं को निशाना बना रहे हैं. ऐसे में कट्टरपंथी तत्व कुछ स्थानों पर हिंदुओं पर हमला कर रहे हैं, लेकिन अल्पसंख्यक संगठनों के साथ-साथ छात्रों और नागरिक समाज के उदारवादी वर्ग द्वारा संगठित प्रतिरोध के कारण इसकी तीव्रता का मुकाबला किया गया है. अंतरिम सरकार को पुलिस प्रशासन में तुरंत मनोबल भरना होगा, ताकि वे निष्पक्ष रूप से कार्य करें और उन सांप्रदायिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने का साहस रखें, जो अब अंतरिम सरकार के करीब होने की कोशिश कर रहे हैं. पूर्ववर्ती हसीना सरकार की मुख्य विपक्षी पार्टी बीएनपी को भारतविरोधी विचारों वाली पार्टी के रूप में देखा जाता है, लेकिन ऐसा इसलिए

• देशांतर

नित्य चक्रवर्ती

> सबसे पहले, बीएनपी सुप्रीमो खालिदा जिया को रिहा कर दिया गया है तथा उन्होंने अपनी पार्टी के सहयोगियों के साथ बीएनपी के पुनर्गठन के बारे में चर्चा शुरू कर दी है, ताकि अंतरिम सरकार को प्रभावित करने में वह अग्रणी भूमिका निभा सके. उन्होंने अपने समर्थकों से सत्ता हासिल करने के लिए आगामी चुनावों के लिए तैयार रहने को कहा है.

था क्योंकि उनकी मान्यता के अनुसार अवामीलीग भारत से जुड़ी हुई है और शेख हसीना भारत सरकार के हित में काम करती हैं. बीएनपी में कई सांप्रदायिक तत्व हैं, लेकिन कुल मिलाकर यह एक सही पार्टी है, जो संसदीय लोकतंत्र में एक खिलाड़ी के रूप में काम कर सकती है. बीएनपी एक कट्टरपंथी पार्टी नहीं है. भारत दृष्टिकोण में मतभेदों के बावजूद इस पार्टी से तालमेल बिठा सकता है.बांग्लादेश की राजनीति के लिए मुख्य समस्या हसीना सरकार के पतन और अचानक अवामीलीग विरोधी संगठनों के पास राजनीतिक सत्ता जाने के परिणामस्वरूप जमात-ए-इस्लामी का मजबूत होना है. जमात का चुनावी समर्थन आधार छोटा है, यह अनुमानतः मात्र 4 प्रतिशत है, लेकिन यह कैडर-आधारित और वैचारिक रूप से रूढ़िवादी है. मुस्लिम देशों, मुख्यतः सऊदी अरब के कई धार्मिक संस्थानों से प्राप्त धन के कारण जमात के पास बड़ी वित्तीय ताकत है. अवामीलीग के शासन के दौरान हसीना ने धन के कुछ मार्गों को बंद कर दिया था. अब उन्हें फिर से खोल दिया जायेगा और जमात के पास फिर से धन की भरमार हो जायेगी. अगर अंतरिम सरकार वास्तव में बांग्लादेश की 1750 लाख आबादी में से 130 लाख अल्पसंख्यकों को सुरक्षा सुनिश्चित करना चाहती है, तो जमात को नियंत्रित करना उसकी प्रमुख गतिविधियों में से एक होना चाहिए.अब अवामीलीग के बारे में क्या? अवामीलीग अब बदनाम हो चुकी है, लेकिन पार्टी के पास सबसे बड़ा समर्थन आधार है, जो अब शांत है. अभी तक, नयी सरकार अवामीलीग की भागीदारी के बिना आगे बढ़ने की कोशिश कर रही है. अधिकांश प्रशासनिक शाखाओं के साथ-साथ न्यायपालिका और वित्तीय क्षेत्र में, हसीना के करीबी माने जाने वाले शीर्ष अधिकारियों को इस्तीफा देने के लिए कहा गया है. कई ने इस्तीफा दे भी दिया है. यह सफाई प्रक्रिया से कम नहीं है. **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## मीडिया में अन्यत्र

# खनन पर टैक्स और राज्यों का हक

**खनन** पर कर लगाने का राज्यों का अधिकार 1 अप्रैल, 2005 की तारीख से प्रभावी तथा बरकरार रखते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने एक ओर जहां राजकोषीय संघवाद के सिद्धांतों को मजबूती प्रदान की है, वहीं दूसरी ओर उसने खनन कंपनियों पर भारी वित्तीय देनदारी भी थोपी है. उद्योग जगत के मुताबिक निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के खनन करने वालों को इस फैसले के पुरानी तारीख से लागू होने के कारण 1-2 लाख करोड़ रुपये की चपत लग सकती है. केंद्र सरकार ने न्यायालय से कहा कि अकेले सरकारी क्षेत्र की खनन कंपनियों पर इस फैसले से करीब 70,000 करोड़ रुपये का वित्तीय भार आएगा. न्यायालय द्वारा तय अंतिम तिथि सशर्त है, मसलन कोई ब्याज या जुर्माना नहीं लगेगा और भुगतान 12 वर्षों में किया जाएगा. इससे कुछ राहत मिली है. सर्वोच्च न्यायालय ने अतीत की तिथि से लागू करने के बारे में स्पष्टीकरण दिया है कि निर्णय को भविष्य में लागू करना उचित नहीं होगा. उसका यह तर्क दिखाता है कि उच्चतम स्तर पर भी न्यायपालिका में काम की गति कितनी धीमी है. सन 1989 में सात न्यायाधीशों के पीठ ने इंडिया सीमेंट और तमिलनाडु राज्य एवं अन्य के मामले में कहा था कि खनिज उत्खनन की रॉयल्टी टैक्स नहीं है. उसने कहा कि केवल सीमेंट पर कर लगाया जा सकता है जबकि राज्य सरकार केवल रॉयल्टी वसूल सकती है. पांच न्यायाधीशों के पीठ ने 2004 में टाइपिंग की एक गलती की ओर इशारा करते हुए इस निर्णय को उलट दिया. उसने कहा कि रॉयल्टी कर नहीं है, लेकिन रॉयल्टी पर लगने वाला उपकर (जो तमिलनाडु सरकार ने लगाया था लेकिन इंडिया सीमेंट उसका विरोध कर रही थी) कर है और ऐसे अतिरिक्त उपकर वसूल करना राज्यों का अधिकार है. इसके परिणामस्वरूप कई राज्यों ने अपने-अपने यहां खनिज खनन पर ऐसे कर लगाने के अधिकार का इस्तेमाल किया. इस बीच न्यायिक चुनौतियां भी उत्पन्न हुईं. आखिर में सर्वोच्च न्यायालय ने इन सभी चुनौतियों के परीक्षण के लिए एक पीठ का गठन किया. उसने कहा कि उसके निर्णय के भावी इस्तेमाल से ऐसी स्थिति बनेगी, जहां राज्यों द्वारा खनन पर लगने वाले कर के लिए बने कानून अवैध होंगे और उन पर यह दबाव बनेगा कि वे सक्षम कानून के माध्यम से कर के रूप में संग्रहित राशि को वापस करें.वित्तीय बोझ के अलावा अतीत से प्रभावी करों का देश में एक विवादास्पद इतिहास रहा है और अतीत में उसने प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को भी नुकसान पहुंचाया है. **(बिजनेस स्टैंडर्ड)**



## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### जाति/जाती


**महेश** किस जाति का है, यह मेरे लिए कोई मायने नहीं रखता, क्योंकि यह उसका जाती मामला है. जातिवाद का विरोध करने वाले अक्सर ऐसा कहते हुए पाये जाते हैं. उनके इस वाक्य में प्रयुक्त जाति और जाती जैसे श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्द मायने जरूर रखते हैं. जाति और जाती दोनों के मतलब अलग-अलग होते हैं. यह बात ध्यान में रखी जानी चाहिए. दोनों के बीच का मौलिक अंतर यह है कि जाति शब्द के अंतिम अक्षर त में ह्रस्व इकार की मात्रा लगी है, वहीं जाती शब्द के अंतिम अक्षर त में दीर्घ ई की मात्रा. अर्थ के दृष्टिकोण से जाति संस्कृत से हिंदी में आया तत्सम संज्ञा स्त्रीलिंग शब्द है. वर्धा हिंदी शब्दकोश के अनुसार इस शब्द का मतलब है जन्म, पैदाइश, जन्म के अनुसार अस्तित्व का रूप, समाज व्यवस्था वह श्रेणी जो जन्म के आधार पर निश्चित होती है, समुदाय, समूह, जन्म के आधार पर किया जानेवाला सामाजिक विभाग, अंग्रेजी भाषा में कास्ट, राष्ट्र, भौगोलिक परिस्थितियों, वंश-परंपरा आदि के विचार से किया गया मानव समाज का विभाग, स्वभाव, रंग-रूप, संस्कृति और आकृति आदि की समानता रखनेवाला मानव समूह, भाषा-संस्कृति और इतिहास आदि की समानता रखनेवाला मानव, समुदाय, देश, पदार्थों या जीवों की आकृति, गुणधर्म आदि की समानता के आधार पर किया हुआ विभाजन, वर्ग, कोटि, श्रेणी, क्लास, एक प्रकार की आजीविका से जुड़े लोग या समुदाय और काव्य शास्त्र के अनुसार एक प्रकार का मात्रिक छंद. दूसरा शब्द जाती संस्कृत का तत्सम संज्ञा स्त्रीलिंग भी है और अरबी भाषा मूल का विशेषण भी. तत्सम जाती शब्द का अर्थ है एक प्रकार का पुष्प, चमेली, मालती. देवी मानस पूजा स्त्रोत्र में कहा गया है- जातीसौरभनिर्भरं रुचिकरं शाल्योदनं निर्मलं. अर्थात चमेली की सुगंध से युक्त चावल से बना निर्मल भात अर्पित करता हूं. अरबी भाषा के जाती शब्द का अर्थ है निजी, अपना, व्यक्तिगत, प्राइवेट, वस्तुगत, वास्तविक. अगर कोई लड़की स्कूल जाती है तो यह जाना का सामान्य वर्तमान काल स्त्रीलिंग रूप है.

# आंदोलन के बिना विपक्ष बेमतलब

आंदोलन है, तो विपक्ष है. बिना आंदोलन के विपक्ष ऐसा ही है मानो रेगिस्तान में पैदल कोई मुसाफिर घूम रहा है. क्या इमेज रह जाती है ! आंदोलन एक प्रकार से रेगिस्तान में ऊँट की सवारी का काम करता है. इस पर चढ़कर विपक्षीगिरी करने में आनंद आता है. आंदोलन के लिए कोई विषय होना चाहिए. यह आंदोलन की पहली और सबसे जरूरी शर्त है. अतः जब विपक्ष के नेता बैठते हैं ,तब उनका पहला काम यही होता है कि भैया ! आंदोलन के लिए कोई विषय ढूंढो ! तुरत-फुरत कुछ लोग उठ कर ताजा अखबार ले आते हैं. सब उसके पन्ने पलटते हैं. कोई न कोई नवीनतम मुद्दा आंदोलन करने के लिए मिल जाता है. आंदोलन का मुद्दा मिलते ही विपक्षी नेताओं के चेहरे खुशी से भर उठते हैं. मानो किसी भूखे को भरपेट भोजन की थाली उपलब्ध हो गई हो. आठ -दस दिन के लिए इससे आंदोलन का काम चलता रहता है. एक दिन धरना ,तीन दिन प्रदर्शन ,उसके बाद अखबारों में चर्चा. लेकिन तदुपरांत फिर वही आंदोलन के विषय की खोज ! फिर से विपक्षी नेतागण बैठते हैं. आंदोलन का विषय ढूंढते हैं. कुछ विषय ऐसे हैं जो कई दशक के बाद भी हमेशा ताजे बने रहते हैं. आंदोलन के मामले में उन्हें केवल कॉपी-पेस्ट करना पड़ता है अर्थात पुराने अनुभवों का लाभ उठाते हुए जैसा पिछले दशकों में हुआ ,उसी को उसी अंदाज में दोहरा दिया जाता है. बैलगाड़ी अथवा ताँगे पर बैठकर शहर की व्यस्त सड़कों से गुजरना पेट्रोल-डीजल के महंगे भावों के खिलाफ आंदोलन का दशकों पुराना चित्र रहा है. बस फोटो में नेताओं के चेहरे बदल जाते हैं. प्याज का भाव देर-सवेर कभी तो बढ़ेगा ! इंतजार करो. जब भी बढ़े, आंदोलन का मुद्दा अपने आप मिल जाएगा. एक बार विपक्षी दलों की मीटिंग में किसी ने कहा कि पाँच साल में सोने के भाव डेढ़ गुना बढ़ गए हैं ,यह मुद्दा कैसा रहेगा ? सबने उसे डाँटा और कहा कि सोने चाँदी और हीरे जवाहरात के मूल्यों पर कभी आंदोलन होते हैं ,जो तुम इस विषय को लेकर बैठ गए? प्रश्न को उठाने वाला बेचारा समझ नहीं पा रहा था कि जब सारे विपक्षी नेताओं को सोने चाँदी और हीरे जवाहरात एकत्र करने का ही शौक बराबर बना रहता है तो इनके बढ़ते हुए भावों पर दुख प्रकट करना गलत कैसे कहा जा सकता है? लंबे आंदोलनों में आंदोलन-स्थल एक तरह का पिकनिक-स्पॉट बन जाता है. एक तरह की रौनक आंदोलन-स्थल पर चारों तरफ बिखर जाती है. विपक्ष का मजमा लगता है और विपक्ष इस तरह एक लंबे आंदोलन के द्वारा लंबे समय तक अपने विपक्ष होने की छाप राजनीति पर छोड़ देता है. लंबे आंदोलनों से कई बार लंबे कद के नेता पैदा होते हैं. कई बार कुछ नेता आंदोलनों की उपज होते हैं लेकिन वह सौभाग्य से चुनाव जीतकर सत्ता पक्ष में आ जाते हैं. अब उनको आंदोलन की आवश्यकता नहीं रहती. जो लोग अभी मंत्री नहीं बने हैं , वह आंदोलन करते रहते हैं.

• तीर-तुक्का


रवि प्रकाश



# हमारे नौनिहाल

# हमारा आईना





**मनवीर कौर आनंद**
चाइल्ड काउंसलर, टिवेशनल स्पीकर, सक्सेस कोच

**क्या बच्चों के रिजल्ट, स्कूल में उनकी गतिविधि, उनकी अनुशासनहीनता, उनका कम सोशल होना आपको चिंतित करता है? क्या आप इन सबके लिए कई बार खुद को दोषी महसूस करते हैं? यदि हां, तो रुकें और खुद पर विचार करें. बच्चे तो गीली सीमेंट की तरह होते हैं, माता-पिता द्वारा उन पर बनाई गई छाप हमेशा बनी रहती है. हमारे बच्चे दरअसल हमारा आइना होते हैं, हमें ही अपना रोल मॉडल मानते-बनाते हैं और जैसी हमारी आदते हैं, कमोबेश उसे ही आत्मसात करते जाते हैं. अगली बार जब आप अपने बच्चे को झगड़ते, बहस करते, चिल्लाते या आपसे ना कहते हुए देखें, तो उसका विश्लेषण करें. खुद में झांके. यकीन मानिए आपको अपने सभी उत्तर मिल जाएंगे.**

## आप पर रखते लगातार नजर

बच्चे बहुत जिज्ञासु, चौकस होते हैं और हर बात कान से सुनते हैं. वे व्यावहारिक रूप से अपने माता-पिता की नकल करते हैं. इसलिए, अगली बार अगर गुस्से में उसे नालायक, आलसी या कोई और अपशब्द बोल रही हैं तो जरा थम कर अपने शब्दों का प्रयोग पर ध्यान दें. सावधानी के साथ अपनी नाराजगी जाहिर करें और विवेकपूर्ण ढंग से समस्या का समाधान करें. किसी मनोवैज्ञानिक ने सही कहा है कि माता-पिता को इस बात की चिंता नहीं करनी चाहिए कि बच्चे आपकी बात कभी नहीं सुनते, बल्कि इस बात की चिंता करें कि वे हमेशा आप पर नज़र रखते हैं.

## जब हमें झूठ बोलते देखते

हम हमेशा अपने बच्चों से कहते हैं कि चाहे कितनी भी मजबूरी हो झूठ मत बोलोण् लेकिन हम अपनी सुविधा के लिए उन्हें झूठ बोलने से भी नहीं हिचकिचाते. किसी अवांछित का फोन आने पर कह देते हैं, बोल दो मम्मी घर पर नहीं हैं या बीमार हैं. उससे कोई वादा कर पूरा नहीं करते या अपने रिश्तेदारों-परिचितों के सामने साफ झूठ बोलते हैं तो बच्चों को एहसास होता है कि उनसे झूठ बोला गया है या माता-पिता भी झूठ बोलते हैं. व्यवहार की नकल करने के अलावा, बच्चे जानबूझकर और अनजाने में हम माता-पिता से दृष्टिकोण, सोच और मानसिकता भी अपनाते हैं. माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने एक इंटरव्यू में अपने ऊपर अपने पिता के प्रभाव और जिस तरह से उन्होंने बिल गेट्स के लिए एक रोल मॉडल की भूमिका निभाई थी, उसके बारे में खूबसूरती से कहा था. बकौल बिल गेट्स उनकी न्याय की भावना, निष्पक्षता, विवेक और व्यावसायिक समझ सभी उनके पिता के कारण विकसित हुई थी.

## बच्चों के लिए ऐसे बनें आदर्श रोल मॉडल-

1. **सच्चे रहें** – कभी भी सिर्फ अपनी सुविधा के लिए उनके सामने झूठ न बोलें. डोरबेल बजने पर घर में रहने पर कह देना कि जाओ बोल दो घर में नहीं हूं जैसी बातें उसे झूठ को सहजता से अपनाना सिखाएगा.

2. **विनम्र रहें** – बच्चा आपसे बात करना सीखता है. अगर आप चिल्लाती हैं, झल्लाती हैं तो वह भी वही दोहराएगा. यदि आप हर समय ऊँची आवाज़ में बात करती हैं, तो आपका बच्चा सोच सकता है कि यह सामान्य बात है. अपने बच्चों या आसपास के अन्य लोगों के साथ उनकी उपस्थिति में बातचीत करते समय अपनी आवाज़ के प्रति सचेत रहें.

3. **माफी मांगें**– अगर आप गलत हैं और बच्चा सही है तो माफी मांगें. माफ़ी मांगने से न डरें. ऐसा करके हम एक बच्चे को अपनी गलती स्वीकार करने का जीवन सबक सिखा रहे हैं.

4. **सकारात्मक व्यवहार को प्रोत्साहित करें** : बच्चे के सकारात्मक व्यवहार को पुरस्कार से जोड़ें. लाभ की आशा बच्चे को हमेशा सकारात्मक व्यवहार प्रदर्शित करने के लिए प्रोत्साहित करेगी. अच्छे काम बार-बार करने से एक अच्छी आदत बन जाएगी.

5. **नियमों का पालन** : नागरिक नियमों का पालन करें और बच्चा आपका अनुसरण करेगा.

6. **माहौल दें** : अपने बच्चे को ऐसा वातावरण दें जो सीखने के लिए आवश्यक जिज्ञासा और रचनात्मकता को बढ़ावा दे. बचपन में वह आपको मेहनत करते, बारिश या धूप या तबीयत खराब के बावजूद कार्यस्थल पर समय पर पहुंचते देखेगा तो खुद भी मेहनती और समय का पाबंद बनेगा. बिना आपके बताए सहजता से इन गुणों को आत्मसात करेगा. इंप्रेशन बनाएं और सकारात्मक प्रभाव डालें.



## नियम तोड़ते समय जरा संभलिए

बच्चे न केवल आप जो कहते हैं उसे सुनते हैं, बल्कि वे यह भी देखते हैं कि आप क्या करते हैं. यदि आप सड़क पर कूड़ा फैलाते हैं, नो पार्किंग जोन में गाड़ी पार्क करते हैं, लाल बत्ती तोड़ते हैं, गाड़ी चलाते समय फोन पर बात करते हैं, बाइक चलाते समय हेलमेट नहीं पहनते हैं, सफेद झूठ बोलते हैं, काम करवाने के लिए रिश्वत देते हैं, आदि तो तैयार रहें, आपका बच्चा बड़ा होगा यह सोचकर कि इन नागरिक नियमों को गंभीरता से नहीं लिया जाना चाहिए. ऐसे छोटे-छोटे नियम हैं जिन्हें हम सब हर दिन तोड़ते हैं, हमें इसका एहसास भी नहीं होता लेकिन हमारे बच्चे उन्हें सीख लेते हैं. अभी भी देर नहीं हुई है, आप अपने बच्चे के लिए एक आदर्श रोल मॉडल बन सकते हैं.

चटखारा



**रानी प्रसाद**
पाक कला विशेषज्ञ

**आज मैं एक कप सूजी से दो प्रकार के नाश्ते बनाऊंगी. दोनों सूजी का डो एक ही प्रकार से तैयार होगा. तो चलिए पहले हम डो तैयार करते हैं.**

# सूजी के चटपटे नाश्ते

**बेस डो के लिए ये चाहिए :** एक कप सूजी, ढाई कप पानी, एक गाजर घिसा हुआ, एक प्याज चाप किया हुआ, बारीक कटा हुआ धनिया पत्ती, और रिफाइंड एवं नमक स्वाद अनुसार.

**दोनों डिश के लिए बेश डो ऐसे बनाएं :** सर्वप्रथम डो तैयार करने के लिए हमें एक पैन में दो चम्मच रिफाइंड डालना है. रिफाइंड गर्म होने पर उसमें थोड़ा सा जीरा डालें. जीरा चटकने पर इसमें प्याज और गाजर डालें और थोड़ी देर चलाएं ताकि उसका कच्चापन निकल जाए. उसके बाद इसमें ढाई कप पानी डाल दें. स्वादानुसार नमक और धनिया पत्ती डालें. अगर चाहें तो मिर्च या चिल्ली फ्लेक्स भी डालें. जब पानी अच्छी तरह उबल जाए तब उसमें सूजी को एक हाथ से धीरे-धीरे डालना है और दूसरे हाथ से उसे लगातार चलना है ताकि उसमें किसी भी प्रकार का लम्प्स ना पड़े. 2 से 3 मिनट में यह पूरा पानी सूख जाएगा और सूजी बिल्कुल डो के फॉर्म में आ जाएगा तब हमें छोड़ देना है. इस मिश्रण को ठंडा कर लें. जब यह मिश्रण ठंडा हो जाए तब हाथों में थोड़ा सा तेल लगाकर इसे अच्छी तरीके से गूथ लेना है ताकि एक चिकना डो हमें मिल सके. अब इस पूरे मिश्रण को दो भाग में हम बांट देंगे और दो प्रकार के नाश्ते तैयार करेंगे.

## क्रिस्पी चीज़ी सूजी बाइट



सबसे पहले हम क्रिस्पी चीज़ी सूजी बाइट तैयार करेंगे. चीज़ी बाइट के लिए हमें चाहिए प्रोसेस्ड चीज के दो या तीन क्यूब्स (छोटे टुकड़ों में कटा हुआ).

इसे बनाना बहुत ही आसान है. सर्वप्रथम हम छोटे-छोटे टुकड़ों में सूजी के तैयार मिश्रण से लोई बनाएंगे और उसे एक गोले का आकार देते हुए गड्ढा बनाएंगे और उसमें इन चीज के छोटे-छोटे टुकड़ों को सब में भर देंगे. अच्छी तरीके से चारों ओर से सील कर देंगे ताकि पकाने के दौरान चीज फट के उसमें से ना निकले. अब इस पर ब्रश के माध्यम से हल्का-हल्का तेल लगा देंगे. एयर फ्रायर में 20 से 25 मिनट तक 200 डिग्री पर उलट पलट कर क्रिस्पी सेक लेंगे. बस यह चीज़ी बाइट तैयार है.

## चाइनीज सूजी बाइट



**ये चाहिए :** एक प्याज बारीक कटा हुआ, एक शिमला मिर्च बारीक कटी हुई, दो चम्मच बारीक कटा हुआ लहसुन, एक चम्मच बारीक कटा हुआ अदरक, थोड़ा सा नमक, टोमेटो सॉस 2 टेबल स्पून, चिली सॉस 1 टीस्पून, सोया सॉस वन टीस्पून, सिज़वान सॉस वन टेबलस्पून, रिफाइंड ऑयल दो टेबलस्पून.

**ऐसे बनाएं :** सबसे पहले सूजी के तैयार मिश्रण से लंबा-लंबा रोल तैयार करें. उसके बाद इसे स्टीमर में 10 से 15 मिनट के लिए स्टीम कर लेंगे. अच्छी तरीके से स्टीम हो जाए तब इसे स्टीमर में से निकाल कर ठंडा होने दें. ठंडा होने के बाद इस छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें. सर्वप्रथम एक पैन में रिफाइंड डालें. जब तेल गर्म हो जाए तब इसमें लहसुन और अदरक डालें. 30 सेकंड के बाद इसमें प्याज और शिमला मिर्च डालकर चलाएं. अब इसमें सभी प्रकार के सॉस मिला दें. सूजी के रोल को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर इसमें उलट पलट कर स्वाद अनुसार नमक डालकर तैयार कर लें. तैयार है चाइनीज सूजी बाइट.

# तेल की इस छोटी सी बोतल में छिपेगा आपकी उम्र का राज



**कमलजीत कौर**
ब्यूटी एक्सपर्ट

**सदियों से अपने यहां बड़े-बुजुर्ग बादाम के सेवन को शारीरिक स्वास्थ्य और दिमाग की दुरुस्तगी के लिए फायदेमंद बताते आ रहे हैं. आज हम बात करेंगे बादाम रोगन यानि बादाम के तेल की. यह त्वचा और बालों के लिए भी बहुत गुणकारी है. इसमें विटामिन-ए, विटामिन-डी, विटामिन-ई, ओमेगा-3 फैटी एसिड, जिंक, पोटैशियम और एंटीऑक्सीडेंट्स जैसे कई पोषक तत्व मौजूद होते हैं, जो त्वचा के लिए बहुत लाभकारी होते हैं. बादाम का तेल त्वचा को पोषण देता है. उसे मुलायम और चमकदार बनाता है. रात में सोने से पहले चेहरा साफ कर बादाम का तेल लगाने की आदत कमाल के फर्क ला सकती है.**



- **त्वचा को हाइड्रेट रखे**
बादाम का तेल एक प्राकृतिक मॉइस्चराइजर है. यह त्वचा में नमी को लॉक करता है और त्वचा को हाइड्रेटेड रखता है. इसमें मौजूद ओमेगा-3 फैटी एसिड त्वचा का रूखापन कम करने में मदद करते हैं.
- **उम्र का असर कम करे**
बादाम के तेल में एंटीऑक्सीडेंट और एंटी-एजिंग गुण पाए जाते हैं. इसका रात में नियमित इस्तेमाल त्वचा को जवां बनाए रखने में मदद करता है. त्वचा में कसाव आती है. झुर्रियों और फाइन लाइन्स हल्की होती हैं.
- **त्वचा की रंगत निखारे**
बादाम के तेल में मौजूद विटामिन ई दाग-धब्बों और पिगमेंटेशन को कम करता है. त्वचा की रंगत में सुधार होता है और वह पहले से अधिक चमकदार-साफ नजर आती है.
- **क्लिंजर का काम करे**
रात में सोने से पहले चेहरे पर बादाम का तेल लगाने से स्किन के पोर्स खुल जाते हैं और त्वचा में जमा गंदगी को साफ करने में मदद मिलती है. इसका नियमित मसाज त्वचा पर मौजूद डेड स्किन को हटाता है. अतिरिक्त तेल साफ होता है जिससे कील-मुंहासे होने की आशंका कम होती है.
- **डार्क सर्कल को कम करे**
इसमें मौजूद विटामिन ए आंखों के नीचे के घेरे को कम करता है. एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण भी मौजूद होते हैं, जो त्वचा की सूजन और पफी आई की समस्या को दूर कर सकते हैं.

विमर्श

# आखिर कब सुरक्षित होंगी हम?

**8 अगस्त 2024 को कोलकाता के आर जी कार मेडिकल कॉलेज में 31 वर्षीय डॉक्टर मौमिता देवनाथ की नृशंस हत्या और बलात्कार की घटना ने एक बार फिर स्त्री सुरक्षा पर गंभीर प्रश्न खड़ा किया है. इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर सूबे की महिलाओं ने आक्रोश व्यक्ति किया है.**

## जरूरी हैं विरोध के स्वर



**डॉ. कल्याणी कबीर**

एक ओर तो पूरे देश भर में रायकर अस्पताल , कोलकाता में हुई बलात्कार के घटना की निंदा की जा रही है तो दूसरी ओर कुछ लोग यह भी कह रहे हैं कि इस विषय पर लिखने से,बोलने से होगा क्या! पर एक सवाल यह भी है कि इस तरह की घटनाओं के बाद चुप रहना भी तो हमें अमानवीय ठहराएगा. कुमार कौशल का यह शेर है :-

"इक लाश बोलती है ज़मीं पर पड़े-पड़े,
ख़ामोश जो खड़े हैं वो क़ातिल के साथ हैं."

जरूरी है बोलना क्योंकि इस तरह की सामाजिक बुराई वैचारिक धरातल पर ही लड़कर खत्म की जा सकती है. लाठी/ डंडे के जोर से अगर कुछ होना होता तो निर्भया कांड के बाद इस तरह की अप्रिय घटनाएं कानों तक आती ही नहीं. मूल बात यह है कि भारतीय समाज के हर दूसरे / तीसरे परिवार में बालकों की परवरिश ही इस तरह से की जाती है कि वह यही देखते -सुनते बड़ा होता है कि घर की महिलाएं दोयम दर्जे की नागरिक हैं. उनकी बात अहम नहीं, विचार महत्वपूर्ण नहीं. उनकी खुशी, सम्मान या स्वाभिमान परिवार में किसी के लिए विचारणीय विषय नहीं होता.

ऐसे में बालक के मन में यह बात बैठ जाती है कि महिलाएं एक वस्तु से अधिक कुछ नहीं. वह रसोई घर चलाने और बच्चों के जन्म - परवरिश से ज्यादा कुछ नहीं कर सकती. वह बालक जब पुरुष बनता है तो घर के बाहर की महिलाओं को भी उसी नजर से देखता है. महिला या लड़की उसके किसी लालच, भूख और लालसा को पूरा करने का माध्यम भर होती है इससे अधिक कुछ नहीं. इसलिए सबसे पहले जो लड़ाई लड़नी है वह परिवार से ही शुरू करनी होगी.

हर वह स्त्री जो अपनी बात को रखती है या बुरी बात का विरोध करती है उसे बदचलन कहा जाता है या ओवर कॉन्फिडेंट. पर यही संघर्ष है कि अपनी निंदा होने के बाद भी महिलाएं अपनी बात रखें. दरअसल महिलाओं के लिए एक सोची-समझी परिपाटी बना दी गई है कि उन्हें कम बोलना है, धीमे बोलना है और घर के भीतर ही बोलना है और वह भी तब बोलना है जब सामने सुनने वाला सुनने के लिए तैयार है.

ऐसे में आज जब महिलाएं अपनी बात रखती हैं और आक्रोश रैली निकालती है तो बहुत सारे लोगों की दृष्टि में यह भी सभ्य आचरण नहीं. सड़क पर जाकर रैली करना, भाषण देना कई सारे लोगों को नागवार गुजर सकता है. पर तय हम महिलाओं को करना है कि आप सभ्य होने का लबादा ओढ़कर जीना चाहती हैं या आत्मसम्मान के साथ जीना चाहती हैं.

अगर आप सम्मान और स्वाभिमान के साथ जीना चाहती है तो बोलना सीखना ही होगा. भले इसके लिए लोग कितनी भी आपकी निंदा करें, इस कुरूक्षेत्र में उतरना होगा.




## एक चिकित्सक तभी तो दे पाएंगी सेवा




**डॉ श्रीमाली सुमि**

निःशब्द हूं. तब बारहवीं में थी जब निर्भया कांड हुआ था. तब शायद पहली बार समाज में महिलाओं की स्थिति ने शॉक्ड किया था. कोलकाता की यह घटना अधिक रिलेट कर रही, एक डॉक्टर के तौर पर, एक लड़की के तौर पर. दिन भर में जाने कितने लोगों, कितने मरीजों से हमारा वास्ता होता है. स्पर्श होता है. चिकित्सक के लिए तो स्पर्श की भाषा ही अलग होती है, पर यहां चिकित्सक के साथ ही यह कांड! उफ!

यही मांग है कि सरकार हॉस्पिटल में सुरक्षा बढाएं महिला और पुरुष चिकित्सक के लिए अलग-अलग कॉल रूम बनाएं, उनके खाने-पीने के लिए सही व्यवस्था हो ताकि ड्यूटी ऑवर्स के बीच रिलेक्श होने के कुछ सुरक्षित और आरामदेह व्यवस्था हो, हॉस्पिटल कैंपस में निर्भय हो कर अपनी सेवा दे पाएं.

## महिलाओं के लिए नहीं हो नाइट ड्यूटी



**डॉ सुनीता यादव**

मन बहुत आक्रोशित है. बेटियां हवश की शिकार होती ही रहती हैं और साल में ऐसी दो-तीन घटनाएं सुर्खियां भी बनती हैं. कुछ दिन विरोध, आक्रोश और दुख जोर-शोर से जाहिर होते हैं और फिर हम जिंदगी के पुराने ढर्रे पर लौट आते हैं. लोग कहते हैं कि बेटों को संस्कार दें. मुझे तो आज तक ऐसी कोई मां नहीं मिली जो अपने बेटे को ऐसी हैवानियत के लिए माहौल दे. ऐसे कांड करने वाले सिर्फ लड़के ही नहीं होते, ऐसे पुरुष भी होते हैं जिनके घर में पत्नी या उस उम्र की बेटी भी हो.

बहरहाल, जो माहौल है, उसमें यही सही होगा कि महिलाओं की अपने देश में नाइट ड्यूटी नहीं लगाई जाए, चाहे किसी भी पेशे में हों, उनके ड्यूटी आवर सुनिश्चित हों. वक्त-बेवक्त उनकी सेवाएं नहीं ली जाएं. वर्क प्लेस पर उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो.

## कानूनी दंड ही नहीं, सामाजिक बहिष्कार भी हो



**पूजा शकुंतला शुक्ला**

यह घटना भारत में आजादी के 78 वर्षों बाद भी महिलाओं के प्रति हिंसा की अनगिनत घटनाओं का एक दुखद उदाहरण है. बलात्कार एक अमानवीय अपराध है जो न केवल महिलाओं की शारीरिक और मानसिक स्थिति को प्रभावित करता है, बल्कि समाज की नैतिकता को भी ध्वस्त करता है. हमारे समाज में महिलाओं को अभी भी अपने अधिकारों और सुरक्षा के लिए संघर्ष करना पड़ता है. बलात्कारी मानसिकता को समाप्त करने के लिए हमें कठोर दंड और सख्त कानून की आवश्यकता है. बलात्कार को केवल कानूनी दंड के आधार पर नहीं, बल्कि नैतिक और सामाजिक दृष्टिकोण से भी दण्डनीय किया जाना चाहिए. हमारे समाज में एक ऐसा वातावरण होना चाहिए जहां महिलाओं को सम्मान और सुरक्षा मिले, और बलात्कार जैसे जघन्य अपराध पूरी तरह समाप्त हो जाएं.

## काफी नहीं कैंडल मार्च बने अति कठोर कानून



**रूणा रश्मि 'दीप्त'**

इंसानियत को शर्मसार करने और दिल दहला देने वाली ऐसी दर्दनाक और शर्मनाक घटना, जिसके बारे में सुनकर ही रूह कांप उठती है, उस संबंध में क्या विचार व्यक्त कर सकते हैं! इस पाशविक कुकृत्य की विस्तृत जानकारी वाली खबरें टीवी पर देखने के लिए भी हिम्मत जुटानी पड़ रही है. अभी तो मणिपुर की अति दुखदाई यादें ताजा ही थीं कि अब कोलकाता की उस डॉक्टर के साथ ऐसी दुश्कृति!! कैंडिल मार्च और वक्तव्यों से आगे अब हमें मंथन करना होगा कि आखिर क्यों कुछ पुरुषों की मानसिकता ऐसी विकृत हो जाती है? अपने परिवार, समाज या कानून का कोई भय उनके मन में क्यों नहीं रह जाता है? कोई ऐसा अति कठोर कानून तो अब बनाना ही पड़ेगा जिससे कि इनसानियत अगर ₹वेर भूल भी जाएँ तब कानून का भय उनके कुकर्मों पर लगाम लगा सके.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी



भूषण कुमार की निर्माण कंपनी 'टी-सीरीज पूर्व क्रिकेटर के जीवन पर बनाएगी फिल्म

## सचिन-माही के बाद अब युवराज पर बनेगी बॉयोपिक, मेकर्स ने की अनाउंसमेंट

लगातार डेस्क

सचिन तेंदुलकर और महेंद्र सिंह धोनी के बाद एक और क्रिकेटर की जीवनी पर फिल्म बनेगी. भूषण कुमार की निर्माण कंपनी 'टी-सीरीज' पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह पर बॉयोपिक बनाने की मंगलवार को घोषणा की. इस फिल्म में युवराज सिंह के क्रिकेट करियर और पर्सनल लाइफ के खास पलों को दिखाया जायेगा. इसकी कहानी 2007 के टी20 विश्वकप में छह गेंद पर छक्के लगाने, उनकी कैंसर से लड़ाई और फिर 2012 में दोबारा क्रिकेट की दुनिया में लौटने के इर्द-गिर्द होगी. फिल्म क्रिटिक तरन आदर्श ने भी इस बात की पुष्टि की है. बता दें कि युवराज सिंह ने 13 साल की उम्र में अपने करियर की शुरुआत की थी.



### यह फिल्म लोगों को जुनून के साथ सपनों को पूरा करने के लिए करेगी प्रेरित

युवराज सिंह ने खुद पर पर बन रही फिल्म पर प्रतिक्रिया दी है. क्रिकेटर ने कहा कि भूषण और रवि दुनिया भर में मेरे लाखों प्रशंसकों को मेरी कहानी दिखायेंगे. मैं बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं. क्रिकेट से मुझे सबसे अधिक प्यार है और सभी उतार-चढ़ावों के दौरान यह ताकत का स्रोत रहा है. मुझे उम्मीद है कि यह फिल्म लोगों को अपनी चुनौतियों से उबरने और जुनून के साथ अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित करेगी.

### रणवीर कपूर निभा सकते हैं युवराज का किरदार

युवराज सिंह की बॉयोपिक भूषण कुमार की 'टी-सीरीज' के बैनर तले बनेगी. जबकि रवि भागचंदका इसके को-प्रोड्यूसर होंगे. हालांकि फिल्म निर्माताओं ने फिल्म के निर्देशक और कलाकारों से जुड़ी जानकारी साझा नहीं की है. युवी का किरदार कौन निभायेगा और इस फिल्म का नाम क्या होगा, अभी यह तय नहीं किया है. लेकिन रिपोर्ट्स की मानें तो बॉलीवुड के उभरते कलाकार सिद्धांत चतुर्वेदी ने युवराज सिंह की बायोपिक में मुख्य भूमिका निभा सकते हैं. हालांकि यह भी कहा जा रहा है कि युवराज सिंह के किरदार को पर्दे पर जिंदा करने के लिए रणवीर कपूर भी एक अच्छा विकल्प हो सकते हैं.

### उनका जीवन दृढ़ता, जीत व जुनून की एक बेमिसाल कहानी : भूषण

वहीं फिल्म प्रोड्यूसर भूषण कुमार ने कहा कि वह सिंह के प्रेरणादायक सफर को बड़े पर्दे पर लाने को लेकर उत्साहित हैं. कहा कि युवराज सिंह का जीवन दृढ़ता, जीत और जुनून की एक बेमिसाल कहानी है. क्रिकेट की पिच से असल जिंदगी का 'हीरो' बनने तक का उनका सफर वाकई प्रेरणादायक है.

## ब्रीफ खबरें

### स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी हुए चोटिल

**ब्यूनस आयर्स।** स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी चोटिल होने के कारण अर्जेंटीना की तरफ से विश्व कप क्वालीफायर के अगले दो मैच में नहीं खेल पाएंगे. अर्जेंटीना के कोच लियोनेल स्कालोनी ने पांच सितंबर को चिली और उसके पांच दिन बाद कोलंबिया के खिलाफ होने वाले मैचों के लिए सोमवार को अपनी 28 सदस्यीय टीम की घोषणा की. मेस्सी अभी दाहिने टखने की चोट से उबर रहे हैं. अर्जेंटीना के कोपा अमेरिका चैंपियन बनने के बाद राष्ट्रीय टीम से संन्यास लेने वाले 36 वर्षीय एंजेल डि मारिया भी टीम में नहीं हैं. विश्व कप चैंपियन अर्जेंटीना छह मैचों के बाद 15 अंकों के साथ दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग में शीर्ष पर है.

### अश्मिता और मालविका पहले दौर में बाहर

**योकोहामा (जापान)।** भारत की अश्मिता चालिहा और मालविका बंसोड़ मंगलवार को यहां जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के शुरुआती दौर में हारकर बाहर हो गईं.अश्मिता जहां चीनी ताइपे की शीर्ष वरीयता प्राप्त ताई त्जु यिंग से 16-21, 12-21 से हार गईं, वहीं मालविका को यूक्रेन की पोलिना बुहरोवा ने 23-21, 21-19 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया.भारत की तरफ से महिला एकल में आकर्षी कश्यप भी अपनी चुनौती पेश कर रही है. वह पहले दौर में दक्षिण कोरिया की किम गा यून का सामना करेगी.पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाले भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों में से कोई भी इस प्रतियोगिता में नहीं खेल रहा है.

### पंजाब एफसी ने विडाल के साथ किया अनुबंध

**मोहाली।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के क्लब पंजाब एफसी ने मंगलवार को 2024-25 सत्र के लिए पांचवें विदेशी खिलाड़ी के रूप में अर्जेंटीना के मिडफील्डर नॉर्बर्टो एज़ेक्विल विडाल के साथ अनुबंध की घोषणा की. अर्जेंटीना का यह फुटबॉलर इससे पहले इंडोनेशिया की शीर्ष टीम पर्सिटा टैंगेरंग के लिए खेल रहा था.अर्जेंटीना के बाहिया ब्लैंका में जन्मा यह 29 वर्षीय खिलाड़ी मुख्य रूप से मिडफील्डर या विंगर के रूप में खेलता है. उन्होंने अपने पेशेवर करियर की शुरुआत 2011 में अपने गृहनगर के क्लब ओलिम्पो से की.

टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बना नया रिकॉर्ड

## टूट गया युवराज सिंह का 18 साल पहले बना रिकॉर्ड

एजेंसी। नई दिल्ली

समोआ के मध्यक्रम के बल्लेबाज डेरियस विसेर ने मंगलवार को राजधानी शहर एपिया में टी20 विश्व कप पूर्वी एशिया प्रशांत क्षेत्र क्वालीफायर में वनातु के खिलाफ एक ओवर में 39 रन बनाकर टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में नया रिकॉर्ड बनाया.विसेर ने तेज गेंदबाज नलिन निपिको के एक ओवर में छह छक्के मारे. इस ओवर में तीन नोबॉल भी शामिल थीं जिससे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक ओवर में सर्वाधिक रन का नया रिकॉर्ड बन गया.

सिडनी में ग्रेड क्रिकेट खेलकर अपने खेल को निखारने वाले इस 28 वर्षीय बल्लेबाज का यह केवल तीसरा टी20 मैच था. उन्होंने 62 गेंदों में पांच चौकों और 14 छक्कों की मदद से 132 रन बनाए. विसेर को वास्तविक पावर हिटर माना जाता है. एक बार न्यू साउथ वेल्स में हाइप क्रिकेट अकादमी में शॉट स्पीड सत्र का आयोजन किया गया था जिसमें विसेर पहले स्थान पर रहे थे. उनके शॉट की गति 160 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक आंकी गई थी. समोआ के कप्तान जसमत कालेब ने पीटीआई से कहा, ''उन्होंने क्लीन हिटिंग की. हमें नहीं पता था कि यह विश्व रिकॉर्ड है. पारी समाप्त होने के बाद हमें इसका पता चला. लेकिन मैं उसके लिए खुश हूं. मुझे खुशी है कि हमारी टीम जीत हासिल करने में सफल रही. अब हमारा ध्यान अगले मैच पर है.'



डेरियस विसर ने एक ओवर में 39 रन ठोके

### समोआ अपना अगला मैच आज खेलेगा

इससे पहले पांच अवसरों पर किसी गेंदबाज ने एक ओवर में 36 रन दिए. इन गेंदबाजों में स्टुअर्ट ब्रॉड (2007), अकिला धनंजय (2021), करीम जन्नत (2024), कामरान खान (2024) और अजमतुल्लाह उमरजई (2024) शामिल हैं.

### युवराज सिंह ने 2007 में बनाया था रिकार्ड

भारत के युवराज सिंह ने 2007 में खेले गए पहले टी20 विश्व कप में इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ब्रॉड के एक ओवर में छह छक्के लगाए थे, जबकि वेस्टइंडीज के बल्लेबाज कीरोन पोलार्ड ने कूलिज, एंटीगा में द्विपक्षीय श्रृंखला के मैच में धनंजय के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की थी. नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी ने एसीसी प्रीमियर कप में कतर के कामरान खान पर छह छक्के लगाए, जबकि वेस्टइंडीज के निकोलस पूरन ने इस साल जून में ग्रोस आइलेट में टी20 विश्व कप के दौरान अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज अजमतुल्लाह उमरजई पर छह छक्के लगाए. रोहित शर्मा और रिंकू सिंह ने मिलकर बेंगलुरु में द्विपक्षीय मैच के दौरान अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज करीम जनत के एक ओवर में 36 रन बनाए. भारत ने यह मैच दूसरे सुपर ओवर में जीता था. विसेर इस प्रारूप में शतक बनाने वाले समोआ के पहले बल्लेबाज हैं. उनकी इस पारी के बावजूद समोआ की टीम 174 रन पर आउट हो गई. विसेर के बाद उनकी टीम की तरफ से दूसरा सर्वोच्च स्कोर कप्तान जसमत का 16 रन था. वनातु की टीम ने इसके जवाब में अच्छी चुनौती पेश की लेकिन आखिर में वह नौ विकेट पर 164 रन ही बना पाई और 10 रन से मैच हार गई.

## पहले ईस्पोर्ट्स ओलंपिक खेलों की मेजबानी करेगा सऊदी अरब

एजेंसी। नयी दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) ने ईस्पोर्ट्स को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने के उद्देश्य से पहले ईस्पोर्ट्स ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए सऊदी अरब की राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के साथ साझेदारी की है. इससे पहले ओलंपिक कार्यकारी बोर्ड ने ईस्पोर्ट्स ओलंपिक खेलों की शुरुआत करने का प्रस्ताव रखा था, जिसके बाद आईओसी ने यह कदम उठाया. यूएनआईवी स्पोर्टटेक के संस्थापक और एफईएआई (फेडरेशन ऑफ ईस्पोर्ट्स एसोसिएशन इंडिया) के संस्थापक सदस्य अभिषेक इस्सर ने कहा,'अब प्रत्येक देश ईस्पोर्ट्स को ओलंपिक पदक जीतने के अवसर के रूप में देखेगा. यह इस उद्योग के लिए बेहद महत्वपूर्ण कदम है. भारत इस क्षेत्र में तेजी से विकास करने में सक्षम है.' ईस्पोर्ट्स श्रेणी में खिलाड़ी 2021 और 2022 के बीच चार गुना बढ़ गए (150,000 से 600,000 तक) और भविष्य के अनुमानों के अनुसार 2027 के अंत तक यह संख्या 15,00,000 तक पहुंच जाएगी.




### पेरिस पैरालंपिक के लिए भारतीय दल के प्रमुख बने सांगवान

**नयी दिल्ली।** भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश सांगवान को आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए मंगलवार को भारतीय दल का मिशन प्रमुख नियुक्त किया गया.सांगवान को पैरालंपिक अभियान के साथ जुड़े रहने का एक दशक से भी अधिक समय का अनुभव है.मिशन प्रमुख के रूप में वह 84 पैरा खिलाड़ियों के भारत के अब तक के सबसे बड़े दल की अगुआई करेंगे. भारतीय खिलाड़ी 12 खेलों में चुनौती पेश करेंगे. सांगवान ने कहा, यह जिम्मेदारी मिलना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है. मैं यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हूं कि हमारे खिलाड़ियों के पास पैरालंपिक में सफल होने और भारत को गौरवांवित करने के लिए आवश्यक सभी चीजें हों.

## भारत को अपने खेल कौशल को सुधारना होगा : रंजन चौधरी

- भारतीय टीम का अगला मैच 23 अगस्त को मालदीव के खिलाफ है

एजेंसी। काठमांडू

मुख्य कोच रंजन चौधरी ने मंगलवार को कहा कि भूटान पर 1-0 से संघर्षपूर्ण जीत के बाद भारतीय टीम को सैफ अंडर 20 चैंपियनशिप के आगामी मैचों में मौकों को गोल में बदलने के कौशल में सुधार करना होगा.अपने शुरुआती मैच में जीत के बाद भारत ग्रुप बी में तीन अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर है. चौधरी ने नौ खिलाड़ियों के साथ खेलने के बावजूद भूटान के खिलाफ गोल नहीं खाने पर टीम की सराहना की. उन्होंने हालांकि कहा कि खिलाड़ियों को आगामी मैचों में अपने खेल में सुधार करना होगा.चौधरी ने कहा, 'जिस तरह से हमारे खिलाड़ियों ने दो रेड कार्ड मिलने के बाद संघर्ष किया, वह वास्तव में सराहनीय है. नौ खिलाड़ियों के साथ किसी मैच में बने रहना आसान नहीं होता है लेकिन उन्होंने शानदार जज्बा दिखाया. यह उनकी मजबूत मानसिकता के बारे में बहुत कुछ बताता है.'भारतीय कोच ने कहा, 'हमारे खिलाड़ियों ने रक्षा पंक्ति में बेहतरीन बचाव किया और कई बार भूटान की रक्षापंक्ति को भेदने में सफल रहे. हमें जिस एक क्षेत्र में सुधार करना होगा वह है मौकों को गोल में बदलना.'भारतीय टीम का अगला मैच 23 अगस्त को मालदीव के खिलाफ है. चौधरी ने कहा कि टीम दोनों मैचों के बीच में तीन दिन के समय का इस्तेमाल तरोताजा होने और अभ्यास करने के लिए करेगी.

## सिनर व सबालेंका को मिला खिताब

एजेंसी। मेसन

विश्व के नंबर एक पुरुष खिलाड़ी यानिक सिनर और महिलाओं में नंबर दो आर्यना सबालेंका ने सिनसिनाटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में सीधे सेटों में जीत हासिल करके खिताब जीते.यह दोनों खिलाड़ी सिनसिनाटी ओपन में पहली बार चैंपियन बने. सबालेंका ने जेसिका पेगुला को 6-3, 7-5 से हराकर जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के बाद पहली बार कोई खिताब जीता. शुक्रवार को अपना 23वां जन्मदिन मनाने वाले सिनर ने अमेरिका के फ्रांसिस टियाफो को 7-6(4) 6-2 से हराया. वह 2008 में एंडी मरे के बाद सबसे कम उम्र में सिनसिनाटी ओपन का खिताब जीतने वाले खिलाड़ी बन गए हैं. मरे ने 21 वर्ष की उम्र में यहां खिताब जीता था. सिनर और टियाफो दोनों पहली बार सिनसिनाटी ओपन के फाइनल में पहुंचे थे. इससे पहले यहां उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन तीसरे दौर में पहुंचना था.यह टूर्नामेंट 26 अगस्त से न्यूयॉर्क में शुरू होने वाले अमेरिकी ओपन की तैयारी के सिलसिले में महत्वपूर्ण माना जाता है.



### ध्रुव चव्हाण ने पोलो कप का खिताब जीता

**चेन्नई।** मुंबई के ध्रुव चव्हाण ने मंगलवार को यहां पोलो कप इंडिया 2024 रेसिंग प्रतियोगिता में आदित्य पटनायक को पछाड़कर खिताब जीता. ओजस सुर्वे तीसरे स्थान पर रहे.मद्रास अंतरराष्ट्रीय सर्किट पर पहली रेस जीतकर आदित्य ने बढ़त बनाई लेकिन ध्रुव ने अगली रेस जीतकर उनकी बराबरी पर ली.आदित्य ने दूसरे दौर की भी पहली रेस जीती लेकिर ध्रुव ने अपने प्रदर्शन के अधिक निरंतरता दिखाते हुए बाकी रेस में महत्वपूर्ण अंक जुटाकर खिताब अपने नाम किया. रोमिर आर्या को 'बेस्ट रूकी ऑफ द सीजन' चुना गया जबकि मुंजाल सावला ने मास्टर चैंपियनशिप जीती.

## छठी टेनिस प्रीमियर लीग में हिस्सा लेंगे नागल, गेस्टन

एजेंसी। मुंबई

दिग्गज भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल और फ्रांस के ह्यूगो गेस्टन यहां तीन से आठ दिसंबर तक होने वाली छठी टेनिस प्रीमियर लीग के पुरुष वर्ग में मुख्य आकर्षण होंगे. क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया (सीसीआई) में होने वाले इस टूर्नामेंट के दुनिया की 41वें नंबर की खिलाड़ी पोलैंड की मेग्डा लिनेट और आर्मेनिया की दुनिया की 52वें नंबर की एलिना एवानेस्यान महिला वर्ग में शीर्ष खिलाड़ी होंगी.यह टूर्नामेंट 25 अंक प्रारूप में खेला जाएगा जिसमें प्रत्येक फ्रेंचाइजी को सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए पांच मुकाबले मिलेंगे. दो फ्रेंचाइजी के बीच होने वाले मुकाबले में पुरुष एकल, महिला एकल, मिश्रित युगल और पुरुष युगल मैच होंगे जिसमें कुल 100 अंक दांव पर लगे होंगे. प्रत्येक वर्ग का मैच 25 अंक का होगा.



### थिएरी हेनरी ने फ्रांस का कोच पद छोड़ा

**नई दिल्ली।** पेरिस खेलों में फ्रांस की ओलंपिक टीम को रजत पदक दिलाने के बाद महान फुटबॉलर थिएरी हेनरी ने सोमवार को कोच का पद छोड़ दिया. फ्रांसीसी फुटबॉल महासंघ ने उनके पद छोड़ने के लिए व्यक्तिगत कारणों का हवाला दिया है. हेनरी का अनुबंध अगले सत्र तक था और उन्हें अगले महीने 2025 यूरोपीय चैंपियनशिप के क्वालीफाइंग के लिए फ्रांस की अंडर-21 टीम की कोचिंग फिर से शुरू करनी थी. हेनरी को उनके काम के लिए धन्यवाद देते हुए महासंघ के अध्यक्ष फिलिप डायलो ने उनके 'पेशेवरपन, कड़ी मेहनत और राष्ट्रीय नीली जर्सी के प्रति प्रेम' की प्रशंसा की.

दावा | इकॉनॉमिक्स टाइम्स के रिपोर्ट के मुताबिक टूट गए अब तक के सारे रिकॉर्ड!

## आईपीएल 2023 से बीसीसीआई को हुई बंपर कमाई

एजेंसी। नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग 2023 से बीसीसीआई की बंपर कमाई हुई है. इकॉनॉमिक्स टाइम्स के रिपोर्ट के मुताबिक बीसीसीआई को आईपीएल से 5120 करोड़ रुपए का सरप्लस मिला है. रिपोर्ट में दावा किया गया है कि बीसीसीआई ने आईपीएल 2022 से अर्जित 2367 करोड़ रुपए के सरप्लस से 116 इस बीर प्रतिशत की ज्यादा कमाया है. माना जा रहा है कि बीसीसीआई की आईपीएल 2023 से कुल आय 11,769 करोड़ रुपए थी, जो साल दर साल 78 प्रतिशत तक बढ़ी है. हालांकि, इसके साथ ही बीसीसीआई के खर्चे भी काफी बढ़ गए हैं. आईपीएल 2022-23 के वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार 66 प्रतिशत बढ़ा है जिसमें 6648 करोड़ रुपए आयोजन में लगे हैं.



वहीं कमाई की बात करें तो बीसीसीआई ने आईपीएल के नए मीडिया राइट्स से सबसे ज्यादा पैसा हासिल किया है. इसके अलावा स्पॉन्सर से भी बोर्ड को बड़ी रकम मिलती है. बता दें कि नए मीडिया राइट्स 2023-27 के लिए 48,390 करोड़ रुपए का है. यह आईपीएल 2023 से शुरू हुआ है. आईपीएल टीवी अधिकार 2021 में डिज्नी स्टार ने 23,575 करोड़ रुपए में हासिल किया था. पहीं डिजिटल राइट्स जियो सिनेमा को 23,758 करोड़ रुपए में मिले हैं. आईपीएल टाइटल स्पॉन्सर राइट्स टाटा संस को 2500 करोड़ रुपए में बेचे गए हैं.

आईपीएल में हो रही कमाई के बीच आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में बोर्ड को नुकसान झेलना पड़ सकता है. आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आयोजन पाकिस्तान में किया जाएगा और भारतीय टीम वहां नहीं जाएगी. ऐले में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद से भारत श्रीलंका या दुबई में अपने मैच आयोजित करने के लिए कह सकती है. ऐसी स्थिति में बीसीसीआई को नुकसान झेलना पड़ सकता है.

बता दें कि 2008 के एशिया कप के बाद से, भारत दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण संबंधों के कारण पाकिस्तान में कोई क्रिकेट टूर्नामेंट नहीं खेला है. पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने भारत को अपने सभी मैच एक शहर में खेलने का प्रस्ताव दिया था. हालांकि, भारतीय बोर्ड पाकिस्तान की यात्रा के प्रस्ताव में दिलचस्पी नहीं दिखा रहा है.

दो मैचों की टेस्ट सीरीज आज से

## बांग्लादेश पर रफ्तार से वार करेगा पाकिस्तान

एजेंसी। कराची

बांग्लादेश के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले के लिए पाकिस्तान की प्लेइंग इलेवन का ऐलान कर दिया है. पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड यानी पीसीबी ने प्लेइंग इलेवन का चयन किया है. टीम में एक भी स्पेशलिस्ट स्पिनर नहीं है. टीम में कुल 4 तेज गेंदबाज हैं, जिनमें नसीम शाह, शाहीन शाह अफरीदी, मोहम्मद अली और खुर्रम शहजाद शामिल हैं. दो मैचों की टेस्ट सीरीज की शुरुआत 21 अगस्त से हो रही है. दोनों मैच रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाने हैं. बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज जेसन गिलेस्पी के लिए पाकिस्तान के टेस्ट कोच के तौर पर पहला असाइनमेंट है.



दो मैचों की सीरीज का दूसरा टेस्ट मैच 30 अगस्त से 3 सितंबर तक इसी मैदान पर खेला जाना है. सऊद शकील और सलमान अली आगा स्पिन गेंदबाजी की बागडोर संभालेंगे, क्योंकि टीम में कोई प्रमुख स्पिनर नहीं हैं. पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड नेइस बात का भी ऐलान कर दिया है कि अब्दुल्ला शफीक और सैम अयूब ओपनिंग करने वाले हैं, जबकि शान मसूद नंबर तीन पर खेलेंगे, जो कि टीम के कप्तान हैं. पूर्व कप्तान बाबर आजम नंबर चार पर खेलते हुए नजर आएंगे, जबकि उपकप्तान सऊद शकील पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे और नंबर 6 पर विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान खेलते हुए नजर आएंगे. सातवें पर सलमान अली आगा खेलेंगे.

### पाकिस्तान की प्लेइंग इलेवन

अब्दुल्ला शफीक, सैम अयूब, शान मसूद (कप्तान), बाबर आजम, सऊद शकील (वाइस कैप्टन), मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), सलमान अली अगा, शाहीन शाह अफरीदी, नसीम शाह, खुर्रम शहजाद और मोहम्मद अली.

▼ ब्रीफ खबरें

## दो ट्रकों में टक्कर, ड्राइवर की मौत

**किशनगंज ।** जिले के कोचाधामन थाना क्षेत्र के एनएच-327 पर भीषण सड़क हादसा हुआ. तेज रफ्तार दो ट्रैकों के आमने-सामने जबरदस्त टक्कर होने से एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई है. घटना कोचाधामन थाना क्षेत्र के महादेवदिघी के समीप मंगलवार को हुई है. जानकारी के अनुसार कोचाधामन थाना क्षेत्र के महादेवदिघी के समीप एनएच 327 पर तेज रफ्तार दो ट्रक के बीच जबरदस्त टक्कर हो गई है, जिसमें आमने सामने दो ट्रकों के भिड़त हो जाने से दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए हैं.

## सीढी के मलवे में दबने से महिला की मौत

**बिहारशरीफ ।** नालंदा जिले के दीपनगर थानाक्षेत्र के मेहनौर गांव में सीढी के मलवा में दबने से 50 वर्षीय बुजुर्ग महिला की मौत हो गयी. यह घटना मंगलवार की सुबह की है. मृतक महिला मेहनौर गांव निवासी स्व.राजो यादव की पत्नी नीरो देवी है. बताया जाता है कि नीरो देवी अपने घर में वर्षा से बचने के लिए घर में बनी कच्ची सीढ़ी के पास छुप गयी . तेज वर्षा से मिट्टी का बना सीढ़ी गिर गया. उसी मलवा में नीरो दब गयी, जहां से परिवार वालों ने मलवा हटाकर निरो को बाहर निकाला, जिसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान ही महिला की मौत हो गयी.

## नालंदा में महिला की गोली मारकर हत्या

**बिहारशरीफ ।** जिले में कराय-परसुराय थाना क्षेत्र के चंद्रकुरा बहियार में सोमवार रात एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई. मृतका की पहचान मखदुमपुर गांव निवासी शिव कुमार यादव की पत्नी बबीता कुमारी बतायी जाती है. घटना रात नौ बजे की है. घटना की सूचना कराय-परसुराय थानाध्यक्ष को दी गई. जिसमें बताया गया कि हिलसा-दनियावां पटना रोड से सटे चंद्रकुरा बहियार के समीप एक महिला को गोली मारकर हत्या कर दी गयी है. सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है.

# मुख्यमंत्री ने बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय का किया निरीक्षण

**तेजी से निर्माण कार्य पूरा करने के दिए निर्देश**

संवाददाता । पटना



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को वैशाली जिला के वैशालीगढ़ स्थित निर्माणाधीन बुद्ध सम्यक दर्शन-सह-बुद्ध स्मृति स्तूप का निरीक्षण किया और निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया. निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने पूरे परिसर के विकास कार्यों का जायजा लिया. मुख्यमंत्री ने बुद्ध स्तूप के भू-तल एवं प्रथम तल का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की जानकारी ली. उन्होंने पुस्तकालय एवं ध्यान कक्ष का भी निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली. निरीक्षण के दौरान भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने मुख्यमंत्री को बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय एवं बुद्ध स्मृति स्तूप के निर्माण कार्य की प्रगति की अद्यतन जानकारी दी.

समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि हम यहां हमेशा आते रहते हैं और यहां के निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते रहते हैं. योजना के अनुरूप कार्य जल्द-से-जल्द पूर्ण करें. परिसर में पौधरोपण भी कराएं. यहां अच्छे ढंग से वाटर बॉडी का भी निर्माण कराएं. साथ ही परिसर के अंदर भी रास्ते का निर्माण ठीक से कराएं. उन्होंने कहा कि आवागमन को भी बेहतर किया जा रहा है ताकि आसानी से और कम समय में पर्यटक यहां पर पहुंच सकें. अधिक से अधिक संख्या में पर्यटकों के आने से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे.

मुख्यमंत्री ने कहा कि वैशाली ऐतिहासिक और पौराणिक जगह है. भगवान बुद्ध के जितने भी अस्थि कलश मिले हैं, उसमें वैशाली में मिला अस्थि कलश सबसे प्रामाणिक है. बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय-सह-बुद्ध स्मृति स्तूप के बन जाने के बाद यहां बौद्ध भिक्षु के साथ-साथ बड़ी संख्या में देश-विदेश से पर्यटक भी आएंगे. बोधगया और राजगीर आनेवाले श्रद्धालु भी यहां आएंगे. बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय में महात्मा बुद्ध के जीवन से संबंधित घटनाओं और बौद्ध धर्म से जुड़े प्रसंगों को यहां दर्शाया जाएगा.

उन्होंने कहा कि पहले वैशालीगढ़ की क्या स्थिति थी और बाद में हमने इसको विकसित करने को लेकर जो योजना बनाई, उसके तहत जो कार्य किए गए हैं उसकी भी विवरणी को भी यहां दर्शाएं. इससे लोग जान सकेंगे कि इस ऐतिहासिक धरोहर को विकसित करने के लिए कितने कार्य किए गए हैं.

## दो भाइयों की सड़क हादसे में मौत, राखी बंधवाकर लौट रहे थे

**गोपालगंज ।** गोपालगंज में सड़क दुर्घटना में दो भाइयों की दर्दनाक मौत हो गई है. घटना मोहम्मदपुर थाना क्षेत्र के बहोरवा गांव की है. मृतकों की पहचान छपरा जिले के परसा थाना क्षेत्र अंतर्गत बनकेरवा गांव निवासी बबलू कुमार और चंदन कुमार के रूप में की गई है. बबलू बड़ा भाई था, जबकि चंदन कुमार छोटा भाई. मौत की खबर सुनने के बाद के बाद परिजनों में कोहराम मच गया. वहीं घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि दोनों भाई दोनों भाई बहन के घर से राखी बंधवा कर लौट रहे थे. तभी हादसा के शिकार हो गए.

### पटना में मीडिया से बातचीत करते हुए बोले मंत्री चिराग पासवान

# सरकार नियुक्ति निकालती है तो आरक्षण को देखना होगा

संवाददाता । पटना

देश में इन दिनों 'लेटरल एंट्री' पर बहस छिड़ी हुई थी. एनडीए की सहयोगी एलजेपीआर भी इससे सहमत नहीं थी. अब जब कि केंद्र सरकार ने इस पर अपने निर्णय को वापस ले लिया है तो केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने खुशी का इजहार किया और कहा कि मुझे प्रधानमंत्री पर पूरा भरोसा था और ये विश्वास और ज्यादा मजबूत हो गया. चिराग पासवान मंगलवार को पटना में एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान लेटेरल एंट्री पर अपनी बात रख रहे थे, जहां उन्होंने कहा कि उन्होंने सरकार से इस मुद्दे पर बात की थी. इसमें विचार करने की जरूरत है.

केंद्रीय मंत्री ने लेटरल योजना पर कहा कि मैं सरकार का अंग हूं कई ऐसी बातें हैं जो सार्वजनिक तौर पर रखने में मैं समर्थ नहीं हूं. सरकार का अंग होने के नाते सरकार का संरक्षण करने की बड़ी जिम्मेदारी भी मेरे कंधों पर है. अगर कहीं ऐसे विषय है, जहां पर हर असहमति होती है पर असहमति को दर्ज करने के लिए भी सरकार के भीतर मुझे एक मंच मुहैया कराया गया है, जहां पर अक्सर ऐसे विषयों को



प्रमुखता से रखने का काम करता हूं.

**'नियुक्ति में आरक्षण के प्रावधानों को देखना ही होगा' :** चिराग ने कहा कि मैं एक बात स्पष्ट कर दूं. मैं और मेरी पार्टी पूरी तरीके से इस बात को लेकर समर्पित है कि केंद्र सरकार या किसी भी सरकार के जरिए कोई भी नियुक्ति निकलती है, उसमें आरक्षण के प्रावधानों को देखना ही होगा. कोई ऑप्शन नहीं है जैसा मैंने कहा कि एक सरकारी क्षेत्र ही है जहां पर इसके प्रावधानों को आप लागू कर सकते हैं अगर यहां पर भी लागू नहीं किया जाएगा तो यह बहुत बड़ी चिंता का विषय होगा. तो ऐसी कोई भी सरकारी नौकरी इसमें निकले उसमें इसको इंप्लीमेंट किया जाना चाहिए नहीं किया जाता है तो मेरी आपत्ति रहेगी. जैसे ही यह लेटरल एंट्री वाला मामला हम लोगों के संज्ञान में आया उसी वक्त से मैं लगातार अलग-अलग जगह पर कंसर्न अथॉरिटीज के सामने इस विषय को रखा. प्रधानमंत्री के समक्ष मैंने इन बातों को प्रमुखता से रखा. उनके संज्ञान में अनुसूचित जाति जनजाति पिछड़ा वर्ग के लोगों के तमाम चिंताओं को मैंने रखने का काम किया. लगभग पिछले डेढ़ दो दिन से लगातार मैं खुद प्रधानमंत्री कार्यालय से संपर्क में रहा. उन्होंने इस विषय से जुड़े हुए हर बिंदु पर मुझसे चर्चा की. समय-समय पर जो दस्तावेज हैं, उनको बढ़िया करने की जरूरत पड़ी. पिछले डेढ़ दो दिन में मैंने उनको तैयार कर कर प्रधानमंत्री कार्यालय पीएमओ में भी मैंने भेजने का काम किया.

### वक्फ बोर्ड संशोधन बिल को लेकर क्या?

वहीं, वक्फ बोर्ड संशोधन कानून पर कहा कि मेरी पार्टी ने प्रमुखता से इस बिल को टेबल करने से पहले ही अपना सुझाव सरकार के समक्ष रख दिया था कि इसको कमेटी में भेजा जाएगा तो हम लोग को इसमें कोई आपत्ति नहीं है, क्योंकि उसी वक्त जो हमारी चर्चा भी हुई थी सबकी मंशा यही थी कि इसको कमेटी में भेजना चाहिए, ताकि इसको बेहतर मजबूत और सशक्त बनाने के लिए तमाम सुझावों का आदान-प्रदान हो . यह बात सरकार को टेबल करने से पहले ही कम्युनिकेट कर दी गई थी . वहीं चौकीदार और दफादार के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि जो नियुक्ति निकल गई थी एक-दो जिलों में इसको अभी होल्ड पर रखा गया है . जैसा मैंने कहा कि मेरी मुख्यमंत्री से इस विषय को लेकर बातचीत हुई थी .

### समस्तीपुर में लाश मिलने के बाद मचा हड़कंप

# प्रेम-प्रसंग में 8वीं कक्षा के छात्र की हत्या

संवाददाता । समस्तीपुर

समस्तीपुर के रोसड़ा थाना क्षेत्र के भिरहा गांव में बीते सोमवार को आठवीं कक्षा के एक छात्र का शव मिलने के बाद हड़कंप मच गया. लीची के पेड़ से शव लटका हुआ था. मृतक की पहचान भिरहा पूर्व पंचायत के वार्ड नंबर 12 निवासी राजमिस्त्री पप्पू दास के पुत्र कन्हैया कुमार (16 वर्ष) के रूप में की गई है.

सोमवार की सुबह जब कुछ महिलाएं शौच के लिए गईं तो देखा कि लीची के पेड़ से एक शव लटक रहा है. शव को देख महिलाओं ने गांव आकर लोगों को जानकारी दी. सूचना मिलते ही स्थानीय मुखिया लालटून पासवान समेत गांव के लोगों की भीड़ घटनास्थल पर जुट गई. शव की पहचान होने पर मृतक के परिजन भी पहुंचे.

**एक लड़की और युवक को हिरासत में लिया गया :** हत्या के विरोध में परिजनों ने आक्रोशित लोगों के साथ मिलकर हनुमान नगर चौक के पास शव को रखकर आगजनी कर बांस-बल्ला लगाकर रोसड़ा-सिंघिया मुख्य पथ को जाम कर दिया. पुलिस ने करीब पांच घंटे बाद लोगों को समझाते हुए आरोपित लड़की और एक युवक को हिरासत में लिया जिसके बाद जाम को समाप्त करवाया. फिलहाल दोनों आरोपी से पुलिस पूछताछ में जुटी है.

इस मामले में प्रेम-प्रसंग का एंगल भी सामने आ रहा है. पुलिस ने मृतक के घर से 20 मीटर की दूरी पर रहने वाली एक नाबालिग लड़की और एक डीजे संचालक को हिरासत में लिया है. बताया जाता है कि डीजे संचालक और नाबालिग का अफेयर पहले से चल रहा था. दो महीने से कन्हैया लड़की के करीब आ गया था. परिजनों का आरोप है कि नाबालिग लड़की और डीजे संचालक राकेश ने मिलकर कन्हैया की हत्या कर दी है.

मृतक कन्हैया के बड़े भाई कृष्ण का कहना है कि नाबालिग लड़की और उसके प्रेमी डीजे संचालक राकेश ने मेरे भाई का मर्डर किया है. शव को लीची के पेड़ से लटकाया गया ताकि मामला आत्महत्या का लगे. इस संबंध में रोसड़ा थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि परिवार वालों के आरोप पर मृतक के पड़ोस में रहने वाली लड़की को हिरासत में लिया गया है. डीजे संचालक से भी पूछताछ की जा रही है. पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद साफ हो पाएगा कि कन्हैया की मौत कैसे हुई है.

## पुलिस पर हमले के मामले में छह गिरफ्तार

**छपरा ।** सारण जिले के परसा थाना क्षेत्र के सगुनी गांव में शराबियों को पकड़ने गई पुलिस टीम पर सोमवार की रात हुए हमले के मामले में अब तक छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है. देर रात कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया था. इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 6 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है. इनमें चार पुरुष एवं दो महिला आरोपित शामिल हैं.

### पीके का तेजस्वी यादव पर तंज, बोले-

# बाबूजी की दुकान पर बैठकर अपने ही नेताओं को दे रहे गाली

**पटना ।** जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने तेजस्वी पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक के दौरान तंज कसते हुए कहा कि बाबू जी की राजनीति की दुकान पर बैठकर अपने ही नेताओं को गाली दे रहे हैं. किशोर ने कहा कि राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने ही पत्र लिख कर अपने कार्यकर्ताओं और नेताओं से कहा कि आप जन सुराज में शामिल न हों. तेजस्वी द्वारा दिए गए बयान का मतलब यह है कि वे खुद अपनी ही पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं पर सवाल उठा रहे हैं. यदि वे कह रहे हैं कि राजद के लोग पैसा लेकर जन सुराज में जा रहे हैं.

## कारोबार

## रीट ने निवेशकों को दिये 1,371 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली ।** चार सूचीबद्ध रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट ने इस वित्त वर्ष की पहली तिमाही के लिए अपने यूनिट धारकों को 1,371 करोड़ रुपये दिये हैं. देश में सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध चार रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट (रीट)... ब्रुकफील्ड इंडिया रियल एस्टेट ट्रस्ट, एम्बेसी ऑफिस पार्क रीट, माइंडस्पेस बिजनेस पार्क रीट और नेक्सस सेलेक्ट ट्रस्ट हैं. इंडियन आंकड़ों के अनुसार, जून तिमाही में इन चार रीट ने मिलकर 2,45,000 से अधिक यूनिट धारकों को 1,371 करोड़ रुपये से ज्यादा वितरित किये हैं.

## हाई-टेक पाइप्स को मिले 105 करोड़ रुपये के ठेके

**नयी दिल्ली ।** हाई-टेक पाइप्स को अक्षय ऊर्जा क्षेत्र के ग्राहकों से इलेक्ट्रिक रेजिस्टेंस वेल्डेड स्टील पाइप की आपूर्ति के लिए 105 करोड़ रुपये के ठेके मिले हैं. कंपनी ने साथ ही इक्विटी जारी कर 600 करोड़ रुपये तक जुटाने की योजना की भी घोषणा की. कंपनी ने कहा, ठेके अगले तीन महीनों में पूरे किए जाएंगे. ये आपूर्ति गुजरात के साणंद स्थित उसकी नई विनिर्माण सुविधा से की जाएगी. कंपनी बयान के अनुसार, ईआरडब्ल्यू स्टील पाइप की आपूर्ति के लिए कुल 105 करोड़ रुपये के ठके अक्षय ऊर्जा क्षेत्र के प्रमुख ग्राहकों मिले हैं.

## कल्पतरु को 100.74 करोड़ का हुआ घाटा

**नयी दिल्ली ।** रियल एस्टेट कंपनी कल्पतरु लिमिटेड ने आमदनी घटने के कारण पिछले वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 100.74 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध घाटा दर्ज किया है. कंपनी ने आईपीओ के जरिये 1,590 करोड़ रुपये तक जुटाने के लिए पिछले सप्ताह पूंजी बाजार नियामक सेबी के पास शुरुआती दस्तावेज दाखिल किए हैं. कंपनी आईपीओ से मिली राशि का इस्तेमाल मुख्य रूप से कर्ज कम करने के लिए करेगी. मुंबई स्थित कल्पतरु लिमिटेड ने आईपीओ के लिए दस्तावेजों का मसौदा दाखिल किया है. डीआरएचपी के अनुसार, कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 100.74 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध घाटा दर्ज किया.



## कमजोर हाजिर मांग से सोना वायदा कीमतों में गिरावट

**नयी दिल्ली ।** कमजोर हाजिर मांग के बीच सटोरियों ने अपने सौदों के आकार को घटाया जिससे वायदा कारोबार में शुक्रवार को सोने की कीमत एक रुपये की गिरावट के साथ 71,583 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गयी. मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में अक्टूबर माह में आपूर्ति वाले अनुबंध का भाव एक रुपये की गिरावट के साथ 71,583 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया. इसमें 17,375 लॉट का कारोबार हुआ. बाजार विश्लेषकों ने कहा कि वैश्विक बाजारों में कमजोरी के रुख के कारण सोना वायदा कीमतों में गिरावट आई. वैश्विक स्तर पर न्यूयॉर्क में सोना 0.05 प्रतिशत चढ़कर 2,542.50 डॉलर प्रति औंस हो गया.



## मजबूत हाजिर मांग से चांदी वायदा कीमतों में तेजी आई

**नयी दिल्ली ।** मजबूत हाजिर मांग के बीच कारोबारियों द्वारा अपने सौदों का आकार बढ़ाने से सोमवार को वायदा कारोबार में चांदी की कीमत 425 रुपये की तेजी के साथ 84,763 रुपये प्रति किग्रा हो गया. मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में चांदी के सितंबर महीने में डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत 425 रुपये यानी 0.5 प्रतिशत की तेजी के साथ 84,763 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया. इसमें 23,316 लॉट का कारोबार हुआ. बाजार विश्लेषकों ने कहा कि घरेलू बाजार में मजबूती के रुख के कारण कारोबारियों द्वारा ताजा सौदों की लिवाली करने से चांदी वायदा कीमतों में तेजी आई. वैश्विक स्तर पर न्यूयॉर्क में चांदी की कीमत 0.67 प्रतिशत की तेजी के साथ 29.93 डॉलर प्रति औंस हो गयी.



## कमजोर हाजिर मांग से कच्चे तेल के वायदा भाव में गिरावट

**नयी दिल्ली ।** कमजोर हाजिर मांग के कारण कारोबारियों ने अपने सौदों के आकार को घटाया जिससे वायदा कारोबार में गुरुवार को कच्चा तेल की कीमत 0.87% की गिरावट के साथ 8,908 रुपये प्रति बैरल रह गयी. मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में कच्चे तेल के जुलाई महीने में डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत 78 रुपये या 0.87% की गिरावट के साथ 8,908 रुपये प्रति बैरल रह गयी. इसमें 4,492 लॉट का कारोबार हुआ. वैश्विक स्तर पर न्यूयॉर्क में वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट कच्चा तेल 0.64% की तेजी के साथ 116.05 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था. वहीं ब्रेंट कच्चा तेल का दाम 0.51% की तेजी के साथ 119.11 डॉलर प्रति बैरल हो गया.

### बैंकिंग-आईटी शेयरों में मजबूती से चढ़ा बाजार

# वित्तीय शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स 378 अंक उछला, निफ्टी भी 24700 के करीब

एजेंसी । मुंबई



वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख के बीच वित्तीय और वाहन शेयरों में लिवाली से स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को अच्छी तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 378 अंक चढ़ गया. एनएसई निफ्टी भी लाभ में रहा. तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 378.18 अंक यानी 0.47 प्रतिशत की बढ़त के साथ 80,802.86 अंक पर बंद हुआ. कारोबार के दौरान एक समय यह 518.28 अंक तक उछल गया था. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में लगातार चौथे दिन तेजी रही और यह 126.20 अंक यानी 0.51 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,698.85 अंक पर बंद हुआ.

सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से बजाज फिनसर्व, इंडसइंड बैंक, टेक महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, कोटक महिंद्रा बैंक, एक्सिस बैंक, एनटीपीसी और सन फार्मा प्रमुख रूप से लाभ में रहीं. दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में भारती एयरटेल, आईटीसी, अदाणी पोर्ट्स, जेएसडब्ल्यू स्टील और टाटा मोटर्स शामिल हैं.

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की लाभ में जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे. यूरोप के प्रमुख बाजारों में कारोबार के दौरान तेजी का रुख रहा. अमेरिकी बाजार सोमवार को बढ़त में रहे थे.

मेहता इक्विटीज लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रशांत तापसे ने कहा, खुदरा निवेशकों के एसआईपी के जरिये म्यूचुअल फंड में निवेश जारी रहने के साथ शेयर बाजार को मजबूती मिल रही है. प्रतिभागियों की नजर वैश्विक कारकों पर होगी. निवेशकों को बुधवार को जारी होने वाले जुलाई में हुई एफओएमसी (फेडरल ओपन मार्केट कमेटी) की बैठक के ब्योरे की प्रतीक्षा है. शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने सोमवार को 2,667.46 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे. हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 1,802.92 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे. वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.72 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77.10 डॉलर प्रति बैरल रहा. बीएसई सेंसेक्स सोमवार को सीमित कारोबार में 12.16 अंक टूटा था, जबकि एनएसई निफ्टी 31.50 अंक के लाभ में रहा था.

# अशोक लीलैंड का एमएचसीवी खंड में एक अंकीय वृद्धि का लक्ष्य

एजेंसी । कोलकाता

अग्रणी वाहन विनिर्माता कंपनी अशोक लीलैंड चालू वित्त वर्ष 2024-25 में मध्यम व भारी वाणिज्यिक वाहन (एमएचसीवी) कारोबार में एक अंकीय वृद्धि हासिल करना चाहती है. अशोक लीलैंड के अध्यक्ष संजीव कुमार ने कहा कि इस खंड में कंपनी की बाजार हिस्सेदारी करीब 30 प्रतिशत है और वह इस श्रेणी में दूसरे नंबर की कंपनी है. उन्होंने कहा, हम चालू वित्त वर्ष में एमएचसीवी श्रेणी में एकल अंक की वृद्धि का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं. अर्थव्यवस्था में तेजी आने के साथ ही हम मजबूत वाणिज्यिक वाहन बाजार की उम्मीद कर रहे हैं. कुमार ने कहा कि अशोक लीलैंड के लिए पूर्वी क्षेत्र एक महत्वपूर्ण बाजार रहा है, जिसकी बाजार हिस्सेदारी 25 प्रतिशत है. वहीं एमएचसीवी खंड कंपनी के कुल राजस्व में करीब 60 प्रतिशत का योगदान देता है. एमएचसीवी के अंतर्गत यात्री वाहन श्रेणी में कंपनी देश में 40 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ बस खंड में अग्रणी है. कुमार ने कहा कि कंपनी तरल प्राकृतिक गैस तथा हाइड्रोजन जैसे वैकल्पिक ईंधन पर काम कर रही है. उन्होंने कहा, वैकल्पिक ईंधन पर चलने वाले वाहनों की संख्या में वृद्धि के लिए बुनियादी ढांचे का समर्थन महत्वपूर्ण है.

**बाजार को बताया** टीके बनाने वाली कंपनी पैनेसिया बायोटेक लिमिटेड को लगा झटका

# पैनेसिया बायोटेक को मिला 5.75 करोड़ का नोटिस

एजेंसी । नयी दिल्ली

टीके बनाने वाली कंपनी पैनेसिया बायोटेक लिमिटेड को नवी मुंबई में पट्टे पर दी गई जमीन तथा भवन की बिक्री पर मुंबई में जीएसटी प्राधिकरण से करीब 5.75 करोड़ रुपये का कर मांग नोटिस मिला है. पैनेसिया बायोटेक ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि कंपनी को मुंबई के राज्य कर के सहायक आयुक्त के कार्यालय से 19 अगस्त, 2024 को एक नोटिस मिला. इसमें नवी मुंबई में पट्टे पर दी गई भूमि और भवन की बिक्री पर ब्याज तथा जुर्माने सहित (माल एवं सेवा कर) जीएसटी की शेष राशि के लिए 5,74,53,146 रुपये की मांग की गई है. इसमें आरोप लगाया गया है कि यह लेनदेन एक सब-लीज लेनदेन है. कंपनी ने कहा कि इससे पहले अप्रैल, 2024 में उसने विरोधस्वरूप 3,14,17,862 रुपये की राशि जमा कराई थी और इस संबंध में बंबई उच्च न्यायालय में एक रिट याचिका भी दायर की है.

पैनेसिया बायोटेक ने अपने आकलन के आधार पर कहा कि यह मांग स्वीकार्य नहीं है और वह इसके खिलाफ अपील दायर करने सहित सभी आवश्यक कदम उठाने पर विचार कर रही है. कंपनी ने कहा कि उसे इससे अपने वित्तीय, परिचालन या अन्य गतिविधियों पर किसी प्रासंगिक प्रभाव की आशंका नहीं है.

## हिन्दुस्तान जिंक दूसरा अंतरिम लाभांश देगी

एजेंसी । नयी दिल्ली



वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड के निदेशक मंडल ने चालू वित्त वर्ष के लिए 19 रुपये प्रति शेयर के दूसरे अंतरिम लाभांश को मंजूरी दे दी है. यह 8,028.11 करोड़ रुपये बैठता है. निदेशक मंडल की मंगलवार को हुई बैठक में इसे मंजूरी दी गई. हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने बीएसई को दी गई सूचना में कहा, निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 19 रुपये प्रति शेयर यानी दो रुपये प्रति शेयर के अंकित मूल्य पर 950 प्रतिशत के दूसरे अंतरिम लाभांश पर विचार किया और उसे मंजूरी दे दी है. यह 8,028.11 करोड़ रुपये बैठता है. 'पीटीआई-भाषा' ने पहले ही खबर दी थी कि एचजेडएल वित्त वर्ष 2024-25 में अपने शेयरधारकों को 8,000 करोड़ रुपये का विशेष लाभांश भुगतान करने की योजना बना रही है.

# ऑप्टिमस इलेक्ट्रॉनिक्स ने विनिर्माण में किया प्रवेश

एजेंसी । नयी दिल्ली

ऑप्टिमस इलेक्ट्रॉनिक्स ने दूरसंचार उपकरण विनिर्माण में प्रवेश की मंगलवार को घोषणा की. कंपनी ने देश में दूरसंचार उपकरणों के घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के प्रयासों को लेकर प्रतिबद्धता भी जाहिर की. ऑप्टिमस ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, वह अपने नोएडा विनिर्माण संयंत्र से 4जी बेस बैंड यूनिट, रिमोट रेडियो हेड, ब्रॉडबैंड स्विच और राउटर जैसे दूरसंचार उपकरण उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला के लिए विनिर्माण साझेदार के रूप में तेजस नेटवर्क्स के साथ काम कर रही है. इसमें कहा गया, यह घोषणा दूरसंचार उपकरणों के डिजाइन तथा विनिर्माण में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ने के भारत के जारी प्रयासों की पृष्ठभूमि में की गई है. ऑप्टिमस का लक्ष्य दूरसंचार उपकरणों की घरेलू विनिर्माण क्षमताओं को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाना है.

ऑप्टिमस इलेक्ट्रॉनिक्स के प्रबंध निदेशक ए. गुरुराज ने कहा, हम भारत में दूरसंचार विनिर्माण में 'मेक इन इंडिया' पहल की दिशा में एक कदम बढ़ाने के इस प्रयास में उनका समर्थन करने के लिए तैयार हैं. तेजस नेटवर्क्स के मुख्य आपूर्ति श्रृंखला अधिकारी वी. सेम्बियन ने कहा, आत्मनिर्भर भारत की दिशा में हमारे निरंतर प्रयास में, हमारे विनिर्माण भागीदारों में से एक के रूप में ऑप्टिमस को जोड़ने से दूरसंचार उत्पादों के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा मिलेगा.

## न्यूज अपडेट

### संजय सिंह की गिरफ्तारी का आदेश

**सुलतानपुर।** सुलतानपुर की एक अदालत ने दो दशक से भी ज्यादा पुराने एक मामले में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह और समाजवादी पार्टी के नेता अनूप संडा के पेशी पर नहीं आने पर कड़ी आपत्ति जताई और स्थानीय पुलिस को उन्हें गिरफ्तार कर सुनवाई की अगली तारीख 28 अगस्त को अदालत में पेश करने का आदेश दिया. सांसद /विधायक अदालत के विशेष न्यायाधीश शुभम वर्मा ने सिंह, संडा और अन्य के खिलाफ जारी गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट को भी बरकरार रखा. एक न्यायिक अधिकारी ने बताया, 'अदालत ने पुलिस को सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर 28 अगस्त तक अदालत में पेश करने का निर्देश दिया है."

### कोर्ट के बाहर गोलीबारी में दो की मौत

**एलिजाबेथटाउन।** केंटकी में एक अदालत के बाहर सोमवार को एक बंदूकधारी ने एक मां और बेटी की गोली मारकर हत्या कर दी और एक अन्य व्यक्ति को घायल कर दिया. पुलिस के पीछा करने के दौरान उसने राजमार्ग पर खुद को भी गोली मार ली. एलिजाबेथटाउन पुलिस ने बताया कि संदिग्ध क्रिस्टोफर एल्डर (46) की हालत गंभीर बनी हुई है. उसने खुद को गोली मार ली थी. मृतक अदालत की सुनवाई में शामिल हुई थी.

### इमरान ने चांसलर का दिया आवेदन

**इस्लामाबाद।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान ख़ान ने ब्रिटेन की ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी का चांसलर बनने के लिए आवेदन दिया है. इमरान ख़ान के सलाहकार सैयद ज़ुल्फिकार बुखारी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर इस बारे में जानकारी दी. उन्होंने बताया कि इमरान ख़ान के कहने पर "ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी चांसलर इलेक्शन 2024" के लिए उनका आवेदन फॉर्म जमा कर दिया गया है. वहीं, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी ने अभी तक इसे लेकर कुछ नहीं कहा है.

### ब्रिटेन में नए सिक्के प्रचलन में आए

**लंदन।** ब्रिटेन में मंगलवार से महाराजा चार्ल्स तृतीय के चित्र तथा मधुमक्खियों के डिजाइन वाले एक पाउंड के पहले सिक्के प्रचलन में आ गए हैं. देश भर के डाकघरों और बैंकों के माध्यम से कुल 29.75 लाख सिक्के नकदी प्रचलन में आएंगे. ब्रिटेन की टकसाल 'रॉयल मिंट' के अनुसार, मधुमक्खियों के डिजाइन वाला पाउंड आठ नए डिजाइन में से एक है जो एक पेंस से दो पाउंड मूल्यवर्ग में सिक्कों पर दिखाई देंगे.

### महाकाल मंदिर को अलग थाना मिलेगा

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सोमवार को उज्जैन में 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक महाकालेश्वर मंदिर को समर्पित एक अलग थाने की स्थापना की घोषणा की. यह निर्णय मंदिर परिसर के लिए प्रस्तावित बढ़ी हुई सुरक्षा व्यवस्था के तहत लिया गया है, जिसमें निजी सुरक्षा एजेंसियों के साथ मौजूदा अनुशासन संबंधी मुद्दों को हल करने के लिए 400 होमगार्ड की तैनाती शामिल है. यादव ने बेहतर प्रबंधन और अनुशासन का आह्वान किया.

### किरण चौधरी का विस से इस्तीफा

**चंडीगढ़।** हरियाणा की विधायक किरण चौधरी ने विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है और उन्हें भाजपा द्वारा राज्यसभा उपचुनाव में उम्मीदवार बनाए जाने की संभावना है. करीब दो माह पहले कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हुईं चौधरी ने मंगलवार को फोन पर 'पीटीआई-भाषा' से कहा, 'मैंने विधानसभा सदस्य (विधायक) के तौर पर इस्तीफा दे दिया है.' आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि विधानसभा अध्यक्ष ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है.

### जहरीली शराब पीने से 14 लोग बीमार

**बेरहामपुर।** ओडिशा के गंजाम जिले में कथित तौर पर 'नकली' शराब पीने से कम से कम 14 लोग बीमार पड़ गए. पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी. उसके अनुसार यह घटना सोमवार देर रात चिकिता इलाके के माउंडपुर गांव में हुई. सभी पीड़ित करबलुआ गांव के रहने वाले हैं. देशी शराब पीने से उनमें कुछ लोगों को बेचैनी और उल्टी होने लगी. उन्हें चिकिता स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया.

### पीओके 5.1 तीव्रता के भूकंप से दहला

**इस्लामाबाद।** कश्मीर का पाकिस्तान के कब्जे वाला हिस्सा (पीओके) मंगलवार को 5.1 तीव्रता के दो भूकंप के कारण दहल गया, और इस पर्वतीय क्षेत्र के निवासियों के बीच दहशत फैल गई. 'डॉन' समाचार पत्र की खबर के अनुसार, भूकंप से किसी तरह के नुकसान के बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं मिली है. अमेरिकी भूगर्भीय सर्वे के अनुसार, दोनों भूकंप की तीव्रता 5.1 दर्ज की गई है और इसका केंद्र कश्मीर में था.

### त्रिपुरा में भूस्खलन से पांच की मौत

**अगरतला।** त्रिपुरा में लगातार बारिश के कारण तीन स्थानों पर हुए भूस्खलन में एक ही परिवार के तीन सदस्यों सहित कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई जबकि एक ग्रामीण लापता है. पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी. शांतिरबाजार के उप जिलाधिकारी (एसडीएम) अभेदानंद बैद्य ने ''पीटीआई-भाषा'' को फोन पर बताया कि दक्षिण त्रिपुरा जिले के देबीपुर में सोमवार रात भीषण भूस्खलन से एक घर के ढह जाने से एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई.

उद्धव ठाकरे ने मुंबई में कांग्रेस के सद्भावना दिवस कार्यक्रम में पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार पर जमकर निशाना साधा, कहा

# शिवसेना-कांग्रेस कट्टर विरोधी रहे, लेकिन बदले की भावना से काम नहीं किया

**एजेंसी। मंबई**

महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा, उनके पिता बाल ठाकरे ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की आलोचना की थी, लेकिन केंद्रीय एजेंसियों ने कभी शिवसेना कार्यकर्ताओं को परेशान नहीं किया. उद्धव ठाकरे ने कांग्रेस के सद्भावना दिवस कार्यक्रम में पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि राजीव गांधी की सरकार ने चुनौतियों का डटकर सामना किया लेकिन वर्तमान सरकार मणिपुर और कश्मीर में हिंसा की समस्याओं पर मौन रही. वहीं राकांपा (एसपी) अध्यक्ष शरद पवार ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके सहयोगी नेहरू परिवार के प्रति द्वेष रखते हैं. पवार ने कहा, देश के इतिहास से पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और उनके परिवार के योगदान को कोई नहीं मिटा सकता.

**नेहरू व उनके परिवार के योगदान को कोई नहीं मिटा सकता : पवार**



**कांग्रेस के सद्भावना दिवस कार्यक्रम में बरसे उद्धव :** कांग्रेस मुंबई की तरफ से आयोजित सद्भावना दिवस कार्यक्रम में बोलते हुए शिवसेना (उद्धव बालासाहब ठाकरे) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा कि प्रधानमंत्री के रूप में राजीव गांधी कभी भी चुनौतियों का सामना करने से पीछे नहीं हटे, जबकि मौजूदा सरकार मणिपुर और कश्मीर में हिंसा भड़कने पर भी चिंतित नहीं थी.

### भाजपा 'जहर', उसे चखने की कोई जरूरत नहीं: खरगे

सद्भावना दिवस कार्यक्रम में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार 'अल्पमत' सरकार है; यह जद(यू) और तेदेपा के समर्थन के बिना काम नहीं कर सकती. विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' ने भाजपा को करारा जवाब दिया, उसकी लोकसभा सीट की संख्या घटाकर 240 कर दी. भाजपा 'जहर' जैसी है, उसे चखने की कोई जरूरत नहीं है.

### 2019 में राजग से अलग हुई थी अविभाजित शिवसेना

कभी भाजपा की सबसे पुरानी सहयोगी पार्टी रही शिवसेना 2019 में एनडीए गठबंधन से अलग हो गई थी, वहीं 2022 में राज्य के मौजूदा मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने पार्टी के 39 अन्य विधायकों के साथ बगावत किया. जिसकी वजह से राज्य में तत्कालीन महा विकास अघाड़ी सरकार गिर गई थी और शिवसेना दो हिस्सों में बंट गई थी. इसके बाद एकनाथ शिंदे भाजपा के समर्थन से राज्य के नए मुख्यमंत्री बने.

**महाराष्ट्र :** प्रदर्शनकारी हुए हिंसक, बदलापुर स्टेशन पर रेल परिचालन ठप

# एक विद्यालय में दो बच्चियों के यौन शोषण के खिलाफ प्रदर्शन

**एजेंसी। ठाणे**

कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के रेप और हत्या के ख़िलाफ़ पूरे भारत में विरोध प्रदर्शनों के बीच महाराष्ट्र के ठाणे जिले के बदलापुर में दो नाबालिग लड़कियों के साथ कथित यौन शोषण की घटना सामने आई है. इस मामले में एक शख़्स को गिरफ़्तार किया गया है. बदलापुर के एक मशहूर स्कूल के वॉशरूम में चार और छह साल की दो बच्चियों के साथ कथित यौन शोषण की घटना के बाद हर तरफ गुस्से की लहर है और हजारों नागरिक सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं. इस घटना के विरोध में मंगलवार को लोगों ने बदलापुर स्टेशन पर रेल रोको प्रदर्शन शुरू कर दिया.

सेंट्रल रेलवे ने बताया कि इस वजह से इस रूट पर लंबी दूरी की 10 ट्रेनों का रास्ता बदल दिया गया. आक्रोशित भीड़ को नियंत्रित करने के लिए भारी पुलिस बल को तैनात किया गया है. इसी बीच, प्रदर्शनकारियों ने रेल रोको वापस लेने की सरकार की अपील खारिज कर दी. महाराष्ट्र सरकार ने भारी विरोध के बीच मामले की जांच में कथित तौर पर कर्तव्य निर्वहन में लापरवाही के लिए एक वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक सहित तीन पुलिस अधिकारियों को मंगलवार को निलंबित करने का आदेश दिया. साथ ही राज्य सरकार मामले की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने का आदेश दे दिया है, जिसका नेतृत्व पुलिस महानिरीक्षक रैंक की अधिकारी आरती सिंह करेंगी. गृह मंत्री देवेंद्र फडणवीस ने ठाणे पुलिस आयुक्त को मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक अदालत में करने के लिए प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया था.

वहीं विपक्षी दलों ने आरोप लगाया है कि पीड़ित लड़कियों के माता-पिता को शिकायत दर्ज कराने के लिये बदलापुर पुलिस थाने में 11 घंटे तक इंतजार करना पड़ा. पुलिस ने 17 अगस्त को बदलापुर के एक स्कूल अटेंडेंट को तीन और चार साल की दो छात्राओं के कथित यौन उत्पीड़न को लेकर गिरफ्तार किया था. शिकायत के अनुसार, उसने स्कूल के शौचालय में बच्चियों का यौन उत्पीड़न किया. स्कूल प्रबंधन ने इस घटना को लेकर प्राचार्य, एक क्लास टीचर और एक महिला अटेंडेंट को निलंबित कर दिया है.



### फास्ट ट्रैक अदालत में चलाया जाए मुकदमा : उद्धव ठाकरे

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने ठाणे जिले के एक स्कूल में दो बच्चियों के यौन शोषण के मामले में फास्ट ट्रैक अदालत में मुकदमा चलाने और जल्दी इंसाफ देने की मंगलवार को मांग की. ठाकरे ने पत्रकारों से कहा कि एक तरफ 'महायुति' सरकार महिलाओं के लिए मुख्यमंत्री लाड़की बहिन योजना चला रही है, लेकिन बहनों की बेटियां सुरक्षित नहीं हैं. कोलकाता में एक डॉक्टर के साथ बलात्कार के और उसके बाद हत्या की घटना का स्पष्ट संदर्भ देते हुए ने उद्धव ने कहा कि कुछ राज्यों को निशाना बनाकर महिलाओं के खिलाफ अपराध पर राजनीति की जा रही है. कोलकाता के मामले को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी आलोचनाओं का सामना कर रही हैं. पूर्व मुख्यमंत्री ने दावा किया कि जिस स्कूल में लड़कियों के साथ कथित तौर का यौन शोषण हुआ, उसका संबंध भाजपा नेताओं से है. उन्होंने कहा, "मामले की त्वरित सुनवाई होनी चाहिए और पीड़ितों को शीघ्र न्याय मिलना चाहिए."

### अंबरनाथ-कर्जत मार्ग पर रेल सेवाएं निलंबित

**मुंबई।** ठाणे जिले में एक स्कूल में दो बच्चियों के साथ कथित यौन उत्पीड़न की घटना को लेकर बदलापुर स्टेशन पर रेल रोको प्रदर्शन की वजह से लंबी दूरी की 10 ट्रेन के मार्ग में बदलाव किया गया है. मध्य रेलवे ने यह जानकारी दी. कई महिलाओं सहित प्रदर्शनकारियों के रेल की पटरियों पर आने और यातायात अवरुद्ध करने के कारण अंबरनाथ और कर्जत स्टेशन के बीच लोकल ट्रेन सेवाएं सुबह 10 :10 बजे से निलंबित कर दी गईं. पुलिस ने बताया कि विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गया और प्रदर्शनकारियों ने उस स्कूल में तोड़फोड़ की, जहां पिछले सप्ताह कथित घटना हुई थी. उन्होंने बदलापुर रेलवे स्टेशन पर भी पथराव किया. सोलापुर-सीएसएमटी वंदे भारत एक्सप्रेस सहित कम से कम 10 मेल-एक्सप्रेस ट्रेन को कर्जत-पनवेल-ठाणे स्टेशन के रास्ते भेजा गया. सीएसएमटी और अंबरनाथ स्टेशन के बीच लोकल ट्रेन सामान्य रूप से चल रही हैं.

### ठाणे के एक अस्पताल में दिव्यांग लड़की से छेड़छाड़ के आरोप में एक गिरफ्तार

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक सरकारी अस्पताल परिसर में एक दिव्यांग लड़की से कथित तौर पर छेड़छाड़ करने के आरोप में 42 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस ने मंगलवार को बताया कि यह घटना सोमवार को कलवा के सरकारी अस्पताल में हुई. उन्होंने बताया कि आरोपी कथित तौर पर 11 वर्षीय बच्ची को पूर्वाह्न करीब 11 बजे अस्पताल लाया और उसने उसके साथ छेड़छाड़ की. उन्होंने बताया कि एक मरीज के रिश्तेदार ने आरोपी को यह सब करते हुए पकड़ लिया और शोर मचा दिया. अधिकारी ने बताया कि आरोपी ठाणे के विटावा क्षेत्र का निवासी है और उसे भारतीय न्याय संहिता एवं बाल यौन अपराध संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया है. उन्होंने बताया कि स्थानीय पुलिस इस मामले की जांच कर रही है.

## रायबरेली : मृतक दलित युवक के परिजनों से मिले राहुल गांधी

**एजेंसी लखनऊ**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी मंगलवार को अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली के नसीराबाद में हाल में कथित रूप से मार दिये गये एक दलित युवक के परिवार से मिलने पहुंचे. कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने यह जानकारी दी.

कांग्रेस की उत्तर प्रदेश इकाई अध्यक्ष अजय राय ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि गांधी दोपहर करीब एक बजे अमेठी जिले के हवाई अड्डे पर उतरे और वहां से रायबरेली के नसीराबाद के लिए रवाना हुए, जहां हाल में एक दलित युवक की कथित रूप से हत्या कर दी गई थी. गांधी के साथ अजय राय और कांग्रेस के उत्तर प्रदेश मामलों के प्रभारी एवं राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडेय, राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी समेत कई प्रमुख नेता मौजूद थे. सलोन इलाके में 11 अगस्त को कुछ स्थानीय लोगों के साथ विवाद के बाद अनुज पासी (22) नामक एक दलित युवक की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी. पुलिस के अनुसार इस सिलसिले में अब तक कम से कम छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है.




## खालिदा जिया के बैंक खातों से रोक 17 साल बाद हटेगी

- एनबीआर के बैंकों को दिए निर्देश से बीएनपी अध्यक्ष को राहत

**एजेंसी। ढाका**

बांग्लादेश में कर अधिकारियों ने बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की अध्यक्ष खालिदा जिया के बैंक खातों पर 17 साल पहले रोक लगायी गयी रोक को हटाने का फैसला किया है.



'डेली स्टार' समाचार पत्र की रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रीय राजस्व बोर्ड (एनबीआर) ने सोमवार को बैंकों को बीएनपी अध्यक्ष जिया के खातों पर लगी रोक हटाने का निर्देश दिया. अगस्त 2007 में एनबीआर के केंद्रीय खुफिया प्रकोष्ठ ने बैंकों को बीएनपी अध्यक्ष के खातों पर रोक लगाने का निर्देश दिया था. वह 1990 के बाद से दो बार बांग्लादेश की प्रधानमंत्री चुनी जा चुकी हैं. एनबीआर के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह निर्णय सेना समर्थित तत्कालीन कार्यवाहक सरकार के दौरान गठित एक समिति की सिफारिश पर आधारित था. इसके बाद से ही उनके बैंक खातों पर रोक लगी हुई है. बीएनपी ने कई मौकों पर इन पर रोक हटाने की मांग की है. बाद में उन्हें नियमित खर्चों के लिए ढाका छावनी में रूपाली बैंक की शहीद मोइनुल रोड शाखा से हर महीने एक निश्चित राशि निकालने की अनुमति दी गई. तत्कालीन कार्यवाहक सरकार ने शेख हसीना के बैंक खातों पर भी रोक लगा दी थी. यह ताजा कदम खालिदा की पुरानी प्रतिद्वंद्वी हसीना को बड़े पैमाने पर विद्रोह के बाद सत्ता से बेदखल करने के बाद उठाया गया है.

## गाजा में इजराइली अभियान के दौरान छह बंधकों के शव मिले

**एजेंसी। यरूशलम**

इजराइल की सेना ने कहा है कि उसने पिछले साल सात अक्टूबर को हमास के हमले के दौरान बंधक बनाए गए छह लोगों के शव बीती रात बरामद किए हैं. दूसरी ओर अमेरिका, मिस्र और कतर इजराइल व हमास के बीच संघर्ष विराम समझौते की कोशिशों में जुटे हैं. सेना ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि उसके सैनिकों ने दक्षिण गाजा में बीती रात अभियान के दौरान ये शव बरामद किए हैं. हालांकि उनकी मौत कब और कैसे हुई, इसकी जानकारी नहीं दी गई है. बंधकों के परिवारों ने कहा है कि उन्हें जिंदा बंधक बनाया गया था. वहीं हमास का कहना है कि कुछ बंधक इजराइल के हवाई हमले में हताहत हुए हैं. शवों का बरामद होना हमास के लिए भी एक झटका है, जो बंधकों के बदले फलस्तीनियों कैदियों को रिहा कराना, इजराइली सैनिकों की गाजा से वापसी और दीर्घकालिक संघर्ष विराम चाहता है. इससे इजराइल पर भी समझौते पर पहुंचने का दबाव पड़ने की संभावना है.

### नेतन्याहू ने संघर्ष विराम प्रस्ताव को किया स्वीकार!

अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने सोमवार को कहा कि नेतन्याहू ने महीनों से जारी संघर्ष विराम वार्ता में अंतराल को पाटने के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है. उन्होंने हमास से भी ऐसा करने का आह्वान किया. हमास ने अमेरिका पर इजराइल की मांगों को अपनाने और उन्हें उसपर थोपने का आरोप लगाया है. दोनों पक्षों के बीच अब भी व्यापक मतभेद दिखाई देते हैं. इनमें गाजा में दो रणनीतिक गलियारों पर स्थायी नियंत्रण की इजराइल की मांग भी शामिल है.

रिपोर्ट मिलने के बावजूद चुप्पी साधने व कार्रवाई न करने पर केरल सरकार की आलाचेना

## हेमा समिति की रिपोर्ट पर राजनीतिक तूफान

**एजेंसी। तिरुवनंतपुरम**

न्यायमूर्ति हेमा समिति की रिपोर्ट में मलयालम सिनेमा में महिलाओं के यौन उत्पीड़न पर आश्चर्यजनक खुलासों ने मंगलवार को केरल में राजनीतिक तूफ़ान खड़ा कर दिया. विपक्षी दलों ने रिपोर्ट मिलने के बावजूद पिछले चार साल में इस पर चुप्पी साधने तथा कोई कार्रवाई न करने के लिए वाम मोर्चे की सरकार की आलाचेना की जबकि सरकार ने पीड़ितों को समर्थन दिया. कांग्रेस नीत संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) ने सवाल उठाया कि क्या सरकार ने आरोपियों को बचाने के लिए रिपोर्ट को गोपनीय रखा. उसने आरोप लगाया कि पिनरायी विजयन सरकार असहाय पीड़ितों के बजाय 'शिकारियों' का पक्ष ले रही थी. सरकार तथा संस्कृति मामलों के मंत्री साजी चेरियन पर तीखा प्रहार करते हुए भाजपा ने आरोप लगाया कि वह आरोपियों द्वारा किए गए अपराधों के बारे में सूचना मिलने के बावजूद उनके खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई करने में विफल रहे. बहरहाल, सरकार ने आरोपों से इनकार किया और स्पष्ट किया कि उन्होंने समिति की सिफारिशों तथा सुझावों को लागू करने के कदम उठाना पहले ही शुरू कर दिया है. साजी चेरियन ने यहां पत्रकारों से कहा, 'सरकार हमेशा पीड़ितों... और महिला समुदाय के साथ है.'



### क्या है हेमा कमेटी रिपोर्ट?

राज्य सरकार ने 2019 में न्यायमूर्ति हेमा समिति का गठन किया था. समिति ने मलयालम फिल्म उद्योग में महिलाओं के समक्ष आ रही समस्याओं का अध्ययन किया. रिपोर्ट में महिलाओं के यौन उत्पीड़न, शोषण और दुर्व्यवहार के महत्वपूर्ण विवरण को उजागर किया गया है. कहा गया है कि महिला कलाकारों को उत्पीड़न का सामना करना पड़ा, जिसमें फिल्म उद्योग में नशे में धुत व्यक्तियों द्वारा उनके कमरों के दरवाजे खटखटाने की घटनाएं भी शामिल हैं. यौन उत्पीड़न की शिकार कई महिलाएं डर के कारण पुलिस में शिकायत करने से कतराती हैं.


**विदाई भाषण में भावुक हुए बाइडन** राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार को लोकतंत्र की रक्षा के लिए सबसे उपयुक्त व्यक्ति बताया

# बाइडन ने कमला हैरिस को सौंपी डेमोक्रेटिक पार्टी की कमान

**एजेंसी। शिकागो**

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने सोमवार रात डेमोक्रेटिक पार्टी की कमान आधिकारिक तौर पर उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को सौंप दी. उन्होंने कमला को लोकतंत्र की रक्षा के लिए सबसे उपयुक्त व्यक्ति करार देते हुए कहा कि वह एक 'ऐतिहासिक राष्ट्रपति' साबित होंगी.

इससे पहले बाइडन (81) जब शिकागो में आयोजित चार दिवसीय डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन में पहुंचे, तो वहां मौजूद हजारों नेताओं और कार्यकर्ताओं की भीड़ की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच उनकी बेटी ऐश्ले ने उनका स्वागत किया. इस दौरान, बाइडन ऐश्ले को गले लगाते और खुद के आंसू पोंछते नजर आए. सम्मेलन के दौरान कमला (59) बृहस्पतिवार को आधिकारिक तौर पर डेमोक्रेटिक पार्टी की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी स्वीकार करेंगी. पांच नवंबर को प्रस्तावित राष्ट्रपति चुनाव में उनका मुकाबला रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप (78) से होगा. बाइडन ने उत्साह से भरपूर नेताओं और कार्यकर्ताओं से सवाल किया, "क्या आप कमला हैरिस को अमेरिकी की राष्ट्रपति चुनने के लिए तैयार हैं." उन्होंने देशवासियों से कमला के पक्ष में मतदान करने की अपील भी की. बाइडन ने कहा, "मुझे अपने काम से प्यार है. मुझे अपने देश से और भी ज्यादा प्यार है. हमें अपने लोकतंत्र को बचाए रखने की जरूरत है. हमें डोनाल्ड ट्रंप को हराने और कमला (हैरिस) व टिम (वाल्ज) को क्रमशः अमेरिका का राष्ट्रपति तथा उपराष्ट्रपति चुनने के लिए आपकी जरूरत है."



बाइडन ने कहा कि ट्रंप को 2024 में महिलाओं की ताकत का अंदाजा लगेगा. उन्होंने कहा कि कमला जल्द अमेरिका की 47वीं राष्ट्रपति के रूप में सेवाएं देंगी. बाइडन ने कहा, "अमेरिका का भविष्य देशवासियों के हाथों में हैं. हमने 2020 में लोकतंत्र की रक्षा की और हमें 2024 में फिर ऐसा करना है."

### हम देश के भविष्य के लिए एकजुट हैं : हैरिस

वहीं डेमोक्रेटिक पार्टी के राष्ट्रीय सम्मेलन में अचानक पहुंचीं हैरिस (59) ने देश भर से एकत्र हुए पार्टी के हजारों सदस्यों के उत्साह और जोश के बीच कहा कि आज रात सभी को देखकर मुझे हमारे महान राष्ट्र की खूबसूरती का भली भांति अंदाजा हो गया है. हर कोने और हर क्षेत्र से आए लोग हमारे देश के भविष्य के लिए हमारे साझा दृष्टिकोण को लेकर यहां एकजुट हैं. इस नवंबर में हम एक साथ आएंगे और एक स्वर में घोषणा करेंगे कि हम एक राष्ट्र के रूप में आशावाद, उम्मीद और विश्वास के साथ आगे बढ़ रहे हैं.


### ईरान पर प्रचार अभियान में हस्तक्षेप करने का आरोप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के खुफिया अधिकारियों ने सोमवार को कहा कि उन्हें विश्वास है कि डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति चुनाव के लिए प्रचार अभियान में हस्तक्षेप करने के लिए ईरान जिम्मेदार है. इसे अमेरिकी चुनाव के नतीजों को संभावित रूप से बदलने और देश की राजनीति में दखल देने के ईरान के प्रयास के तौर पर देखा जा रहा है. एफबीआई और अन्य संघीय एजेंसियों के आकलन में पहली बार अमेरिकी सरकार ने हैकिंग के लिए ईरान को जिम्मेदार ठहराया है जिससे चुनाव में विदेशी हस्तक्षेप के खतरे को लेकर चिंता बढ़ गयी है.

## हेमा समिति की रिपोर्ट पर थरूर का केरल सरकार पर निशाना

**एजेंसी। तिरुवनंतपुरम**

कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) के सदस्य शशि थरूर ने मंगलवार को न्यायमूर्ति हेमा समिति की रिपोर्ट पर कार्रवाई नहीं करने के लिए केरल सरकार की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि उसे शर्म आनी चाहिए.



तिरुवनंतपुरम के सांसद ने यहां जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर एक समारोह से इतर संवाददाताओं से कहा कि यह बेहद शर्मनाक और चौंकाने वाला है कि सरकार इस रिपोर्ट को लगभग पांच साल तक दबाए बैठी रही और अब दबाव में इसे जारी कर रही है. मैंने सांस्कृतिक मामलों के मंत्री का एक बयान देखा, जिसमें कहा गया था कि ये महिलाएं सरकार के पास आ सकती थीं और शिकायत कर सकती थीं और उन्होंने केवल आयोग को शिकायत दी है, लेकिन आयोग तो सरकार द्वारा नियुक्त किया जाता है. फिर यह कैसा बहाना है? यह बिल्कुल अपरिहार्य है कि रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाये. थरूर ने कहा, 'सच कहूं तो राज्य सरकार को खुद पर शर्म आनी चाहिए.' उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए असुरक्षित कामकाजी माहौल बनाने और उन्हें डराने-धमकाने, ब्लैकमेल करने तथा इससे भी बदतर कृत्यों के चलते केरल फिल्म उद्योग की छवि इस तरह से धूमिल होते देखना अक्षम्य है.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)